*
ओड़िशा संस्करण

05 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 17

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**स्पेस में बेलगाम हुआ चीनी रॉकेट :** वैज्ञानिकों ने किया अलर्ट, भारत और अमेरिका में क्रैश होने का खतरा, स्पेन ने एयरपोर्ट बंद किये



आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

15 दिन

कुल आवेदन प्राप्त 30,74,122*

कुल निष्पादन 19,44,348*

कुल प्रक्रियाधीन 11,29,774*

*डाटा जानकारी 4/11/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

P.R. 281501 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



# आयकर और इडी का 94 ठिकानों पर छापा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में काला धन, भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के खिलाफ कड़ा तेवर बरकरार रखते हुए आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापामारी की। आयकर विभाग ने जहां कांग्रेस के दो विधायकों, कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के अलावा चर्चित लौह अयस्क कारोबारी कंपनी शाह ब्रदर्स के मालिक सह उद्योगपति राजकुमार शाह के विभिन्न ठिकानों सहित कुल 70 ठिकानों पर छापामारी की, वहीं इडी की टीम ने बरियातू में सेना की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के सिलसिले में व्यवसायी अमित अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल के अलावा दो सरकारी अधिकारियों सहित दो दर्जन ठिकानों पर के यहां छापा मारा। इडी के हाथ बहुत कुछ लगा है।

## आयकर की टीम ने अनूप सिंह और प्रदीप यादव के ठिकानों को खंगाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में दो कांग्रेस विधायकों के ठिकानों पर आयकर विभाग ने शुक्रवार को एक साथ कार्रवाई की। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव के घर और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापा मारा गया। जानकारी के अनुसार रांची, बोकारो और गोड्डा में कुल नौ जगहों पर छापे पड़े। यह कार्रवाई कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ा है। प्रदीप यादव पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक हैं, वहीं कुमार जयमंगल सिंह बेरमो से विधायक हैं। इन दोनों के बेरमो और पोड़ैयाहाट के अलावा रांची स्थित आवासों पर भी आयकर की टीम पहुंची। इनके यहां से क्या बरामद हुआ, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। जिस वक्त आयकर विभाग की टीम बेरमो पहुंची, उस समय घर पर सिर्फ अनूप सिंह की मां मौजूद थीं। विधायक प्रदीप यादव अपने आवास पर ही थे।





**कोयला व्यवसायी के यहां भी छापा :** कोयला व्यवसायी अजय कुमार सिंह और लक्खी सरदार के बेरमो स्थित घर पर भी आयकर की टीम ने दबिश दी। हैं। शिवशंकर यादव के यहां भी छापे पड़े। आयकर विभाग ने रांची, पटना, चाइबासा, जमशेदपुर, कोलकाता सहित कुल 70 ठिकानों पर छापा मारा है।

**राज्य में चढ़ा राजनीतिक पारा :** विधायकों के खिलाफ छापामारी के बाद राज्य का सियासी तापमान चढ़ गया है। कांग्रेस ने कहा कि यह भाजपा राज्य की सरकार को अस्थिर करने की साजिश है।

## उद्योगपति राजकुमार शाह के यहां भी दबिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आयकर विभाग ने शाह स्पंज आयरन के मालिक राजकुमार शाह के पांच ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह छापामारी की। आयकर अधिकारियों की टीम ने सुबह आठ बजे ही राजकुमार शाह के झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल स्थित ठिकानों पर छापामारी की। आइटी की टीम ने चाइबासा स्थित यूरोपियन क्वार्टर, जिसमें राजकुमार शाह रहते हैं, में छापामारी की। साथ ही सदर बाजार स्थित उनके कार्यालय में भी कार्रवाई जारी है। राजकुमार शाह के बिष्टुपुर स्थित सर्किट हाउस आवास और आदित्यपुर स्थित राजकुमार शाह के स्कोडा वाहन शो रूम में भी छापामारी चल रही है। इसके अलावा आयकर अधिकारियों की टीम ने पोटका स्थित शाह स्पंज के प्लांट में भी छापामारी की है। आवास और कार्यालय में किसी को दाखिल होने की अनुमति नहीं है। जमशेदपुर, रांची, धनबाद, पोटका, कोलकाता और पटना में स्थित उनके ठिकानों पर भी आइटी की छापामारी जारी है। आयकर विभाग ने नामकुम में रह रहे पूर्व खनन पदाधिकारी आनंद मोहन ठाकुर के घर में भी छापेमारी की है।

**50 से अधिक अधिकारी कर रहे हैं रेड :** जमशेदपुर से प्राप्त खबरों के मुताबिक सोनारी, आदित्यपुर, पोटका में भी छापामारी की गयी है। आइटी के अधिकारियों ने कार्यालय और गेट को अंदर से बंद कर दिया। किसी को बाहर जाने और बाहर से किसी को भी अंदर आने की इजाजत नहीं दी जा रही है। इन ठिकानों पर 50 से अधिक अधिकारी रेड कर रहे हैं।

## व्यवसायी अमित और विष्णु अग्रवाल के यहां इडी का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इधर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने शुक्रवार को व्यवसायी अमित अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर छापामारी की। यह कार्रवाई रांची के बरियातू में सेना की 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री के सिलसिले में की गयी। यह छापामारी रांची और कोलकाता में करीब दो दर्जन ठिकानों पर हुई। इनमें जमीन की खरीद फरोख्त में शामिल दिलीप घोष और प्रदीप बागची के ठिकाने भी शामिल हैं। अमित मनी लांड्रिंग के आरोपों में जेल में बंद हैं।

**दो सरकारी अधिकारियों के यहां भी छापा :** इडी ने बरियातू में जमीन की रजिस्ट्री करने वाले दो अफसरों के यहां भी छापा मारा। रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी और सब रजिस्ट्रार घासी राम पिंगुआ के यहां देर शाम तक छापामारी जारी थी।

**काले धन को सफेद बनाने का शक :** अमित अग्रवाल पर इडी को शक है कि उसने बड़े नेताओं-नौकरशाहों के काले धन को सफेद बनाने के लिए जमीन की खरीद-बिक्री में भी निवेश किया है। इडी रांची में जमीन की खरीद-बिक्री के कई बड़े मामलों का मनी लांड्रिंग के नजरिये से अनुसंधान कर रही है। सेना के कब्जे वाली जमीन का मामला भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। रांची में भारी पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में भी अमित अग्रवाल की भूमिका की जांच चल रही है। अमित अग्रवाल फिलहाल मनी लांड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में है। इडी को शक है कि संथाल परगना में 1000 करोड़ के अवैध खनन में मिले काले धन को अमित अग्रवाल ने जमीन की खरीद-बिक्री में खपाया है।

### मुख्यमंत्री पहुंचे पलामू, कार्यक्रम में भाजपा पर किया प्रहार

## हमारे विधायकों के घर आइटी नहीं भाजपा ने छापेमारी की: हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राजनीतिक रूप से जब भाजपा हमसे लड़ नहीं पा रही, तो वह संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। इडी, सीबीआइ और आयकर का सहारा ले रही। मुझे भी इडी ने बुलाया है। कल नोटिस देते हैं और आज कहते हैं आ जाओ। क्या हम लोग संवैधानिक पद पर नहीं बैठे हुए हैं। जब जिसका मन किया बुलाया और हम पहुंच गये। आज भी हमारे दो विधायकों के यहां आयकर की छापेमारी चल रही है। यह छापेमारी आयकर की नहीं, भाजपा के पदाधिकारियों की है। क्योंकि आइटी अधिकारी भाजपा की गाड़ियों से छापेमारी करने हमारे विधायकों के यहां पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पलामू में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने अपनी सरकार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

**आदिवासियों की बेइज्जती कर रही भाजपा:** हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा इडी के जरिए नोटिस देकर आदिवासियों को बेइज्जत कर रही है। इनको पता नहीं है कि एक आदिवासी का बेटा गरीबों के लिए काम कर रहा है। इनको पता है कि गरीब पिछड़ा जब मजबूत होगा, तो इनकी दाल नहीं गलेगी। उनकी सोच इतने नीचे स्तर तक जा चुकी है कि इसका अंदाजा नहीं लगा सकेंगे। भाजपा ने 20 सालों तक राज्य की जनता को ठगा है। ऐसे सामंती सोच वालों को पहचान कर रखिए, जो आपके अधिकारों को लूट कर अपना घर भरते हैं। भाजपा को शर्म आनी चाहिए। डूब कर मर जाना



चाहिए। जिनकी गाड़ी से आयकर के अधिकारी पहुंच रहे, ऐसे लोग हमें नैतिकता की बात सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी अल्पसंख्यक दलित एकता का जो परिचय है उसे विपक्ष जाति और धर्म के नाम पर तोड़ना चाहता है। एक दूसरे को लड़ाना चाहता है। बड़े ही विचित्र हैं ये लोग।

**सरकार विकास के कार्य में लगी है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के विकास में लगी है। हम नौजवानों को नौकरी और रोजगार देने में लगे हैं। जेपीएससी से नियुक्तियां शुरू हो गयी हैं। अब आगे चलकर बड़े पैमाने पर पुलिस की बहाली, शिक्षकों की नियुक्ति समेत कई रिक्तियों को भरने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। हम घर-घर योजनाओं का लाभ लाभुकों को दे रहे हैं। सरकार लोगों को घर-घर योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, यह विपक्ष को पच नहीं रहा है। इन लोगों ने समाज को अस्त-व्यस्त कर के रख दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप किसी भी शिविर में जाकर योजना का लाभ लेने के लिए अपना आवेदन दे सकते हैं। किसी भी शिविर में आपका आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अपने जनप्रतिनिधियों को पकड़कर बोलिए कि हमें इन योजनाओं का लाभ दीजिए।

### भाजपा विधायक दल नेता ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

## हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने तक चैन से नहीं बैठेंगे : बाबूलाल

**हेमंत सरकार पर लूट-खसोट का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी होने के कारण राज्य को लूटने की छूट हेमंत सरकार को नहीं दी जा सकती है। जब तक इस लुटेरी सरकार को उखाड़ कर नही फेकेंगे, तब तक चैन से नही बैठेंगे। ये बातें शुक्रवार को भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहीं।

**विपक्षी दल के धर्म को हमेशा भाजपा निभाती रही है :** श्री मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मैंने डेढ़ साल पहले ही इस सरकार को साहेबगंज में खनिज संपदाओं के अवैध खनन और लूट के संबंध में विपक्षी दल होने का धर्म निभाते हुए पत्र लिख कर, ट्विटर, फेसबुक और प्रेस के माध्यम से आगाह करते रहने की कोशिश की थी, लेकिन इस सरकार ने मेरी बातों को गंभीरता नहीं लिया और लूट की घटना को होने दिया। सरकार के संरक्षण में रात्रि के समय जल मार्ग से माल ढुलाई के नियम को भी धत्ता बताते हुए ढुलाई होने दिया गया। उसी का नतीजा है आज साहिबगंज की खनिज संपदाओं की लूट की कहानी। केवल एक जिला में एक हजार करोड़ रुपये का घोटाला।

**सत्ताधारी और विपक्ष लोकतंत्र के दो पहिये हैं :** उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दो पहिये की तरह होते हैं। सत्ता में जो दल रहता है, वह सरकार चलाता है। अगर सरकार रास्ते से भटक जाये तो विपक्ष उसे रास्ते पर लाने की कोशिश करता है। लोकतंत्र की यही खूबसूरती है। लेकिन राज्य





की हेमंत सरकार लोकतंत्र की मर्यादा से बाहर जा रही है और जो विपक्ष सरकार के काले कारनामे की पोल खोल रहा है, उसे डराने-धमकाने की कोशिश करती है। इस सरकार में अमूमन देखा जाता है कि राज्य की पुलिस का प्रयोग एक टूल की तरह किया जाता है, जबकि पुलिस का काम है अपराधियों को पकड़ना। हद तो तब हो जाती है, जब पुलिस शिकायत करनेवालों को ही गिरफ्तार करके झूठे मुकदमों में फंसा देती है।

**हेमंत की धमकी से भाजपा कार्यकर्ता डरनेवाले नहीं :** श्री मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकी देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लगातार हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाते रहते हैं, उससे परेशान होकर हेमंत सरकार उल जुलूल बयानबाजी कर रही है। अब उन्हें डराया जा रहा है, धमकाया जा रहा है। हेमंत सोरेन अपने कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं कि धरना प्रदर्शन करनेवालों की शिनाख्त करें, सबको देखा जायेगा। ऐसी धमकियों से भाजपा के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। हम सब उसका मुकाबला डट कर करेंगे।


(शेष पेज 4 पर)

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS



HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,100 रु./10 ग्राम
चांदी 61,000 रु./प्रति किलो

## सियासत : सचिन पायलट की उड़ान की तैयारी ने बढ़ायी मल्लिकार्जुन खड़गे की टेंशन

# राजस्थान में कांग्रेस के सामने फिर पैदा हुआ बड़ा संकट

**आजाद सिपाही विशेष**


हाल ही में चुनाव के जरिये कांग्रेस की कमान संभालने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे की टेंशन बढ़ गयी है, क्योंकि राजस्थान में पार्टी के भीतर की रार अभी खत्म नहीं हुई है। पार्टी नेता सचिन पायलट एक बार फिर उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहे हैं। इसलिए कांग्रेस के नये अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कई चुनौतियों में से एक राजस्थान में अपने पहले चैलेंज का सामना करना पड़ेगा। सचिन पायलट ने मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर उनकी टेंशन बढ़ा दी है, क्योंकि सचिन पायलट चाहते हैं कि पार्टी के भीतर उनकी भूमिका स्पष्ट की जाये। संभावनाएं जतायी जा रही थीं कि राजस्थान में खड़े हुए राजनीतिक संकट पर कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के बाद फैसला लिया जायेगा, लेकिन अब पार्टी नेता हिमाचल प्रदेश और गुजरात चुनाव में व्यस्त नजर आ रहे हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच नया तनाव खड़ा होता दिख रहा है। अब पायलट ने गहलोत पर निशाना साधा है, जिससे सियासी चर्चाएं तेज हो गयी हैं। कहा जा रहा है कि खड़गे की तरफ से जवाब नहीं मिलने के चलते अब पायलट खेमा भी अंतिम प्रयासों में जुटता नजर आ रहा है। पायलट ने साफ तौर पर कह दिया है कि राजस्थान से अनिर्णय का माहौल खत्म करने का समय आ गया है। पार्टी नेतृत्व को इस बारे में जल्दी फैसला करना ही होगा। इस दौरान पायलट ने 25 सितंबर को आयोजित विधायक दल की बैठक का कथित तौर पर बहिष्कार करने वाले विधायकों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। इस तरह कांग्रेस के नये अध्यक्ष के सामने बड़ा चैलेंज आ गया है। उनकी ओर से हालांकि अब तक कोई टिप्पणी नहीं की गयी है, लेकिन समझा जाता है कि वह सचिन पायलट को संगठन में जिम्मेदारी देकर बीच का रास्ता निकाल सकते हैं। कांग्रेस पार्टी के भीतर पैदा हुए इस नये संकट के बाद खड़गे के सामने उत्पन्न चुनौती को रेखांकित कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का नेतृत्व हाल ही में संभालने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने एक साथ कई चुनौतियां आ गयी हैं। कार्यभार संभालने के बाद संगठन में 50 प्रतिशत पद युवाओं को देने की घोषणा करनेवाले खड़गे के सामने राजस्थान में सचिन पायलट के तेवर ने तो ऐसी परेशानी पैदा कर दी है, जिससे पार पाना बिल्कुल आसान नहीं है। इसके अलावा खड़गे के सामने हिमाचल प्रदेश और गुजरात में होनेवाले विधानसभा चुनाव की भी चुनौती है। राजस्थान संकट के बारे में खास बात है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमे के विधायकों के इस्तीफे अभी भी स्पीकर सीपी जोशी के पास हैं और जोशी को सीएम का करीबी माना जाता है। अब गहलोत भी सही सियासी दांव खेलने के लिए मशहूर हैं। ऐसे में पार्टी अध्यक्ष को ऐसा हल निकालना होगा, जिससे प्रदेश इकाई प्रभावित न हो।

खड़गे इसलिए धर्मसंकट में फंस गये हैं, क्योंकि कहा जा रहा है कि पायलट खेमे के लिए गहलोत को सीएम बनाये रखना और पायलट को अगले साल मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करना वरिष्ठ नेताओं के प्रति युवाओं का गुस्सा और युवा नेता के प्रति सहानुभूति को दूर कर सकता है। इधर पायलट कैंप का यह भी मानना है कि अगर कांग्रेस को 30 सालों का चक्र तोड़कर दोबारा सरकार में वापसी करनी है, तो बदलाव की जरूरत है और वह बदलाव पायलट को सीएम बनाना ही हो सकता है।

राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर राजस्थान गतिरोध का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। इतना ही नहीं, सचिन पायलट ने पार्टी में अपनी भविष्य की भूमिका के बारे में भी



स्पष्टता मांगी है। ऐसे में अब खड़गे के सामने चुनौती है कि वह किस तरह से राजस्थान के मसले को सुलझायेंगे, जिससे गहलोत खेमा और पायलट खेमा दोनों संतुष्ट रहे।

पायलट ने कहा कि कांग्रेस एक पुरानी पार्टी और समान नियम और अनुशासन सभी पर लागू होते हैं। पार्टी की तरफ से राजस्थान में नियुक्त किये गये पर्यवेक्षकों ने पहले ही अपनी बात कह दी है और तीन विधायकों को नोटिस भी मिल गये हैं। लेकिन अब समय आ गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस मामले में जल्द से जल्द फैसला लें। मुझे उम्मीद है कि वह ऐसा करेंगे।

यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि जब गहलोत और पायलट गुट के बीच बीते दिनों मामला गरमा गया था, तो राजस्थान यूनिट की कलह को सुलझाने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे राजस्थान में केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में अजय माकन के साथ गये थे और उस वक्त की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान के सियासी हालात पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उस रिपोर्ट के सामने आने के बाद ऐसी खबर आयी कि सोनिया गांधी अशोक गहलोत से नाराज हैं। यही वजह है कि अशोक गहलोत ने पत्र लिखकर माफी मांगी थी।

### महीनों से जारी है गहलोत बनाम पायलट विवाद

बता दें कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट पिछले कई महीनों से पावर पॉलिटिक्स में उलझे हुए हैं, जिससे कांग्रेस के नेतृत्व के लिए सिरदर्द पैदा हो गया है। अब मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने सबसे बड़ी और पहली चुनौती यही है कि राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट विवाद को किसी तरह सुलझाया जाये, क्योंकि अगले साल के अंत में राज्य में विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं।

### गुजरात और हिमाचल भी है चुनौती

खड़गे ने ऐसे समय में कार्यभार संभाला है, जब पार्टी प्रासंगिकता बनाये रखने के लिए संघर्ष कर रही है। कांग्रेस अभी अपने दम पर सिर्फ दो राज्यों में सत्ता में है और तत्काल उसे हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरना है। दोनों राज्यों में उसे आक्रामक भाजपा और आम आदमी पार्टी से मुकाबला करना है। हालांकि खड़गे जानते हैं कि उनके पास एक कठिन काम है। उन्हें राजस्थान में संकट का पहला अनुभव तब हुआ था, जब पार्टी ने उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव से पहले केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में भेजा था। इस दौरान उन्हें और वरिष्ठ नेता अजय माकन को गहलोत खेमे के अधिकांश पार्टी विधायकों ने ठुकरा दिया था। उन्होंने विधायक दल की बैठक में भाग लेने से इनकार कर दिया था। वहीं सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाये जाने के मुद्दे पर विधायकों ने इस्तीफे देकर प्रदेश में सियासी संकट लाने तक के संकेत दे दिये थे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि खड़गे राजस्थान में सत्ता को लेकर चल रहे इस संघर्ष को कैसे संभालते हैं, क्योंकि यही राज्य में कांग्रेस का भविष्य तय कर सकता है। दूसरी तरफ दूसरे राज्यों में पार्टी के युवा कार्यकर्ता इस उम्मीद में हैं कि खड़गे अपनी घोषणा के मुताबिक संगठन में 50 फीसदी पद उन्हें देंगे। ऐसे में खड़गे के सामने यह चुनौती भी कम बड़ी नहीं होने वाली है।

---

## संदर्भ-बरियातू में सेना की जमीन की हेराफेरी

# आयुक्त की जांच में फर्जी दस्तावेज पर खरीद-बिक्री का हुआ था खुलासा

- अधिकारियों की मिलीभगत से गलत तरीके से खरीद-बिक्री की गयी
- सिविल कोर्ट ने एफआइआर करने का दिया था निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जहां तक बात सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री का है, तो इसमें फर्जीवाड़ा का खुलासा आयुक्त की जांच रिपोर्ट में पहले ही हो चुका है।

रिपोर्ट में यह बात सामने आ चुकी है कि प्रदीप बागची नामक व्यक्ति ने फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को उक्त जमीन बेच डाली थी।

जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री में प्रदीप बागची ने जिन होल्डिंग नंबर से संबंधित दो अलग-अलग कागजातों को लगाया था, वह जांच में फर्जी मिले थे, जिसके बाद रांची नगर निगम की ओर से भी बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

### प्रदीप बागची पर जालसाजी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

रांची नगर निगम के कर संग्रहकर्ता दिलीप शर्मा ने नगर आयुक्त के आदेश पर प्रदीप बागची के विरुद्ध जालसाजी के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि प्रदीप बागची ने फर्जी आधार कार्ड, फर्जी बिजली बिल, फर्जी पोजेशन लेटर दिखा कर दो-दो होल्डिंग ले लिया था। आयुक्त की जांच में सेना के कब्जे वाले जमीन का असली रैयत जयंत करनाड मिला था।

### रांची में जमीन की खरीद-बिक्री में अमित अग्रवाल की भूमिका भी तलाश रही इडी

रांची में भारी पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में भी अमित अग्रवाल की भूमिका इडी तलाश रही है। अमित अग्रवाल फिलहाल अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार करवाने के मामले में दर्ज मनी लांड्रिंग मामले में जेल में हैं।

इडी को शक है कि संताल के क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन में मिले काले धन को अमित अग्रवाल ने जमीन की खरीद-बिक्री में खपाया है। इस मामले में भी इडी का अनुसंधान तेज है।

### कोर्ट ने एफआइआर करने का दिया था आदेश

रांची सिविल कोर्ट ने बरियातू थाना को रांची के रजिस्ट्रार वैभवमणि त्रिपाठी, सब रजिस्ट्रार घासी राम पिंगुआ, तत्कालीन नगर आयुक्त नगर आयुक्त मुकेश कुमार, बड़गाईं के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, खरीदार जगत बंधु टी-इस्टेट के निदेशक दिलीप कुमार घोष, जयप्रकाश नारायण सिन्हा, मेसर्स गोयल बिल्डर्स अपर बाजार के निदेशक, मोहम्मद जैकुल्लाह और मानवेंद्र प्रसाद पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।

आरोपितों पर जान बूझ कर फर्जीवाड़ा कर दूसरे की जमीन की खरीद-बिक्री का आरोप है। दिलीप कुमार घोष ने सात करोड़ रुपये में प्रदीप बागची नामक कथित रैयत से सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन खरीदी थी।

### जून में रांची नगर निगम ने भी दर्ज करायी थी प्राथमिकी

दो माह पूर्व जून महीने में रांची नगर निगम के कर संग्रहकर्ता दिलीप शर्मा ने नगर आयुक्त के आदेश पर प्रदीप बागची के खिलाफ जालसाजी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### कमिश्नर की रिपोर्ट में जमीन का असली मालिक जयंत करनाड

सेना के कब्जे वाली जमीन पर विवाद होने के बाद पूरे मामले की जांच दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त उप निदेशक कल्याण से करायी गयी थी। उन्होंने पिछले साल 20 दिसंबर 2021 को जांच रिपोर्ट आयुक्त को सौंपी थी। जांच रिपोर्ट के अनुसार उस जमीन से संबंधित खतियान प्रमोद नाथ दास गुप्ता वल्द बाबू प्रताप नाथ दास गुप्ता के नाम पर है। वर्तमान में उक्त भूमि पर सेना का दखल-कब्जा है। खतियानी रैयत प्रमोद नाथ दास गुप्ता की एकमात्र पुत्री सरस्वती दास गुप्ता थीं, जिनके पति मुंजेश्वर लक्ष्मण राव थे। उनके एक पुत्र बी. मुंजेश्वर मुकुंद राव और पुत्री मालती करनाड हुईं। पुत्र बी. मुंजेश्वर मुकुंद राव को कोई संतान नहीं थी, जबकि मालती करनाड को एक बेटा जयंत करनाड हुए। मालती करनाड की मृत्यु के बाद वही उस भूखंड 4.55 एकड़ के एक मात्र उत्तराधिकारी हुए।

अदालत में भी इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि सेना के कब्जे वाली जमीन के असली मालिक जयंत करनाड हैं। आयुक्त की रिपोर्ट में इसका जिक्र है कि वर्ष 1967 से 2017 तक विभिन्न न्यायालयों ने खतियानी रैयत के वंशजों को उक्त भूमि का मालिक स्वीकार किया है।

### फर्जीवाड़े की पुष्टि

आयुक्त की रिपोर्ट के अनुसार सेना के कब्जे वाली जयंत करनाड की जमीन पर प्रदीप बागची नामक व्यक्ति ने दावा ठोका और गलत तरीके से दिलीप कुमार घोष को गलत दस्तावेज पर रजिस्ट्री कर दी। इस फर्जीवाड़े में सरकारी अधिकारियों की भी मिलीभगत है। आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट में पंजी-टू के रैयत जयंत करनाड ने वर्ष 2019 में 13 रैयतों को निबंधित दस्तावेज से बिक्री की थी, जिनके दाखिल खारिज को बड़गाईं अंचल ने यह कहते हुए अस्वीकृत किया कि उक्त जमीन पर उनका कब्जा नहीं, सेना का कब्जा है। दूसरे कथित रैयत प्रदीप बागची ने वर्ष 2021 में आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पोजेशन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, बिजली बिल देकर रांची नगर निगम से होल्डिंग करवा लिया। नगर निगम ने भी बिना भौतिक सत्यापन के होल्डिंग कायम किया। आयुक्त कार्यालय ने अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाया था और अपने निष्कर्ष में प्रदीप बागची के निबंधित दस्तावेज पर सवाल उठाते हुए कपटपूर्ण निबंधित कराने के आरोपों को सही पाया था।

---

# पत्नी के मॉर्निंग वॉक जाते ही बोकारो पंचायती राज पदाधिकारी ने किया सुसाइड, कमरे में मिली लाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के जिला पंचायती राज पदाधिकारी राजशेखर ने घर के कमरे में पंखे से झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना उस समय घटी जब उनकी पत्नी मॉर्निंग वॉक करने गयी हुईं थीं। जब वो लौटीं तो अपने पति को पंखे से झूलता पाया। उसके बाद आनन-फानन में उनको फंदे से उतारा गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही जिले के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।



बीएससीटी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक उनका इलाज चल रहा था और वह पटना के किसी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे। पटना से लौटने के बाद वो काफी एकांत में रह रहे थे। हालांकि घटना के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों में शोक की लहर है। बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने घटना को दुखद बताया है। मृतक पंचायती राज पदाधिकारी बोकारो के सेक्टर 1 स्थित 483 नंबर के आवास में रहते थे।

शुक्रवार की सुबह उनकी पत्नी मॉर्निंग वॉक के लिए गयी थी। जब सुबह 7:15 पर वह घर लौटीं तो देखा कि उनके 59 साल के पति बेडशीट के सहारे पंखे से झूल रहे थे। नीचे एक टूल गिरा हुआ पाया गया। जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा है टूल पर चढ़कर उन्होंने फांसी लगा ली। आनन-फानन में उन्होंने लोगों के सहयोग से शव को उतारा लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है शव को अपने कब्जे में ले लिया है। शव का पोस्टमार्टम भी गठित बोर्ड के द्वारा कराये जाने की बात कही जा रही है।

---

# सीएम हेमंत सोरेन समन मामला: समय विस्तार पर इडी हेडक्वार्टर लेगा फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मामले में इडी की टीम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए समन जारी किया था। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपनी व्यस्तता का हवाला देकर पूछताछ के लिए इडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इस संबंध में सीएमओ की ओर से इडी को जवाब दिया गया कि मुख्यमंत्री फिलहाल अपनी व्यस्तता और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के कारण पूछताछ के लिए इडी के समक्ष हाजिर नहीं हो सकते हैं। लेटर के माध्यम से मुख्यमंत्री ने पूछताछ के लिए तीन हफ्ते का समय दिये जाने की मांग की है। समय विस्तार पर इडी हेड क्वार्टर अब फैसला लेगी क्योंकि सीएमओ द्वारा जारी लेटर को इडी के रीजनल ऑफिस ने हेडक्वार्टर दिल्ली भेज दिया है। इडी का हेडक्वार्टर ही यह तय करेगा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समय विस्तार दिया जाये या नहीं। हेमंत सोरेन ने लेटर के माध्यम से तीन हफ्ते की अतिरिक्त समय मांगा है।




### इडी ने अब तक छह लोगों को किया है गिरफ्तार

इडी की टीम ने अवैध खनन मामले में अब तक कुल 6 लोग गिरफ्तार किया है। इडी ने मनरेगा घोटाले, 1000 करोड़ के अवैध खनन और अधिवक्ता राजीव कुमार के मनी लॉड्रिंग मामले की जांच कर रही है। इडी ने सबसे पहले निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार, मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, पंकज मिश्रा का सहयोगी बच्चू यादव, नेताओं व नौकरशाहों का करीबी प्रेम प्रकाश, कोलकाता का कारोबारी व झारखंड के बड़े नेताओं व नौकरशाहों का करीबी अमित अग्रवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### इडी जब्त कर चुकी है 36.58 करोड़

इडी ने अवैध खनन से संबंधित 36.58 करोड़ रुपये भी जब्त किया है। इनमें 19.76 करोड़ रुपये बीते छह मई को, 5.34 करोड़ रुपये आठ जुलाई को जब्त किया गया है। जबकि आरोपितों के बैंक खातों में पड़े 11.88 करोड़ रुपये की भी जब्ती की गयी है। इसके अलावा इडी ने चार महंगी गाड़ियां भी जब्त की हैं, जिसमें जगुआर एफ पेस व टोयटा फार्च्यूनर कार शामिल है।

### इडी मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार समेत दो दर्जन से अधिक लोगों से कर चुकी है पूछताछ

इडी की टीम पिछले 6 मई से छापेमारी कर रही है। इडी अब तक सीएम के प्रेस सलाहकार, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार जैन, कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश समेत दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.5 °c | 16.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.56 बजे |



### मुख्यमंत्री ने 23,483.5 लाख रुपये की 57 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# योजनाओं से जुड़कर स्वावलंबी बनें : हेमंत

सदर अस्पताल में 100 बेड की क्षमता वाले नये भवन की रखी आधारशिला

1436 सखी मंडल को 1619 लाख रुपये का सौंपा चेक

जयकांत शुक्ला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पदाधिकारी मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर और पैदल चलकर भी सुदूरवर्ती प्रखंडों में पहुंच रहे हैं। वहां शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से आपको आच्छादित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप अपने जनप्रतिनिधियों के घर जाइए और उन्हें बोलिए कि जहां शिविर लगा हो, वहां जाकर आपको योजना से जोड़ने का काम करें। सीएम मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जहां पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जनकल्याकारी योजनाओं से अवगत कराने के साथ उन्हें लाभान्वित भी कराया गया।

**आगे भी चलेगा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत पदाधिकारी सीधे आपके घर तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम ने लोगों के चेहरे पर खुशी लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम केवल एक महीने ही नहीं, बल्कि इसके बाद भी चलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवंबर से कुछ मॉडल स्कूलों को चालू कर दिया जायेगा, जिससे प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा वहां के बच्चों को निशुल्क मिलेगी।

**प्रखंड-अंचल कार्यालय जाने का चक्कर हुआ समाप्त: सत्यानंद भोक्ता**

श्रम रोजगार प्रशिक्षण विभाग एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम से आमजनों को आसानी से लाभ मिल रहा है। आमजनों को प्रखंड-अंचल या जिलों का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। पंचायतों में ही समस्या का निदान हो रहा है।

**जनकल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा सीधा लाभ: आलमगीर आलम**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सह संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को घर तक सीधे रूप से मिल रहा है। किसी को कोई परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जा रहा है।

इसके पूर्व पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

**बुकलेट का हुआ लोकार्पण**

इस मौके पर मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने पलामू जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रयास से 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के अद्यतन प्रगति से संबंधित प्रकाशित एक बुकलेट का लोकार्पण किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस कार्यक्रम में मंत्री संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम, मंत्री श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सत्यानंद भोक्ता, मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर, महापौर मेदिनीनगर अरुणा शंकर, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त पलामू जटा शंकर चौधरी, पुलिस महानिरीक्षक पलामू राजकुमार लकड़ा, पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे और पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा समेत कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी एवं आमजन उपस्थित थे।



**इन योजनाओं का हुआ उद्घाटन- शिलान्यास**

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 23,483.5 लाख रुपये की लागत से 57 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इसमें कुल 9,234.428 लाख रुपये की लागत से विभिन्न पथों का निर्माण, सरोवर निर्माण एवं मरम्मत, तेतराई निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र, चेक डैम, शवदाह गृह, चापाकल एवं शेड निर्माण, ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं भवन निर्माण जैसी 33 महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने कुल 14,249.072 लाख रुपये की लागत के 24 योजनाओं की आधारशिला रखी। इसमें रानीताल जलाशय योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहरों की लाइनिंग का कार्य, व्यावसायिक इकाई का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल, पलामू अंतर्गत 100 बेड का भवन निर्माण, पर्यटकीय विकास कार्य, पुल निर्माण, सामुदायिक भवन, वार्ड विकास केंद्र का निर्माण, आवास, जलापूर्ति योजना, विभिन्न सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण, पार्क का सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लॉक एवं नाली निर्माण जैसी कई जनकल्याणकारी योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कुल 25 लाभुकों के बीच कुल 1,688.940 लाख रुपये की राशि का वितरण किया। इसमें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की बच्चियों के बीच छात्रवृत्ति, पेंशन, रोजगार सृजन, सहायता राशि, कृषि यंत्र, भूमि पट्टा, डेयरी के लिए गाय जैसी लोगों को स्वावलंबी बनाने की योजनाएं शामिल हैं।

# संवैधानिक संस्था को धमका रहे हेमंत सोरेन : रघुवर

गलत नहीं किया तो परेशान क्यों, जमशेदपुर में बोले पूर्व सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने हेमंत सोरेन की तुलना लालू प्रसाद यादव से कर दी है। रघुवर दास ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की नोटिस के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री आवास के सामने जो कुछ कहा, वह उनके डर और अहंकार को दर्शाता है। इसी तरह की हुंकार कभी लालू यादव बिहार में भरा करते थे। उनका क्या नतीजा हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है।

**कानून का शिकंजा कसता है, तो संवैधानिक संस्थाओं को धमकाते हैं**

रघुवर दास ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जब कोई गलत काम किया ही नहीं है, तो उन्हें डर किस बात का है। एक तरफ वो संवैधानिक संस्था इडी को सार्वजनिक रूप से धमका रहे हैं, तो दूसरी तरफ उसी संस्था से तीन सप्ताह का समय भी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेताओं पर कानून का शिकंजा कसता है, वो



संवैधानिक संस्थाओं को धमकाने लगते हैं।

**हेमंत सोरेन भूल रहे हैं- देश में लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं**

श्री दास ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह भूल रहे हैं कि देश में लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं। कानून को कानून की तरह काम करने देना चाहिए। बेहतर तो यही होता कि मुख्यमंत्री इडी को धमकाने की बजाय उसके सामने जाकर अपना पक्ष रखते। इसी तरह नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित पूरी कांग्रेस पार्टी ने हो हल्ला मचा रखा था। आखिरकार सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कानून का पालन करना पड़ा। उन्हें पूछताछ का सामना करना ही पड़ा।

**रघुवर दास बोले- निष्पक्ष होकर काम करें झारखंड के अधिकारी**

श्री दास ने कहा कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरह भाजपा परिवार की पार्टी नहीं है कि हेमंत सोरेन भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकायेंगे और वो डर जायेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष की वजह से ही केंद्र सहित देश के कई राज्यों में आज भाजपा की सरकार है। झारखंड में कार्यरत अधिकारियों को निष्पक्ष होकर काम करने की जरूरत है। उन्हें न पक्ष, न विपक्ष, निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए।

**कार्रवाई होती है, तो हेमंत सोरेन को याद आता है आदिवासी समाज**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन को ऐसा ही आक्रोश उस वक्त दिखाना चाहिए, जब आदिवासी बच्चियों से दुष्कर्म की घटनाएं होती हैं। लेकिन, तब वह मौन रहते हैं। उन्होंने जो भ्रष्टाचार किये हैं, उस पर कार्रवाई होती है, तो उन्हें आदिवासी समाज याद आता है। आदिवासी समाज का उत्थान विकास से होगा, न कि हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार से। भ्रष्टाचार से सोरेन परिवार का तो उत्थान हो सकता है, लेकिन आम आदिवासी को इससे कोई लाभ नहीं मिलनेवाला है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता।

**वृष** — कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मिथुन** — कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कर्क** — कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

**सिंह** — जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, उलझनें दूर होंगी।

**कन्या** — राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, परेशानियों में कमी होगी।

**तुला** — धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** — जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी

**धनु** — सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** — व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ।

**कुंभ** — प्रेम प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन** — परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

# इडी के सवालों का सामना करें हेमंत : सरयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह दी है कि वह इडी के समन से भागें नहीं बल्कि उसके सवालों का सामना करें। उनका मानना है कि बेहतर होगा कि हेमंत सोरेन को इडी के सवालों का सामना



करना चाहिए। या तो वह इडी के दफ्तर चले जायें या इडी के अधिकारियों को अपने यहां बुलायें। पशुपालन घोटाला में सीबीआइ के संयुक्त निदेशक ने बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के यहां अपनी टीम के साथ जाकर पूछताछ की थी। पुख्ता सबूत होने पर ही ये बड़ी हस्तियों से पूछताछ करते हैं।

## झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देंगे कवि कुमार विश्वास



**रांची।** झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस 22 नवंबर को मनाया जायेगा। इस बार विधानसभा के स्थापना दिवस पर तीन दिनों का कार्यक्रम होना तय हुआ है। इसमें 22 नवंबर को पूर्व की तरह उत्कृष्ट विधायक और उत्कृष्ट विधानसभा कर्मी को सम्मानित किया जायेगा। स्थापना दिवस पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि इस बार 22 से लेकर 24 नवंबर तक तीन दिनों का कार्यक्रम होगा। पहले दिन उत्कृष्ट विधायक और विधानसभा कर्मी को सम्मानित किया जायेगा। दूसरे दिन 23 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा साथ ही संघ राज्य संबंधों पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि संघ राज्य संबंधों पर आयोजित की जा रही राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के कई संविधान ज्ञाताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। इसी दिन होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री मधु मंसूरी के साथ-साथ देश के जानेमाने कवि कुमार विश्वास भी अपनी प्रस्तुति देंगे। 24 नवंबर को छात्र संसद का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य के सभी विश्वविद्यालयों से चयनित 24 छात्रों को आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिए सड़क सुरक्षा के लिए युवा विषय को रखा गया है।

### इडी की कार्रवाई पर भड़के कांग्रेस के बेरमो विधायक

# 'आपरेशन लोटस' का पर्दाफाश किया इसलिए मुझे टारगेट किया गया: अनूप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपने आवास पर आयकर की छापेमारी को बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने दबाव की राजनीति बताया है। उन्होंने कहा कि वे प्रखर नेता राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र हैं और उनके पास कोई बेनामी संपत्ति नहीं है। भाजपा ने राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार को अस्थिर करने की साजिश की। आपरेशन लोटस चलाया, जिसका उन्होंने पर्दाफाश किया। यही कारण है कि उन्हें टारगेट किया जा रहा है। भाजपा उन्हें राजनीतिक तौर पर घेरना चाहती है। वे आयकर को सहयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने जो भी पूछा, उन्हें पूरी जानकारी दी है।

**निशिकांत दुबे पर उठाया सवाल**

उन्होंने सवाल उठाया कि उनके यहां छापेमारी की खबर सबसे पहले भाजपा के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे को कैसे लग गयी। क्या उनके इशारे पर संवैधानिक संस्थाएं काम कर रही हैं। उन्हें कैसे पहले पता चल गया। उनके यहां आयकर अधिकारियों के आने के पांच मिनट पहले विधायक प्रदीप यादव के यहां छापेमारी हुई।



**भाजपा की मुहिम को फेल किया तो उन्हें फंसाया गया: अनूप सिंह**

अनूप सिंह ने कहा कि आयकर जांच कर ले। वे पूरी तरह सहयोग करेंगे। उनके पास कोई बेनामी संपत्ति नहीं है। उनकी गलती यही है कि उन्होंने भाजपा की मुहिम को फेल किया तो उन्हें फंसाया गया। भाजपा किसी प्रकार झारखंड में बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। विधायकों को भाजपा तोड़ना चाहती है।

**शुक्रवार की सुबह आयकर की टीम का छापा**

बता दें कि आयकर विभाग ने शुक्रवार की सुबह-सुबह झारखंड के दो कांग्रेसी विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव से जुड़े ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के आवास पर छापामारी करने आयकर के अधिकारी पहुंचे। आयकर की टीम में रांची के डिप्टी डायरेक्टर आशीष कुमार शामिल रहे।

**विधायक अनूप सिंह की मां ने कहा : भगवान सब देख रहे, समर्थकों को कराया शांत**

रांची। कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह के ढोरी स्थित आवास पर शुक्रवार को इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी हुई। जैसे ही इसकी जानकारी समर्थकों को मिली वे विधायक के आवास पर जुटने लगे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समर्थकों की लगातार नारेबाजी देख विधायक जयमंगल की मां रानी सिंह बाहर आयीं, और समर्थकों को शांत रहने को कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह से हल्ला गुल्ला ना करें अंदर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। अधिकारी अपना काम कर रहे हैं। परिवार के सदस्य सभी ठीक-ठाक हैं। सब कुछ आराम से चल रहा है। इसलिए आप लोग शोर ना करें। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र बाबू की 50 साल की राजनीतिक विरासत है। यहां जो राजेंद्र बाबू की मूर्ति लगी हुई है, वह सब कुछ देख रहे हैं। भगवान पर भरोसा रखें वे सब ठीक करेंगे। इसलिए आप चिंता ना करें और शांति बनाये रखें। बता दें कि शुक्रवार सुबह सात बजे से ही जयमंगल के आवास पर आइटी रेड हुई। सात घंटे बाद आयकर अधिकारी जयमंगल के आवास से निकले और इनोवा गाड़ी पर सवार होकर चले गये। पूछे जाने पर अधिकारियों ने कुछ नहीं कहा। अभी कुछ और भी आइटी के अधिकारी अंदर हैं और जांच चल रही है। **धरना पर बैठे कार्यकर्ता :** रेड के दौरान विधायक के आवास के बाहर कांग्रेस के कार्यकर्ता धरना पर बैठ गये, लगातार नारेबाजी करते रहे। इस दौरान वे भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। समर्थकों की भीड़ को देखते हुए बेरमो थाना प्रभारी सहित आसपास के थाना प्रभारी जवानों के साथ मौके पर कैंप कर रहे हैं। इससे पहले छापेमारी करने गयी आइटी की टीम की गाड़ी पर बीजेपी का स्टीकर लगा हुआ दिखा जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। यह गाड़ी विधायक अनूप सिंह के आवास में छापेमारी करने गये अधिकारियों को लेकर गयी थी।

# सीएम हेमंत को दिया गया समन राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित : माले विधायक विनोद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा है की इडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिया गया समन राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए मोदी सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल जगजाहिर है। अभी तक पकड़े गये भ्रष्ट अधिकारी और बिचौलियों से



साफ है कि झारखंड में भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे भाजपा की डबल इंजन सरकार के दौरान ही खुले हैं। माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि झारखंड की जनता केंद्र सरकार के इन हथकंडों को स्वीकार नहीं करेगी और न ही इनसे भ्रमित होनेवाली है। भाजपा नेताओं पर इडी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर विधायक विनोद सिंह ने सवाल किया है कि इसके पीछे राजनीतिक स्वार्थ के अलावे और क्या वजह हो सकती है।

### सीएस ने की राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारी की समीक्षा

# रोशनी में नहायेगी राजधानी: मुख्य सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर की तैयारी को लेकर शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में सचिवों साथ बैठक की। सीएस ने स्थापना दिवस समारोह को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की समीक्षा की। स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी विशेष रूप से शामिल होंगी। वे खूंटी के उलिहातू में बिरसा मुंडा के जन्मस्थली भी जायेंगी। बैठक में इस पर भी समीक्षा हुई। स्थापना



दिवस समारोह के अवसर पर राज्य में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया जाना है, ऐसे में सीएस ने सभी विभागों से इसकी सूची ली और बारी-बारी से समीक्षा की। पथ निर्माण, भवन निर्माण, नगर विकास, पेयजल इत्यादि वर्क्स विभागों की योजनाओं पर से तेजी से काम करने को कहा। इसके अतिरिक्त नयी योजनाएं जो शुरू की जानी हैं इसकी भी जानकारी ली गयी। स्थापना दिवस का मुख्य समारोह मोरहाबादी मैदान में होना है, ऐसे में इस पूरे क्षेत्र में सुरक्षा की भी पुख्ता व्यवस्था करने निर्देश दिया। इसके साथ ही सड़कों को चकाचक करने, भवनों में आकर्षक लाइटिंग करने का भी निर्देश दिया गया।

### अपने विधायकों पर इडी की कार्रवाई से भड़की कांग्रेस, बोली-

# बीजेपी ने लिखी सरकार गिराने की पटकथा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के यहां आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर कांग्रेस पार्टी, बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमलावर हो गयी है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि एजेंसियां अपना काम करें। कार्रवाई करें। किसी को कोई शिकायत नहीं है लेकिन सवाल टाइमिंग को लेकर है।

कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार बीते कुछ



समय से केंद्र सरकार गैर-बीजेपी शासित राज्यों में सरकार को अपदस्थ करने का काम कर रही है, मौजूदा कार्रवाई उसी की अगली कड़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गैर-बीजेपी शासित राज्यों में सरकार गिराने की जो पटकथा लिखी थी, उसी को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी राजनीतिक रूप से मात खाती है तो ऐसे कुत्सित षड्यंत्रों का सहारा लेती है। विगत दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नोटिस जारी करना तथा कांग्रेस विधायकों पर आयकर विभाग की छापामारी केंद्र की मोदी सरकार के षड्यंत्र को स्पष्ट रूप से उजागर करती है।

**आज सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिलाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि केंद्र के भाजपा सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियों के हो रहे दुरुपयोग के खिलाफ शनिवार 05 नवंबर को गठबंधन दलों के साथ जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम कर भाजपा सरकार के साजिशों का पदार्फाश करते हुए आवाज बुलंद करेंगे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स के एक डॉक्टर को किया सस्पेंड, एक का वेतन काटा

रिम्स में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय मुफ्त हृदय जांच शिविर में पहुंचे बन्ना गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार को रिम्स में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय मुफ्त हृदय जांच शिविर में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे कार्डियोलॉजी विभाग पहुंचे, जहां उन्होंने करीब डेढ़ घंटे तक रिम्स के वरीय चिकित्सकों के साथ बातचीत की। उन्होंने कई डॉक्टरों और प्रबंधन के वरीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी।



अस्पताल की व्यवस्था और चिकित्सकों के अंतर कलह को सुलझाने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने सीटीवीएस विभाग के वरीय चिकित्सक डॉ. राकेश चौधरी को सस्पेंड करते हुए विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है जबकि कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ प्रकाश कुमार को शो कॉज करते हुए एक महीने का वेतन काट दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि समझौता नहीं, बल्कि एक

शन लेने के लिए आया हूं। स्वास्थ्य मंत्री के रिम्स से जाते ही कार्डियोलॉजी के डॉ. प्रकाश और डॉ. हेमंत नारायण के बीच मेन गेट पर तीखी बहस हुई। हालांकि, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ दोनों डॉक्टरों को समझा-बुझाकर अस्पताल के अंदर ले गये। बता दें कि कार्डियोलॉजी के डॉ प्रकाश कुमार और डॉ हेमंत नारायण के बीच जनवरी 2018 में भी मारपीट हुई थी। इसमें डॉ हेमंत नारायण का पैर और डॉ प्रकाश कुमार का हाथ टूट गया था।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## सीएम के आगमन की तैयारी पूरी, डीसी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पूरे झारखंड में चल रहा है। इस योजना से लोगों को जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सीधे जनता के बीच पहुंच रहे हैं। शनिवार को रामगढ़ जिले में भी उनका आगमन होगा। चितरपुर स्टेडियम में पूरा कार्यक्रम होना है। रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को डीसी माधवी मिश्रा जिले के अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने रजरप्पा स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं एवं मैदान को कार्यक्रम के लिए तैयार करने के तहत हुए कार्यों का जायजा लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल, लोगों के बैठने की व्यवस्था, मंच पर जाने वाले लाभुकों की सूची, स्टेज, ग्रीन रूम, डी एरिया, मीडिया सेल, शिलापट्ट, फायर सेफ्टी, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## फाइबर ब्लॉक रोड का वार्ड पार्षद ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 के कोठार में शुक्रवार को वार्ड पार्षद जयंती देवी ने फाइबर ब्लॉक रोड का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। मौके पर जयंती देवी ने बताया कि एनएच 23 रामजी रविदास के घर से रेलवे लाइन तक फाइबर ब्लॉक रोड का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने कई वर्षों से यह रोड निर्माण को लेकर आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन यह सड़क नहीं बन पाया। नगर परिषद से जब सड़क निर्माण के लिए योजना का चयन हुआ तो गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि रामजी रविदास के घर से लेकर गांवा देवी होते हुए रेलवे लाइन रोड तक फाइबर ब्लॉक निर्माण कार्य कराने का योजना प्रस्तावित किया गया है। विभाग ने स्वीकृति मिलते ही राशि का आवंटन कराया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए मैं निरंतर कार्य करती आ रही हूं और आगे भी करती रहूंगी। इस अवसर पर किशन चौधरी, महेश निगम, बबीता रंजन, रूपलाल महतो, टीमेश्वर महतो, अजय रविदास, उज्जवल कोठारी, अशोक रविदास, मिनहाज अंसारी, राजू रंजन, गणेश राम आदि उपस्थित थे।

## 21 से 23 नवंबर तक चतरा में तीन दिवसीय झारखंड खेल आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में शुक्रवार को चतरा परियोजना कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने की। बैठक में आगामी 21, 22 और 23 नवंबर को आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता के निमित्त चर्चा की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ केके वर्मा, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष नन्देश शर्मा, सचिव राकेश कुमार सिंह, विद्यालयों के सभी खेल प्रशिक्षक और बीपीओ उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से खेलो झारखंड 2022 के तहत एथेलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, बॉलीबॉल, तीरंदाजी इत्यादि जिला स्तरीय खेलों का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में करवाने पर विस्तृत रूप से समीक्षा की गई. साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु रणनीति तय की गई।

## शिक्षा मंत्री ने स्व. सोना सोबरन सोरेन के शहादत दिवस की तैयारी का जायजा लिया



**गोला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने शुक्रवार को गोला प्रखंड के बरलंगा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लुकैयाटांड़ में निर्माण किये जा रहे सोना सोबरन प्लस टू उच्च विद्यालय भवन निर्माण का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौजूद पदाधिकारियों को काम में तेजी लाने के लिए 27 नवंबर तक छत की ढलाई करने का निर्देश दिया। कहा कि काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा मंत्री श्री महतो ने आगामी 27 नवंबर को लुकैयाटांड़ में होने वाले सोना सोबरन शहीद स्थल पर कार्यक्रम को लेकर भी झामुमो कार्यकताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही विशेष रूप से कार्यक्रम की तैयारी करने का निर्णय लिया गया। दौरे के क्रम में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से भी अवगत हुए। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिप सदस्य रेखा सोरेन, झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, जटाधारी साहू, त्रिलोचन प्रजापति, अनुज कुमार, मुखिया जीतलाल टूडू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नानी घर लातेहार से कुजू का लड़का लापता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के बनवार तोपा निवासी किशोर करमाली का 19 वर्षीय पुत्र बबिल करमाली गत 15 दिन से लापता है। इस संबंध में पिता किशोर करमाली ने लातेहार पुलिस को एक लिखित आवेदन देते हुए पुत्र को खोजने की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि बाबिल करमाली कुजू से अपने नानी घर लातेहार पहुंचा। उन्होंने पुलिस को जानकारी देते हुए कहा कि बाबिल को उसके नाना द्वारा 18 अक्टूबर को गोमो बरवाडीह पैसेंजर पर सवार कर तोपा के लिए रवाना कर दिया। लेकिन अभी तक नहीं पहुंच पाया है। परिजनों द्वारा पुत्र गुमशुदगी मामले में कुजू ओपी को एक छाया प्रति सौंपी गई है।

### प्रकाशोत्सव पर 9वें दिन निकाली गयी प्रभात फेरी

# जिस के सिर ऊपर तु स्वामी सो दुख कैसा पावै..



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर निकाली जा रही प्रभातफेरी के 9 वें दिन गुरुवाणी से गुंजा शहर। इस दौरान साध संगत ने बड़े भी भक्ति भाव के साथ गुरुवाणी पेश किया। प्रभातफेरी मेन रोड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड स्थित सरदार मोहन सिंह अरोड़ा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा के यहां पहुंची। इस दौरान अरोड़ा परिवार वालों ने साध संगत का जोरदार स्वागत किया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की और से नरेंद्र पाल सिंह गुजराल ने सरदार मोहन सिंह अरोड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया।

कोई नाम न जाने तेरा, अपने सतगुरु का बलिहारै अपने सतगुरु के बलिहारै, हर बिसरत सदा खुआरी, गुर पूरा सुखदाता मेरा गुर पूरा सुखदाता, जिस के सिर ऊपर तु स्वामी सो दुख कैसा पावै आदि गुरुवाणी से साध संगत ने रामगढ़ की फिजाओं में रस घोला। जिससे पूरा शहर गुरुवाणी से गूंज उठा। कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा अपने हाथों में निशान साहब लेकर साध संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।

### प्रभातफेरी में ये थे शामिल

प्रभातफेरी में गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी, जोगिंदर सिंह जग्गी, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, राजू जस्सल, सुरेंदर सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुवीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, विंकल कालरा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, हरदीप होरा, रमन कोहली, नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, टोनी गांधी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, डिप्टी चैयरमैन परमिंदर जस्सल, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी, मनी सिंह, विकी छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा, पम्मी कालरा, जसमीत कौर सोनी, सुम्मी जोली, सीमा कोहली, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा आदि शामिल थे।

# केके कंस्ट्रक्शन कंपनी के बेस कैंप पर गोलीबारी करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

### अपराधियों की बाइक को पुलिस ने किया जब्त



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के बरकाकाना ओपी क्षेत्र में रेलवे की ठेका कंपनी केके कंस्ट्रक्शन के बेस कैंप पर गोलीबारी करने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने वहां गोलीबारी की थी वह पेशेवर अपराधी हैं। उन लोगों ने रंगदारी मांगने के लिए गोली चलाई थी। गिरफ्तार अपराधियों में तेलियातू गांव निवासी मानेश्वर कुमार और राहुल कुमार महतो शामिल हैं। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने बताया कि दहशत फैलाने के लिए उन लोगों ने गोली चलाई थी। वह गोली कंपनी के परचेज मैनेजर विजय धवन को लगी थी।

### 48 घंटे में ही पुलिस ने अपराधियों को धर दबोचा

एसपी पियूष पांडे ने बताया कि 48 घंटे के अंदर ही दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके द्वारा घटना में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। एसपी ने बताया कि 2 नवंबर की सुबह 9 बजे यह वारदात हुई थी। इसके बाद पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल ने इसकी जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की इसके बाद मानेश्वर और राहुल को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि दोनों अपराधियों का पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड है। वे लोग कई बार जेल भी जा चुके हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह किस गैंग के लिए काम कर रहे हैं। बरकाकाना क्षेत्र में जितने भी तरह के काम चलते हैं, उनमें ये लोग रंगदारी मांगने का काम करते हैं।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये थे उपस्थित

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी, पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार, सब इंस्पेक्टर सफीउल्लाह अंसारी सहित जिला बल के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बासल पुलिस ने पकड़ा अवैध बालू लदा हाइवा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतरातू सीओ के निर्देश पर शुक्रवार को बासल पुलिस ने अवैध बालू लदा हाईवा जप्त किया है। जानकारी के अनुसार जेएच 02 एएक्स 5468 नंबर की हाइवा बालू लादकर बड़कागांव से रांची की ओर जा रही थी। सूचना मिलते ही बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने दलबल के साथ जेएसपीएल ए गेट के समीप हाइवा को पकड़ लिया। साथ ही उसे जप्त कर थाने ले आई है।

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का ग्रामीण लाभ लें : अंबा प्रसाद



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसमें विशेष रुप से ग्रामीणों लाभ लेने का भरपुर प्रयास करें। यह बातें स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने कही। वे पतरातू प्रखंड के हफुआ पंचायत में शुक्रवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसके साथ ही बीडीओ हलधर कुमार सेठी, मुखिया सारों देवी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, पुर्व मुखिया बंधन गंझु, कांग्रेस पार्टी के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजित पटेल, आदि ने भी कार्यक्रम में अपने विचारों को रखा। और दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया। मौके पर वार्ड सदस्य इस्लाम अंसारी, रूबी देवी, बबीता देवी, गीता देवी, मंजू देवी, उर्मिला देवी, पूनम देवी, सुनील करमाली, पंचायक सेवक मोहन राम, बीपीओ संजय कुमार दास, नईम अंसारी, सलीम अंसारी, दौलत सिंह, बिक्कू गंझू सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## सौंदा डी मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सौंदा डी मध्य विद्यालय में 355 विद्यार्थियों के बीच पठन–पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने कक्षा 1 से 8 तक के 355 छात्र–छात्राओं के बीच पेंसिल, रबर, कटर, स्टोन बॉक्स का वितरण किया। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा व डब्लू पांडेय ने कहा कि बच्चों को पठन–पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शकुंतला देवी, प्रधानाध्यापक मटुक राम, पारा शिक्षक दिलीप प्रसाद सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## स्थानीय विस्थापित मोर्चा ने जीएम को सौंपा छह सूत्री मांग-पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा ने शुक्रवार को बरका–सयाल जीएम के नाम छह सूत्री मांग–पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग–पत्र में बलकुदरा खदान के ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बलकुदरा, कुरसे, जयनगर, लबगा पंचायत के बेरोजगार स्थानीय विस्थापित मोर्चा को देने, विस्थापित व प्रभावित युवाओं को पीएलआर कंपनी में नौकरी देने, हेवी ब्लास्टिंग को रोकने, प्रदूषण नियंत्रक यंत्र लगाने, सीसीएल और पीएलआर द्वारा कुरसे में डीएवी स्कूल बना विस्थापित–प्रभावितों के बच्चो को मुफ्त शिक्षा देने, बलकुदरा में लोकल सेल खोलकर विस्थापित युवाओं को रोजगार देने की मांग की है। साथ ही कहा है कि जल्द ही हमारी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो एक सप्ताह के बाद पीएलआर कंपनी के सभी कार्यों को पूरी तरह से ठप करा दिया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में कुलदीप यादव, अनिल प्रसाद, संजीत यादव, विजय स्वर्णकार, अनिल कुमार मुंडा सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## पतरातू के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश ने चार सूत्री लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की घोसना की है। आंदोलन के तहत प्रथम चरण में शुक्रवार को पतरातू एक के विभिन्न स्कुलों के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। शिक्षकों ने सरकार से मांग की है कि अन्तर जिला स्थानातरण शीध्र की जाए, गैर शैक्षणिक कायों से शिक्षकों को मुक्त किया रखा जाए, छद्वे पुनरीक्षित वेतनमान की विसंगती दूर की जाए, बिहार के तर्ज पर झारखंड के शिक्षकों को एमएसीपी दी जाए नही तो पांच नवंबर को भी सभी शिक्षक काला बिल्ला लगााकर कार्य करेंगे। सात से 12 नवंबर के बीच मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौपा जाएगा। इसके बाद भी मांगों पर कारवाई नही होने पर 19 नवंबर को शिक्षक मुख्यमंत्री आवास का धेराव करेंगे। काला बिल्ला लगााकर शैक्षणिक कार्य करने वालों में अखिल झारखंड के प्राथमिक शिक्षक संध के पतरातू ईकाई के अध्यक्ष शरदेन्दु सिंह, सचिव सुनिल राम, किशोर महतो, शशिकांत तिवारी, सुजीत सिन्हा, सुजीत मंडल, रामलखन साहु, नीता कुमारी, सुशीला कुमारी, सरस्वती कुमारी, गीता कुमारी, माधुार कुमारी, मंजू साहा, रेणु कुमारी, मटुक राम, रवि रंजन, लाल बिहारी प्रसाद, उमेश राम, संजय कुमार पाण्डेय, धन्नंजय सिंह, पप्पू मण्डल, सुरेंद्र राम, बसंत कुमार, वासुदेव महतो, रविश कुमार, महेंद्र चैधरी, अमृत कुमार, संजय सिन्हा, रामजीत राम, आलोक कुमार गांगुली आदि शिक्षक शामिल थे।

## बड़गांव में सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के बडगांव पंचायत में शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बीडीओ रंथू महतो,सीओ विजय कु दास,मध्य जिप सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ,मुखिया अहिल्या देवी, आरजेडी प्रखण्ड अध्यक्ष नीरज तिवारी ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंचायत के अलावे आसपास के ग्रामीण, जनता बुद्धिजीवी, समाजसेवी, गरीब असहाय सरकार द्वारा लगाया गये शिविर में सभी प्रकार की विभागीय स्टॉल में अपनी समस्या का दस्तावेज देकर त्वरित निष्पादन कराया ।इस मौके पर जानकारी देते हुये बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि विभिन्न विभागों से आये कुल 795 मामलों में 447 मामले त्वरित निष्पादित किया गया। शेष बचे 348 एव ऑनलाइन 10 आवेदनों को ब्लॉक में जांचोपरांत समाधान करने बात कहि,उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यक्रम में सबसे अधिक राशन कार्ड में नाम दर्ज एव वृद्ध एव विधवा पेंशन,प्रधान मंत्री आवस योजना,स्वास्थ्य एव पोषण के अलावे अन्य विभागों का आवेदन आये। ग्रामीण भरपूर उत्साहित होकर लाभान्वित लिया है,वही जनता ने कई मामलों का समाधान पाकर खुशी महसूस किया ।तथा सरकार को आभार जताया। जनप्रतिनिधियों सहित आमलोगों का भी इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया। इस मौके सीओ विजय कु दास,मुखिया पति विजय चौबे,आरजेडी नेता नीरज तिवारी,ब्लॉक कर्मी परवेज आलम,राजेन्द्र नायक, अनिल प्रजापति विरेंद्र प्रजापति सुदामा नायक, देवंती देवी, जयंती देवी,शांति देवी, सुनीता देवी, गौरी देवी, बसंती देवी,समेत सैकड़ो ग्रामीण लोग उपस्तिथ हुये।

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने निर्दोषों पर झूठा मुकदमा को लेकर रामगढ़ थाना प्रभारी की एसपी से की शिकायत

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छठ पर्व में शामिल लोगों पर रामगढ़ थाना प्रभारी सुशील कुमार सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने का मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को भाजपा नेता, समाजसेवियों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी पीयूष पांडे से भी मिला। इस दौरान रामगढ़ थाना प्रभारी के द्वारा की गई करतूत को भी उन्होंने उजागर किया है। सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह और अन्य समाजसेवियों ने कहा कि छठ पर्व में शामिल लोगों पर गलत तरीके से प्राथमिकी दर्ज कर थाना प्रभारी ने यह बता दिया है कि वह पक्षपातपूर्ण रवैया के तहत कार्रवाई कर रहे हैं।

**थाना प्रभारी ने छठ पर्व में शामिल लोगों पर ही प्राथमिकी दर्ज करा दी**

कुंटू बाबू ने एसपी से मिलने के बाद मीडिया से भी बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उदयीमान सूर्य को अर्घ देने के लिए जब छठ व्रती दामोदर नदी घाट पर जा रहे थे तो पूर्णी मंडप के रास्ते में आपत्तिजनक वस्तुएं एक समाज विशेष के लोगों के द्वारा फेंकी गई थी। हड्डियां और अंडे के छिलके को देखकर वहां के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष ही वह सारा सामान हटाया गया और फिर दोबारा वहां पर सफाई की गई। ऐसे करतूत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की गई। यहां तक कि रामगढ़ थाने में स्थानीय लोगों के द्वारा आवेदन भी दिया गया। लेकिन थाना प्रभारी ने दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय छठ पर्व में शामिल लोगों पर ही प्राथमिकी दर्ज करा दी।



**थाना प्रभारी का रवैया ठीक नहीं, आमलोगों में आक्रोश**

भाजपा नेताओं ने कहा कि 31 अक्टूबर की सुबह 11:00 बजे की वारदात को बताते हुए रामगढ़ थाना प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में एक आवेदन दिया और 30 लोगों को नामजद करार दिया है। उन सभी लोगों पर घेराव करने, थाना प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी करने और शांति व्यवस्था भंग करने का आरोप लगाया गया। लेकिन यह सारे आरोप बेबुनियाद हैं। जिस गांधी चौक स्थान को घटनास्थल बताकर सारी बातें थाना प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने कही है, उस स्थान पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। वहां ना तो थाना प्रभारी मौजूद थे और ना ही वहां कोई उपद्रव हो रहा था। छठ पर्व का आखिरी दिन था और वहां पर आने जाने वालों की भीड़ थी। किसी ने भी ना तो उपद्रव किया और ना ही नारेबाजी की। यहां तक कि थाना परिसर में भी सिर्फ 10 लोग गए थे। जिसका प्रमाण वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इसके बाद भी रामगढ़ थाना प्रभारी का रवैया जनता को न्याय दिलाने के रूप में नहीं दिख रहा है। जिस तरीके की हरकत छठ पूजा के दौरान हुई थी, वह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। दोषियों को पकड़ने और कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने जो रुख अख्तियार किया उसे यह भी साबित होता है कि सामाजिक सद्भावना कभी भी बिगड़ सकती है।

**रामगढ़ एसपी ने दिया कार्रवाई करने का आश्वासन**

भाजपा नेताओं का प्रतिनिधि मंडल जब एसपी से मिला तो एसपी ने भी इस मामले को काफी गंभीरता से लिया। एसपी पियूष पांडे ने उन्हें यह आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ जरूर कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस पदाधिकारी भी गलती करेंगे तो उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने बताया कि छठ व्रत में शामिल लोगों पर जो प्राथमिकी 274/22 दर्ज हुई है उसकी भी निष्पक्ष जांच होगी। किसी भी स्तर पर किसी नागरिक को गलत केस में ना तो फंसाया जाएगा और ना ही उसके साथ अन्याय किया जाएगा।

# गुजरात चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला

चुनाव आयोग ने आखिर गुरुवार को गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। हालांकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 18 फरवरी को समाप्त हो रहा है और इस लिहाज से यह नहीं कहा जा सकता कि चुनाव तारीखों की घोषणा में देर हुई है, लेकिन चूंकि हिमाचल प्रदेश और गुजरात के विधानसभा चुनाव आगे पीछे ही होने थे, इसलिए माना जा रहा था कि दोनों की तारीखों का एलान भी एक साथ होगा। बहरहाल, चुनाव की घोषणा में भले एक पखवाड़े का अंतर रहा हो, नतीजे दोनों राज्यों में एक ही दिन 8 दिसंबर को घोषित होंगे। गुजरात विधानसभा चुनाव कई कारणों से किसी भी अन्य विधानसभा चुनाव से ज्यादा अहम माने जा रहे हैं। वजह सबसे बड़ी यही है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनों इसी राज्य से आते हैं और इन चुनावों को इन दोनों नेताओं की राजनीतिक साख से जोड़ कर देखा जाता है। पिछले ढाई दशक से भी ज्यादा समय से बीजेपी ने गुजरात को अपना ऐसा अभेद्य किला बना भी रखा है, जहां विपक्ष चाह कर भी सेंध नहीं लगा पा रहा है। हालांकि पिछले यानी 2017 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस लक्ष्य के काफी करीब तक पहुंच गयी थी। 2012 के विधानसभा चुनावों के मुकाबले अपने वोट प्रतिशत में ढाई फीसदी इजाफा करते हुए उसने 41.4 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, लेकिन सीटों में कमी होने के बावजूद बीजेपी ने सत्ता कायम रखने लायक सामान्य बहुमत प्राप्त कर ही लिया। तब 182 सदस्यों वाली विधानसभा में बीजेपी को 99 यानी बहुमत से सात ज्यादा सीटें मिली थीं। इस बार के चुनाव मोरबी में हुए पुल हादसे की पृष्ठभूमि में हो रहे हैं। इसकी अहमियत इस बात से भी समझी जा सकती है कि चुनाव आयोग ने चुनाव तारीखों की घोषणा के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत भी हादसे का शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए की। जाहिर है, विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेगा, लेकिन ये चुनाव खास इस वजह से भी हैं कि इस बार आम आदमी पार्टी भी मैदान में है, जो मुकाबले को तिकोना बना रही है। सबकी नजरें इस बात पर हैं कि यह पार्टी बीजेपी और कांग्रेस में से किसके कितने वोट काटती है। कांग्रेस का जोर इस बार रैलियों और आम सभाओं के बजाय डोर टू डोर कैंपेन पर है और उसका दावा है कि यह फलित होगा। मगर बीजेपी के पक्ष में सबसे बड़ी चीज है उसकी मजबूत इलेक्शन मशीनरी और दूसरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वप्रिय छवि। इन दोनों का कोई तोड़ विपक्ष अभी तक नहीं निकाल पाया है गुजरात में। इस बार क्या होता है, यह 8 दिसंबर को साफ होगा।

**गुजरात विधानसभा चुनाव कई कारणों से किसी भी अन्य विधानसभा चुनाव से ज्यादा अहम माने जा रहे हैं। वजह सबसे बड़ी यही है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनों इसी राज्य से आते हैं और इन चुनावों को इन दोनों नेताओं की राजनीतिक साख से जोड़ कर देखा जाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री पद पर ऋषि सुनक का उदय कई कारकों और उन कारकों के संयोजन का परिणाम है, जिनमें से कम से कम व्यक्तिगत धैर्य और योग्यता नहीं थी। यदि वह एक अच्छे हिंदू हैं, जैसा कि उन्होंने स्वयं को घोषित किया है, तो ऋषि स्वीकार करेंगे कि यह उनका कर्म था, जो उन्हें श्रेष्ठता के मार्ग पर ले गया। हाल ही के इतिहास में इस तरह के शानदार उदय का केवल हमारे पास एक ही उदाहरण है, जिसकी तुलना ऋषि सुनक से की जा सकती है।**

# सुनक का कर्म उन्हें श्रेष्ठता के मार्ग पर ले गया

**जूलियो रिबैरो**





**ऋषि सुनक द्वारा ब्रेवरमैन की पुनः नियुक्ति ने भारत में नकारात्मक टिप्पणियों को आकर्षित किया है। ऐसा अपेक्षित भी था। हालांकि ब्रिटेन के मूल निवासी खुश होंगे। वे अपने देश में कम पढ़े-लिखे लोगों की आमद को हतोत्साहित करने के लिए रंगीन चमड़ी का एक हाई लाइनर चाहते हैं।**

हिंदू धर्म को मानने वाला यूनाइटेड किंगडम का प्रधानमंत्री बन गया है। इस तथ्य ने ग्रेट ब्रिटेन की तुलना में भारत में कहीं अधिक सबका ध्यान आकर्षित किया है। वहां ऋषि की त्वचा का रंग उनके धर्म से ज्यादा एक बड़ा मुद्दा है। हमारे भारत में जहां धर्म का केंद्र बिंदू है और चुनावी वोट हासिल करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। एक गैर-हिंदू प्रधानमंत्री बनना असंभव हो गया है, क्योंकि वर्तमान शासकों का हिंदुत्व की अवधारणा के साथ आगमन हुआ है।

प्रधानमंत्री पद पर ऋषि सुनक का उदय कई कारकों और उन कारकों के संयोजन का परिणाम है, जिनमें से कम से कम व्यक्तिगत धैर्य और योग्यता नहीं थी। यदि वह एक अच्छे हिंदू हैं, जैसा कि उन्होंने स्वयं को घोषित किया है, तो ऋषि स्वीकार करेंगे कि यह उनका कर्म था, जो उन्हें श्रेष्ठता के मार्ग पर ले गया। हाल ही के इतिहास में इस तरह के शानदार उदय का केवल हमारे पास एक ही उदाहरण है, जिसकी तुलना ऋषि सुनक से की जा सकती है। अमेरिका में केन्याई छात्र के बेटे बराक ओबामा का उदय आधुनिक समय की राजनीति में एकमात्र तुलनात्मक कहानी है।

**ऋषि सुनक द्वारा ब्रेवरमैन की पुनः नियुक्ति ने भारत में नकारात्मक टिप्पणियों को आकर्षित किया है।**

अमेरिका में गृह युद्ध के बाद गुलामी के खात्मे से उस देश ने एक लंबा सफर तय किया है। इसी तरह साम्राज्य के पतन के बाद से ब्रिटेन काफी बदल गया है। ब्रिटेन ने पुरानी कॉलोनियों के मूल निवासियों के प्रवास में एक ऐसी स्थिति पैदा की, जहां अब देश पर शासन करने वाले दूर-दराज के राजनेता अपनी भूमि में और अधिक प्रवाह को हतोत्साहित करने के लिए कानूनी रास्ते तलाश रहे हैं।

ब्रेवरमैन को भारतीय मूल के आंतरिक मंत्री के रूप में वर्णित किया गया है। उनके पिता गोवा से और उनकी मां मॉरीशस की तमिल बतायी जाती है। गोवा के ईसाइयों में ब्रेवर मैन उपनाम नहीं है। यह एक बहुत ही अंग्रेजी उपनाम है, जिसे मंत्री ने शायद एक अंग्रेज से अपनी शादी कर हासिल किया होगा। गोवा में सभी ईसाई हिंदू थे और सभी अच्छे हिंदुओं की तरह विभिन्न जातियों से संबंधित थे। किसी विशेष दिन पर पुर्तगाली कैथोलिक पादरी द्वारा परिवर्तित किए गए सभी परिवारों को उस पुजारी का नाम दिया गया था। मेरे सारस्वत हिंदू पूर्वजों का नाम एक फादर के नाम पर रिबेरो रखा गया। रिबेरो ने बपतिस्मा समारोह की अध्यक्षता की।

पुर्तगाली मशीनरियों ने गोवा के मूल निवासियों को अपनी मान्यताओं में परिवर्तित किया। उन्होंने इस प्रथा को अपनाया। वर्तमान श्रीलंका टी-20 विश्व कप टीम में एक डिसिल्वा और एक अन्य खिलाड़ी मेंडिस बल्लेबाजी की शुरुआत कर रहे हैं। दोनों सलामी बल्लेबाजों के पास पुर्तगालियों के उपनाम स्पष्ट रूप से तब प्राप्त हुए जब उनके सिंहली पूर्वजों को पुर्तगाली मिशनरियों द्वारा परिवर्तित किया गया था।

केरल में मैं एक रिबेरो से मिला, जो एक मलियाली था और एक फैक्टरी में काम करता था। वह केवल मलयालम बोलता था। मुझे दुभाषिये के माध्यम से उससे बात करने के लिए मजबूर करता था। उन्होंने एक लतीनी कैथोलिक होने का दावा किया, जिसे मैंने केरल में अक्सर सुना था।

16वीं शताब्दी में या बाद में पुर्तगाली मशीनरियों द्वारा परिवर्तित लोगों का जिक्र किया गया था। सुएला ब्रेवरमैन के पिता एक क्रिस्टी फर्नांडीज थे, जिनके माता-पिता नौकरी की तलाश में केन्या के लिए गोवा छोड़ गये थे। जिस बात ने मेरा ध्यान इस ओर खींचा, वह यह थी कि सुएला ब्रेवरमैन के पिता ने नैरोबी के डाक्टर रिबेरो को गोअन हाई स्कूल में पढ़ाई की थी और कुछ साल पूर्व उन्होंने पणजी में उस स्कूल के पुराने छात्रों की एक सभा में भाग लिया था। संयोग से मेरी पत्नी ने 10 साल की उम्र तक नैरोबी स्कूल में पढ़ाई की थी और उसके पिता मऊ की वजह से केन्या छोड़ कर भारत लौटने लगे।

ऋषि सुनक द्वारा ब्रेवरमैन की पुनः नियुक्ति ने भारत में नकारात्मक टिप्पणियों को आकर्षित किया है। ऐसा अपेक्षित भी था। हालांकि ब्रिटेन के मूल निवासी खुश होंगे। वे अपने देश में कम पढ़े-लिखे लोगों की आमद को हतोत्साहित करने के लिए रंगीन चमड़ी का एक हाई लाइनर चाहते हैं। गृहमंत्री, जोकि स्वयं ही अप्रवासियों की संतान है, दक्षिण एशिया से अप्रवास को हतोत्साहित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

सुनक और ब्रेवरमैन दोनों को ही पीआइओ के रूप में घोषित किया जा सकता है, जो वे निश्चित रूप से हैं, लेकिन 2 या 3 या फिर 4 दशकों से वे ब्रितानियों में बदल गये हैं। वे उनकी तरह बोलते हैं, उनकी तरह सोचते हैं और उन्हीं की तरह खाते भी हैं। ऋषि सुनक एक अच्छे हिंदू होने का दावा करते हैं। वह खुद गौमांस नहीं खाते, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें खाने की मेज पर बैठने की आदत है, जब टेबल पर गौमांस परोसा जाता है।

सुएला ब्रेवरमैन अकुशल श्रमिकों के लिए ग्रेट ब्रिटेन में प्रवास करना मुश्किल बना देती हैं तो परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है। वे ऐसी नौकरियां स्वीकार करते हैं जिन्हें स्थानीय लोग मना कर देते हैं, लेकिन इस तरह के सस्ते श्रम को स्वीकार करने के अन्य नुक्सान भी होते हैं। कल्याणकारी बजट पर बोझ के अलावा संस्कृतियों और जीवन के तरीकों के टकराव की सहवर्ती समस्या है।

हाल ही में ग्रेट ब्रिटेन को हिंदू और मुस्लिम प्रवासियों के बीच सांप्रदायिक दंगों से निपटने का दुखद अनुभव हुआ जो उस देश में उस समय तक एक अज्ञात बात थी। जब भारत इंगलैंड के खिलाफ 5 दिवसीय टेस्ट या एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय या फिर टी-20 क्रिकेट खेलता है, तो भारतीय मूल के अधिकांश स्थानीय लोग हमारे 'मैन इन ब्लू' को खुश करने के लिए आते हैं, लेकिन क्रिकेट पलायन से अलग हैं। दोनों की तुलना नहीं की जा सकती। स्थानीय लोग अपने चुने हुए राजनेताओं को माफ नहीं करेंगे, जोकि उप महाद्वीप से हैं, अगर वे अपने मूल के देशों को खुश करने का फैसला करते हैं जब उनके अपने जीवन स्तर किसी भी तरह से प्रभावित होते हैं।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# एनआइटी जमशेदपुर का 12वां दीक्षांत समारोह आज

## 1037 छात्रों के बीच बंटेंगी डिग्रियां, गोल्ड मेडल पर छात्राओं का कब्जा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** एनआइटी जमशेदपुर का 12वां दीक्षांत समारोह 5 नवंबर को संस्थान के जिमखाना परिसर में आयोजित किया जायेगा। दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएसबी ग्रुप के चेयरमैन आरके बेहरा भी मौजूद रहेंगे।

दीक्षांत समारोह के संबंध में जानकारी देते हुए एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर केके शुक्ला ने बताया कि दीक्षांत समारोह में कुल 1037 छात्रों के बीच डिग्रियां बांटी जायेंगी। इनमें अंडर ग्रेजुएट के 643, पोस्ट ग्रेजुएट के 366 और पीएचडी के कुल 28 छात्र शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में कुल 671 छात्रों के शामिल होने की सहमति मिल गयी है। निदेशक केके शुक्ला के कार्यकाल में यह छठा दीक्षांत समारोह आयोजित हो रहा है, जबकि संस्थान का यह 12वां वार्षिक दीक्षांत समारोह है।

**यूजी और पीजी में छात्राएं टॉपर:** एनआइटी जमशेदपुर के 12वें दीक्षांत समारोह में अंडर ग्रैजुएट सिविल ब्रांच की टॉपर छात्रा हंसा कुमारी और एमसीए की छात्रा दिव्यांशी अग्रवाल को गोल्ड मेडल प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा 23 टॉपर छात्रों के बीच सिल्वर मेडल बांटे जायेंगे, जिनमें 14 छात्राएं शामिल हैं। केके शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष से अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग में नये ब्रांच इंजीनियरिंग एंड कंपटीशनल मैकेनिकल कोर्स की शुरुआत की गयी है। इसमें 30 सीट हैं और यह कोर्स आइआइटी दिल्ली के तर्ज पर प्रारंभ किया गया है, जिसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में वर्तमान समय में 35 विषयों पर छात्र रिसर्च कर रहे हैं, जिसकी कुल लागत 560 लाख रुपये है, जो विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्पॉन्सर्ड हैं। प्रेस वार्ता में संस्थान के निदेशक केके शुक्ला के साथ रजिस्ट्रार कर्नल एनके राय, प्रोफेसर अमरेश कुमार, प्रोफेसर एम हसन मौजूद रहे।

# जिला पार्षद ने 50 लाभुकों के बीच राशन कार्ड बांटा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की सुविधा के लिए क्षेत्र के जिला पार्षद श्रीमती पूर्णिमा मल्लिक ने पहल शुरू कर दी। शुक्रवार को परसुडीह स्थित सेवा ही लक्ष्य कार्यालय प्रांगण में 50 लोगों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पार्षद पूर्णिमा मल्लिक ने बताया मेरा उद्देश्य है क्षेत्र में सभी बंधुओं को सरकारी सुविधा उपलब्ध हो सके, इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। बीते दिन निरीक्षण के दौरान कई लोगों का राशन कार्ड नहीं होने का जानकारी मिली थी। आजसू नेता मल्लिक एवं जिला पार्षद के नेतृत्व में क्षेत्र केक 50 जरूरतमंदों का राशन कार्ड बनाया गया। शुक्रवार को सभी कार्ड धारियों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया गया।

इस मौके पर आजसू नेता सह समाज सेवी मानिक मल्लिक ने बताया क्षेत्र के कोई भी जरूरतमंद लोग भूखा ना रहे सरकारी राशन सभी को उपलब्ध हो। मौके पर जिला परिषद श्रीमती पूर्णिमा मल्लिक के साथ मानिक मल्लिक,जया कुंडू,लखी राय, ब्यूटी,सुखलाल छातर सहित क्षेत्र के लाभुक शामिल रहे।

# 12 को बहरागोड़ा प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन : डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा के नेताजी सुभाष शिशु उद्यान परिसर में मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी मौजूद थे। स्थानीय जन समस्याओं को लेकर आंदोलन करने का बैठक में निर्णय लिया गया। विभिन्न गांवों से आये हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जनता के कोई कार्य नहीं हो रहा है। अनियमित बिजली आपूर्ति से लोग परेशान हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की रफ्तार काफी धीमी हो गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले घर को बनाने में बालू की किल्लत है। वहीं प्रशासन की मिली भगत से चंद बालू माफियाओं के द्वारा बालू की तस्करी कर रहे है। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ गोस्वामी ने कहा कि राज्य में विकास कार्य पूरी तरह ठप है। मुख्यमंत्री के आसपास के लोग भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। विगत 3 वर्षों में सरकार ने बालू घाटों का बंदोबस्ती नहीं किया है। लोगों को मंहगे दाम पर बालू खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। राज्य में अवैध ढंग से बालू और पत्थर का उत्खनन हो रहा है। लोगों के आवश्यक कार्य भी अंचल सह प्रखंड कार्यालय में निष्पादित नहीं हो रहा है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा भेजे गये अनाज भी गरीबों को समय पर राज्य सरकार दे नहीं पाती।

डॉ गोस्वामी ने कहा कि जनता की मूलभूत समस्या विशेषकर अवैध बालू खनन पर रोक लगाने, लोगों को अपने घर बनाने के लिए बालू उपल्बध कराने, नियमित बिजली आपूर्ति और भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 नवंबर को बहरागोड़ा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हरिसाधन मल्लिक, वरीय नेता रंजीत बाला, महिला नेत्री काजल महाकुड़, मंडल महामंत्री भक्तिश्री पांडा, उत्पल पैड़ा समेत अन्य ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मिहिर दलाई, दीपंकर साव, मिंटू नायक, कमलेश साव, अपूर्व दास, नसीम अख्तर, दिलीप साव, पार्थो बेरा, आनंद साव, असित पांडा, सुदर्शन बिंधानी, अजित कबाट, सरत नायक, देवी प्रसाद दुबे, मनोज पाल, गिरिधारी कुंडू, प्रबीर बेरा, समीर कुंडू, राधागोविंद भोक्ता, माणिक राय, स्वरूप पाणीग्राही, चंदन सीट, सत्यवान पैरा, टूना नायक, समरेश घोष, आसुतोष कुईला, नाराण मांडी, शंभू नायक, बाबूलाल मुंडा, सत्यवान पात्र, सिद्धार्थ दास, नयन कर समेत अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा कर किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाहीसंवाददाता**




**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के शिक्षकों ने सरकार व विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। बीते 15 अक्टूबर को संगठन के प्रदेश इकाई द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सैकड़ों शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर आंदोलन का प्रथम चरण शुरू कर दिया। शिक्षकों ने चार सूत्री मांग पत्र के माध्यम से बिहार की तर्ज पर एमएसीपी की मांग की। शिक्षकों के अनुसार सभी शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ मिले। साथ ही उनकी मांगो में छठे वेतन आयोग के वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए इंट्री पे स्केल की मांग, इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर को सरल व सुगम बनाना और आरटीइ के मान्यदंडों के प्रतिकूल एनजीओ के दबाव में गैर शैक्षणिक कार्यों की बहुलता से पूरी तरह से निजात देने की मांग शामिल है। शिक्षकों के चार सूत्री मांगों को लेकर संघ के बैनर तले पदाधिकारियों ने समय-समय पर विभाग को ज्ञापन सौंपा है। इसके आलोक में विभागीय मीटिंग भी किया गया है, लेकिन शिक्षकों की समस्याओं का निदान के लिए सकारात्मक हल नहीं निकला। सौतेलापन व्यवहार से आहत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने आर-पार की लड़ाई को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की। शिक्षकों के अनुसार काला बिल्ला लगाने के अलावा 7 से 12 नवंबर को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जायेगा। आगामी 19 नवंबर को राजभवन के समक्ष प्रर्दशन व 17 दिसंबर से राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन अनशन का कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्त, श्रीसिंह बास्के, मानिक प्रसाद सिंह, मनोज कुमार सिंह, देवेंद्र नाथ साहू, शैलेंद्र कुमार, चितरंजन महतो, अमीर राउत, कमल कुमार, सुदामा माझी, अजीत कुंभकार, संजय साहू शैलेश तिवारी, राजेश मिश्रा, अमर उरांव, बलराज हांसदा, अश्विनी मिश्रा, गदाधर महतो, बृजेश्वर साहू, संजीव 'कुमार महतो, हेमंत मार्डी, अरुण प्रसाद बर्मन, दिलीप गुप्ता, हेमंत महतो, रविंद्र कुमार मछुआ, बेदियाजी, पप्पू प्रमाणिक, निखिल कुंभकार, गुरदास चांद और रमन रंजन महतो शामिल रहे।

# बिष्टुपुर में महिला से पर्स छीन भाग रहे बदमाश को पीटा, फिर पुलिस को सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के खरकई पुल पर पैदल जा रही महिला से पर्स छीन भाग रहे एक बदमाश को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। उसकी पिटाई की और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ाये जुगसलाई पार्वती घाट निवासी मो. सद्दाम हुसैन को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। उसने बुधवार शाम बागबेड़ा के लाल बिल्डिंग के पास रहने वाली सुशीला देवी से पर्स की छिनतई की थी। आरोपी के पास से पुलिस ने पर्स के अलावा उसमें रखे तीन हजार रुपये भी बरामद किये। महिला के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

**गोविंदपुर रेलवे हॉल्ट के पास स्कूल टीचर से चेन की छिनतई :** गोविंदपुर रेलवे हॉल्ट के पास टीचर माया सिंह के गले से बाइक सवार दो युवकों ने चेन की छिनतई कर ली। छीनाझपटी के दौरान बदमाशों ने महिला को धक्का मारकर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गयीं। उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया। घटना 26 अक्टूबर की है। परसुडीह पुलिस को 2 नवंबर को इसकी जानकारी दी गयी। महिला के पति बलराम प्रताप सिंह के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### जिला में बढ़ा आत्महत्या करने का ग्राफ

# 24 घंटे में चार लोगों ने किया आत्महत्या का प्रयास

सोनू कुमार




**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में लगातार पारिवारिक विवाद से आत्महत्या करने की घटना बढ़ती जा रही है, अलग अलग थाना क्षेत्रों में विगत 24 घंटे में तीन महिलाओं समेत चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने के चारों मामले पारिवारिक विवाद के कारण ही घटित हुए हैं। उक्त सभी मरीजों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार श्रीबंशीधर नगर के पाल्हे कला गांव के दीपक राम की पुत्री सरस्वती कुमारी ने घरेलू कामकाज को लेकर बड़ी बहन से नोंकझोंक कर गुरुवार की रात में जहरीला पदार्थ खा गई। जबकि गुरुवार की रात दो बजे गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के नावाडीह टोला निवासी नागेंद्र पासवान पिता स्व. अशोक पासवान ने शराब के नशे में धुत होकर पत्नी से झगड़ाकर पक्षी मारने के लिए रखे कीटनाशक को खा लिया। वहीं आत्महत्या के प्रयास का तीसरा मामला रमना थाना क्षेत्र के परसवान गांव में शुक्रवार की दोपहर में घटित हुआ, जहां बालेश्वर मेहता की पत्नी आरती देवी ने पतोहू से झगड़ाकर कीटनाशक खा गई। जबकि शुक्रवार की दोपहर में ही श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के नयाखांड़ निवासी संजय उरांव की पत्नी उषा कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में इलाजरत उषा कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

## झारखंड कुर्मी महासभा के बैनर तले की बैठक



**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड के आईबी में शुक्रवार को झारखंड कुर्मी महासभा के बैनर तले कुर्मी समाज के जिला संयोजक गोरखनाथ चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में संबोधित करते हुए जिला योजक गोरखनाथ चौधरी ने बताया की धुरकी प्रखंड में कुर्मी समाज के लोग शिक्षा एवं अपने समाज के प्रति सजक नहीं है। उन्हें अपने समाज एवं अपने प्रखंड में शिक्षा में आगे रहना होगा। तभी कुर्मी समाज का उत्थान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में जिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा सम्मेलन में उत्तर प्रदेश बिहार वा झारखंड छत्तीसगढ़ मंत्री एवं सांसद लोग भाग लेंगे। बैठक में उपस्थित कुर्मी समाज के लोग लोग ने समाज को बढ़ाने को लेकर प्रखंड में अध्यक्ष के रूप में मनीष पटेल, सचिव संजय चौधरी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, उप सचिव संतोष पटेल लोग को सर्वसम्मति से चयन किया गया और अपने समाज के उत्थान के लिये अपना अपना दायित्व निर्वाहन करने हेतु भुला गया। मौके पर राजेंद्र चौधरी, विनोद पटेल, संतोष पटेल, मुन्ना पटेल, राहुल पटेल, बबलू पटेल, योगेंद्र चौधरी, कुणाल चौधरी, रामेश्वर चौधरी, रामेश्वर चौधरी के अलावे काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

**कांडी (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर अपनी चार सूत्री मांगों के समर्थन में प्रखंड के सभी 99 सरकारी शिक्षक शुक्रवार को काला विला लगाकर शिक्षण कार्य किये। शिक्षकों ने काला विला लगाकर सरकार के विरुद्ध विरोध दर्ज कराया। संघ के प्रखंड सचिव शंभु शरण ने बताया कि झारखंड के सभी शिक्षक अपनी चार सूत्री मांग के समर्थन में शुक्रवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिए हैं। उनकी मांगों में शिक्षकों के लिए अन्य कर्मियों की भांति एमएसीपी को लागू करना, छठे वेतनमान की विसंगति को दूर करना, अंतर जिला स्थानांतरण की कठिनाइयों को समाप्त करना एवं लिपिकीय एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करना शामिल है। इस बार पूरे प्रदेश के शिक्षक एकजूट हैं। यदि प्रदेश की सरकार शिक्षकों की मांग पर जल्द अमल नही करती है तो बाध्य होकर प्रदेश शिक्षक 19 नवंबर को रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। प्रदेश के शिक्षकों ने आज 4 नवंबर से आंदोलन की शुरूआत काला विल्ला लगाकर कर दिए है। काला विल्ला लगाकर शिक्षण कार्य करने वालों में शमशाद आलम, देवेंद्र कुमार तिवारी, अभय कुमार दुबे, गोविंद्र राम, पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी, बलराम पासवान, राकेश कुमार, अनिल द्विवेदी, महमूद अली, उपेंद्र राम, बैजनाथ सिंह सहित सभी शिक्षक शामिल हैं।

### ओबरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया

# योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के द्वितीय चरण के तहत गढ़वा प्रखंड के ओबरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बदल पत्रलेख झारखंड ने शिरकत की। आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के निर्देश पर चलाये जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत गढ़वा प्रखंड के ओबरा पंचायत के विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया गया। महत्वपूर्ण सरकारी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल 224 आवेदन स्वीकृत किये गये जिसमें मौके पर ही कुल 25 विभिन्न स्कूली छात्राओं को प्रतीकात्मक रूप से योजना से आच्छादित किया गया। जिसमें सागरिका सिंह, सहाना खातून, सिमरन खातून, सीता कुमारी, अंचला कुमारी, पूजा कुमारी, नाजिया खातून आदि को इस योजना से लाभांवित किया गया। जेएसएलपीएस के अंतर्गत चक्रीय निधि के तहत 30 हजार का चेक अनीता देवी एवम संगीता देवी को प्रदान किया गया। क्रेडिट लिंकेज के तहत ममता देवी को 14 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया एवं फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत देवंती देवी को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत उदय सिंह को 50 हजार का ऋण प्रदान किया गया। जमीला बीबी, कुदरत अंसारी, हामिद अंसारी, शिव पाल, किस्मतिया देवी, गगन ठाकुर आदि कुल 12 लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। मनरेगा के तहत ममता कुमारी, उपेंद्र प्रजापति, जितेंद्र साव, दिनेश्वर राम एवं सकुंती देवी को जॉब कार्ड प्रदान किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत लखमिनिया देवी एवं सुधन राम को पेंशन योजना से आच्छादित किया गया। मौके पर ही पंचायत के मुखिया कौशल्या देवी द्वारा पंचायत सचिवालय की कुल 2 लाख रुपये की लागत से बाउंड्री एवं तोरण द्वार के निर्माण के लिये शिलान्यास किया गया। उपायुक्तघोलप द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। बादल पत्रलेख, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड रांची द्वारा सर्वप्रथम शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अभिवादन किया गया एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को विस्तार से बताया गया। आयोजित किये गये शिविरों में सभी प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु पोर्टल पर अपलोड किया गया। शिविर में प्रखंड बीडीओ, मुखिया, जेएमएम के जिलाध्यक्ष एवम प्रखंड एवं अंचल के कर्मी एवम पदाधिकारी समेत अन्य लोग तथा काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थें। कार्यक्रमों का आयोजन कर 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' के तहत शिविर के जरिये विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों के आम नागरिकों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरलता से पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। आज शिविरों का आयोजन उक्त प्रखंड एवं पंचायत के अलावे जिले के अन्य प्रखंडों यथा- खरौंधी, चिनिया, केतार, रंका, डंडई, नगर उंटारी, मेराल, बिशुनपुरा, धुरकी, बरगढ़ एवं सगमा में भी किया गया था।

### डीसी नें दिया सभी आवेदनों का निष्पादन दो दिन में करने का निर्देश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' के तहत समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक संपन्न किया गया। उपायुक्त घोलप ने प्रखंड वार सभी योजनाओं के तहत लगाये जा रहे प्रखंडों, पंचायतों में शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन से संबंधित समीक्षा की गई। आवास, पेंशन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अब तक प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन 2 दिनों के अंदर करते हुए प्रतिवेदित करने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को दिया। साथ ही कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन करने से संबंधित सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिन प्रखंडों या विभागों में निष्पादन प्रक्रिया धीमी है उन्हें कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया गया। कुछ फोकस स्कीम यथा– सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना और राशन कार्ड निर्माण तथा पेंशन आदि के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए यथा शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार के तहत विभिन्न प्रखंडों में लगाये जा रहे शिविर का उद्देश्य मात्र आवेदन प्राप्त करना नहीं बल्कि उसे अधिकाधिक संख्या में निष्पादित करना भी है। कार्य में उदासीनता बरतने वाले पदाधिकारियों को उपायुक्त घोलप ने फटकार लगाई तथा कारणपृच्छा करने का निर्देश दिया। सभी पेंडिंग आवेदनों को 15 नवंबर के पूर्व ही निष्पादित करने के लिये सभी पदाधिकारियों का निर्देशित किया गया। प्रखंड वार समीक्षा करते हुए सभी को 100% तक लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कैंप का आयोजन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति करने की बात कही। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को योजनाओं का प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर कराने का निर्देश दिया गया ताकि अधिक से अधिक संख्या में जनता लाभान्वित हो सकें। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत जिले में कुल 219 कैंपों का आयोजन किया जाना है जिसमें दिनांक 3 नवंबर 2022 तक 143 कैंप का आयोजन किया जा चुका है। आयोजित सभी कैंपों के दौरान 132199 आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं जिसमें 95654 आवेदनों को निष्पादित किया गया है। गढ़वा जिला अंतर्गत अभी तक 72.2% आवेदनों को निष्पादित कर दिया गया है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, बीडीओ ने किया उद्घाटन

**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत घघरी पंचायत सचिवालय के में दिन शुक्रवार को दुतीय चरण के तहत आपकी योजना आपकी सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ सत्यम कुमार के नेतृत्व में कराया गया। इसका उद्घाटन जिप सदस्य अंजू यादव बीडीओ सत्यम कुमार, मुखिया सरोजा देवी,पूर्व जीप सदस्य नन्दगोपाल यादव बिस सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर की। उक्त कार्यक्रम जनता की सुविधा को देखते हुए सभी विभागों के अलग अलग स्टाल लगाकर क्रमबद्ध तरीके से आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमे मुख्यरूप से प्रधानमंत्री आवास सभी तरह के पेंशन खाद्यसुरक्षा किसोरी योजना दाखिल खारिज निवास आवास एवं जाती प्रमाण पत्र पेयजल बिजली सिचाई कूप पसुसेड निर्माण सम्बंधित आवेदन को प्रखंड कर्मियों के द्वारा प्राप्त किया गया इस अवसर पर पंचायत सचिवालय में दूरदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जनता के नाम संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। जनता दरबार का कमान बीडीओ सत्यम कुमार ने संभाल रखा था। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखते हुए माइक से प्रखंड कर्मियों को हिदायत करते देखे गये। जनता दरबार मे जिले से आये पर्यवेक्षक जिला खनन पदाधिकारी आनंद देव बैठा के द्वारा समय समय पर सभी स्टालों का भ्रमण कर प्रखण्ड कर्मियों से जानकारी प्राप्त कर रहे थे। जनता दरबार मे भारी भीड़ को देखते हुए बीडीओ सत्यम कुमार के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों से शांति पूर्वक अपना आवेदन संबंधित विभाग को देने एवं कार्यक्रम को सुचारू रुओ से संचालित करने में ग्रामीणों से सहयोग की अपील कर रहे थे। इस अवसर पर प्रखंड कर्मियों में मुख्यरूप से प्रभारी कृषि पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह, अजित कुमार, बीपीओ प्रभास पांडेय, रविरंजन कुमार, मनोरंजन कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, अखिलेश कुमार, दीपक कुमार, नाजिर चोंहस, एक्का अनुकूलित कक्षप, प्रज्ञाकेंद्र संचालक अशोक कुमार, उपस्थित थे। जबकि उपस्थित अन्य लोगों में मुख्यरूप से झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष जायगोपाल यादव, बिरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवहा, बिनोद ठाकुर निरपत यादव, रामकिशोर यादव हिरचरन यादव पूर्व मुखिया बिनोद कुमार राम राजीव रंजन वर्मा सुसील बैठा लालमोहन साह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने पीएलवी के साथ की बैठक

**गढवा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार विधिक सेवाओं को सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से दो अभियान शुरू किये गये हैं, 31 अक्टूबर से 13 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत आम जनता के बीच कानूनी जागरूकता फैलाने और पात्र लाभार्थियों को कानूनी अधिकारों का वितरण सुनिश्चित करने, संस्थानों और वंचितों के बीच की खाई को पाटने के लिए 'कानूनी जागरूकता और आउटरीच के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिकरण' अभियान का आगाज किया गया है। नालसा की ओर से चलने वाले इस देशव्यापी अभियान के क्रम में जिले में भी कानूनी जागरूकता शिविर किया जायेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा राजेश शरण सिंह ने बताया कि कानूनी जागरूकता और आउटरीच के माध्यम से नागरिकों का सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य समाज के हाशिये के तबके तक कानूनी सहायता की पहुंच बनाना है। इस अभियान के तहत जिले में नालसा मॉड्यूल पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। वहीं, आउटरीच टीमों की ओर प्रत्येक ग्राम पंचायत और गांवों के उपखंडों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना है। उपरोक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार विपुल ने दी। इसके अलावा उन्होंने यह बताया है कि दिनांक 6 नवंबर 2022 को गढ़वा जिले के प्रत्येक प्रखंड में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## रक्तदान कर बचायी जान

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के सदस्य एवं भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के डंडई प्रखंड विधायक प्रतिनिधि संदीप कश्यप जरही गढ़वा निवासी के द्वारा एक यूनिट रक्तदान समाज के संरक्षक जगदीश प्रसाद कश्यप की धर्मपत्नी कवल पति देवी 80 वर्षीय वृद्ध महिला जो किडनी पेशेंट है। रक्त की कमी का जानकारी होने पर समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा संदीप कश्यप से संपर्क कर तत्काल रक्त उपलब्ध करा कर उनके जीवन बचाने का कार्य किया गया। समाज की ओर से संदीप कश्यप को कोटि–कोटि बधाई। जिन्होंने जरही से चलकर अपने छठे रक्तदान के लिए गढ़वा ब्लड बैंक आकर रक्तदान किये। मौके पर उपस्थित समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, युवा मंच के सचिव हर्ष कश्यप उपस्थित थे।

# पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नगर परिषद गढ़वा के द्वारा वार्ड नंबर 13 महादेव नगर सहिजना बांध पर करुणानिधि तिवारी के घर से पाठक जी के घर होते हुए भीम सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिल्यान्यास आज नगर परिषद के अध्यक्ष पिंकी केसरी एवं वार्ड पार्षद चंदन देवी ने विशेष पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर किया। इसकी प्राकृत राशि 905589 रुपया है। इस रोड का बनाने का मांग यहां के जनता के द्वारा बहुत दिनों से की गई थी जिसे कि आज नगर परिषद अध्यक्ष ने शिलान्यास कर इसे जनता के लिए बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोरमा देवी, सीमा मिश्रा, शकुंतला देवी, निशा देवी, सीमा देवी, वीना शुक्ला, बेबी देवी, प्रतिमा मिश्रा, चित्रलेखा देवी, ममता सिंह, सोनी सिंह, आलोक मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, देवनारायण पाठक, विजय पांडे, राजू दुबे, सुधीर तिवारी, अजीत तिवारी, बृजेंद्र शुक्ला, बलविंदर सिंह, प्रभाकर दुबे, सत्येंद्र ठाकुर, अरविंद सिंह, उदय सिंह, भीम सिंह एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केसरी तथा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि उमेश मेहता उपस्थित थे।

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।

पत्रांक 3159/सा०प्र० दिनांक 03.11.2022

शुद्धि पत्र

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/27/2022-23, जिसका PR No. 280682 हैं, को निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Last Date of | Amended Dates |
|---|---|---|
| 1 | Last Date/Time for receipt of online bids | 11.11.2022 up to 05:00 PM |
| 2 | Last Date/Time for receipt of EMD (Hard Copy) | 12.11.2022 up to 02:00 PM |
| 3 | Date/Time of Opening bids | 12.11.2022 02:00 PM |

शेष सभी शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 281496 Urban Development and Housing(22-23)D

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया




आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** प्रखंड मुख्यालय के पिपरीकला पंचायत के बाजार इस्थित मैदान में पंडाल लगाकर दिन शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा, अंचलाधिकारी निधि रजवार, जिला परिषद सदस्य संभू राम चंद्रवंशी, मुखिया शोशिला देवी, प्रमुख दीपा कुमारी उप प्रमुख कविता देवी पूर्व मुखिया दिनेश चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर जेएसएलपीएस के द्वारा आजीविका ग्राम संगठन के समूहों के बीच सामूहिक पंद्रह हजार का चेक दे कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाये गये। वहीं मंच का संचालन पंचायत के सुदूरवर्ती छेत्र ओढ़ेया गांव के अजय यादव के द्वारा किया गया। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती-लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाये गये स्टॉल की जानकारी दी गई। वहीं इस कार्यक्रम में कुल 856 योजनाओं आवेदन ऑन लाइन किया गया। वही बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा, मुखिया शोशिला देवी, जिला परिषद सदस्य संभू राम, चंद्रवंशी आदि ने ग्रामीणों को शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिये प्रेरित किया गया। शिविर में लगाये गये स्टालों में आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

वहीं इस शिविर में जेइ सह बीपीओ मनोज कुमार, पिपरी कला पंचायत सेवक जगदीश राम, अमहर खास पंचायत पंचायत सेवक रामप्रवेश सिंह, प्रखंड समन्यक नागेंद्र मेहता, प्रखंड समन्यक पंचायती राज सुबोध कुमार, प्रखंड नजीर मुकुल कुमार, मुखिया, सुशीला देवी, जिप सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी, प्रमुख दीपा कुमारी , सीआरपी महेंद्र गुप्ता, भीएलडब्ल्यू राकेश बैठा, विधायक प्रतिनिधि अशोक पासवान, विधायक प्रतिनिधि सह बिशनपुरा मंडल मीडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह विशुनपुरा थाना एएसआइ संजय मेहता अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन किया

**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रक्सी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को मुखिया अंजू देवी की अध्यक्षता में हुई। इसकी शुरूआत वीडियो अरुण कुमार सिंह प्रमुख शांति देवी, जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने की। इस दौरान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पेंशन राशन मनरेगा एवं स्वास्थ्य शिक्षा एवं भूमि सुधार तथा आगनबाडी फुले बाई सावित्री योजना से संबंधित स्टाल लगाय गये थे। इसमें प्रखंड स्तरीय सभी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्या को संबंधित स्टाल पर आवेदन देकर पंजीकृत कराया। मनरेगा पशुपालन राशन एवं पेंशन से संबंधित सर्वाधिक आवेदन दीये गये। कार्यक्रम में बीएओ अंबुज कुमार,विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता, मंडल महामंत्री मंगल यादव,जाहु खान, मुखिया प्रतिनिधि सत्यनारायण बैठा, शैलेश यादव, बलवंत यादव, साहेब राम, विद्या यादव, विपिन यादव सहित प्रखंड के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।

(जिला निर्वाचन शाखा)

आम सूचना

एतद् द्वारा राँची जिला के अधीन पड़ने वाले सभी सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों क्रमशः 58 – तमाड़ (अ०ज०जा०), 61 – सिल्ली, 62 – खिजरी (अ०ज०जा०), 63 – राँची, 64 – हटिया, 65 – काँके (अ०जा०) एवं 66 – माण्डर (अ०ज०जा०) के नागरिकों, मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.01.2023 को अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनांक 09.11.2022 से 08.12.2022 तक है, इस अवधि के दौरान जो भी योग्य नागरिक दिनांक 01.01.2023 या उसके पूर्व 18 वर्ष या उससे अधिक के हो गये हैं वे निम्न प्रपत्रों में दावा आपत्ति आवेदन पत्र बी०एल०ओ०, संबंधी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी या निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में दे सकते हैं :–

I. प्रपत्र 6 – मतदाता सूची में नाम दर्ज करने हेतु।
II. प्रपत्र 7 – मतदाता सूची में सम्मिलित, मृत, स्थानान्तरित, दोबारा प्रविष्टि, योग्यता नहीं रखने वाले मतदाताओं का नाम हटाने हेतु
III. प्रपत्र 8 – मतदाता सूची में गलत नाम, उम्र, संबंधी का नाम, फोटो, पता आदि के सुधार हेतु एवं एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केन्द्र से दूसरे मतदान केन्द्र पर स्थानान्तरित करने हेतु।

सभी प्रपत्र निःशुल्क बी०एल०ओ०, संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी या निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय से लिये जा सकते हैं :–

विशेष अभियान दिवस :–

| क्र० | तिथि | दिन |
|---|---|---|
| 1 | 12.11.2022 | शनिवार |
| 2 | 13.11.2022 | रविवार |
| 3 | 19.11.2022 | शनिवार |
| 4 | 20.11.2022 | रविवार |

इन तिथियों को सभी बी०एल०ओ० अपने–अपने मतदान केन्द्र में विशेष अभियान दिवस को 10:00 बजे पूर्वा० से 5:00 बजे अप० तक उपस्थित रहकर भरे हुए दावा आपत्ति आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे। दावा आपत्ति आवेदन पत्र ECI के portal http://NVSP.in, GARUDA App एवं Voter Helpline App पर भी online दर्ज करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि वार्ड, पंचायतों के प्रतिनिधियों से भी अनुरोध है कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे इसलिये बी०एल०ए० के माध्यम से इसे कराने का कष्ट करेंगे।

सभी बी०एल०ओ० एवं सुपरवाईजर को निदेश है कि विशेष अभियान दिवस को अपने–अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, राँची।

PR 281436 Ranchi(22-23)D

### वारदात : दो हमलावरों को पुलिस और एक को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ा

# बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े बैंक मित्र को मारी गोली, गंभीर

**एसपी, एसडीपीओ व इंस्पेक्टर ने लिया घटना का जायजा, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता


अस्पताल में चल रहा इलाज।

## घटनास्थल से बाइक, पिस्टल, कारतूस जब्त

**लोहरदगा।** जिले के कुडू में बेखौफ अपराधियों ने एक बैंक मित्र को गोली मार दी। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसकी पहचान अमर पासवान (20) के रूप में हुई है। वह टाटी का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार अमर शुक्रवार की सुबह 10. 30 बजे अपने घर से निकल कर सड़क की दूसरी तरफ सीएससी सेंटर जा रहा था, तभी बिना नंबर की एक बाइक पर सवार तीन अपराधी वहां पहुंचे। इनमें से एक ने अमर के हाथ से बैग छीनने की कोशिश की, जिसका उसने विरोध किया, तभी दूसरे अपराधी ने ताबड़तोड़ चार गोलियां चला दी। जिसमें एक गोली कमर में लगी। गोली लगने से घायल अमर जमीन पर गिर कर चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर घर से परिजन निकले और ग्रामीणों के साथ दौड़ा कर एक हमलावर को पकड़ लिया, जबकि दो हमलावर अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद अपराधी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया। वहीं, वारदात में शामिल दो अपराधी भागकर कुडू बाजार टांड झखरा के समीप पहुंचे पर पुलिस ने उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया। इधर सूचना घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह, इंस्पेकर मंटु कुमार भी कुडू पहुंच गए और मामले की जानकारी ली। घटना की वजह लूट मानी जा रही है। चर्चा है कि तीन लाख की लूट हुई है। लेकिन फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इधर पुलिस सभी के आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने कुडू थाना क्षेत्र के सलगी निवासी प्रकाश यादव, लातेहार के हेरहंज निवासी मनीष यादव और विकाश गंझू को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से पिस्टल, मैगजीन और कारतूस के साथ ही बाइक भी जब्त की है। हालांकि पुलिस ने इसकी भी पुष्टि नहीं की है।

## 13 नवंबर चल चलेगा अखिल भारतीय अभियान

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रॉची के निर्देशन में लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से कानूनी जागरूकता फैलाने और पात्र लाभार्थियों को कानूनी अधिकार प्रदान करने के लिए संस्थानों और वंचितों के बीच की खाई को पाटने के लिए 31 अक्टूबर से अखिल भारतीय अभियान शुरू किया गया है, जो 13 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत जिला के विभिन्न स्थलों में नालसा और झालसा के निर्देशानुसार 11 सूत्रीय योजना, योजना संख्या-1 नालसा (आपदा पीड़ित योजना) योजना-2010, योजना संख्या-2 नालसा (तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितो के लिए विधिक सेवाऐं) योजना-2015, योजना संख्या-3 नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना-2015, योजना संख्या-4 नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए) योजना-2015, योजना संख्या-5 नालसा (मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना-2015, योजना संख्या-6 नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन) योजना-2015 और योजना संख्या-11 नालसा (अलग अलग विकलांग बच्चों के लिए विधिक सेवाए) योजना-2021 से संबंधित विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अलग-अलग कार्यक्रमों में लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी।

## कुडू व सेन्हा में सरकार आपके द्वार का आयोजन



**कुडू/सेन्हा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड अंतर्गत जिंगी पंचायत में भी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद, सदस्य पूर्व, प्रमुख कुडू, अध्यक्ष 20 सूत्री कुडू, उपाध्यक्ष 20 सूत्री, कुडू, कुडू बीडीओ, सीओ, जिन्गी पंसस, 20 सूत्री के सदस्य, मुखिया व वार्ड सदस्य शामिल हुए। सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के संबोधन के बाद लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें मनरेगा के तहत प्रति गांव पांच-पांच योजना का शुभारंभ करते हुए 23 योजना की स्वीकृति पत्र आवंटित किया गया। इसके अलावा सर्वजन पेंशन के तहत वृद्धा पेंशन-06, विधवा पेंशन-03, विकलांग पेंशन- 01 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गयाठ। साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत पांच छात्राओं को स्वीकृति पत्र का दिया गया। इस दौरान आमजनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एलईडी स्क्रीन पर लाईव सुना व देखा। मुख्यमंत्री पलामू जिला में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। दूसरी ओर, सेन्हा प्रखंड के बुटी पंचायत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहबुटी के पीछे स्थित मैदान में भी इस दिन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 25 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छह लाभुकों को केसीसी, पांच सखी मंडल के बीच 2.5 लाख का क्रेडिट लिंकेज, पांच महिलाओं को फुलो झानो आशीर्वाद अऊियान के तहत 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि, छह किशोरियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। इस मौके पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकरी पलटू महतो, बीडीओ अशोक चोपड़ा, सीओ विजय कुमार के साथ ही प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, 20 सूत्री अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। वहीं, लोहरदगा जिला जनसम्पर्क कार्यालय से सूचीबद्ध कला दल झारखण्ड का नवा मंजर के कलाकारों ने दल नायक गणेश लोहरा के नेतृत्व में गीत संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम पेश किया।

## भाजपा मंडल कमेटी की हुई मासिक बैठक

**कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय देवी मंडप के समीप भाजपा की मासिक बैठक हुई। सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बैठक में भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने एवं आने वाले विधानसभा चुनाव में वर्तमान गठबंधन सरकार की नाकामी को लोगों के बीच पहुंचाने को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से ही मैदान में उतरने का निर्देश दिया गया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार में शामिल लोग सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग कर अपनी झोली भरने में व्यस्त हैं। पत्थर और कोयला खनन के माफिया को बढ़ावा देने वाली सरकार विकास का झूठा सपना दिखा रही है। जबकि राज्य में अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद झारखंड की बेटियां असुरक्षित है। छेड़खानी, दुष्कर्म चरम पर है।

## देशहित में सीआरपीएफ हर वक्त तत्पर: कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



जरुरतमंदों के बीच सामग्री आवंटित करते सीआइएसएफ कमांडेंट व अन्य।

**पेशरार/लोहरदगा।** अति नक्सल प्रभावित पेशरार थाना परिसर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 158 बटालियन की ओर से सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच शुक्रवार को जरूरत की सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली, असिस्टेंट कमांडेंट रोशन कुमार और पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली द्वारा क्षेत्र के गरीब असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच इमरजेंसी लाइट, टीन सीट और बर्तन वितरण किया गया। कमांडेंट राहुल कुमार ने क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 158 बटालियन लोहरदगा जिले के अलावा देश के सभी राज्यों में लोगों के बीच पुलिस-पब्लिक के बीच में आपसी सद्भावना बनाये रखने हुए इस तरह के आयोजन करते आ रही है। कमांडेंट ने कहा कि जनता कि समस्याओं को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए समय-समय पर लोगों के बीच सिविक एक्शन प्रोग्राम कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाता है आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा। इस मौके पर अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## नालसा के सफल क्रियान्वयन को लेकर डीसी और एसपी के साथ पीडीजे ने की अहम बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार लोहरदगा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को महत्पूर्ण बैठक हुई। जिसमें जिले के डीसी सह डालसा उपाध्यक्ष डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक सह डालसा सदस्य आर रामकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल एवं डालसा सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से 12 नवंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों के निपटारे पर चर्चा हुई। साथ ही दिनांक 13 नवंबर को लोहरदगा जिला के सभी सात प्रखंडों में आयोजित की जा रही विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। विधिक सेवा सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जिन्हें सातों प्रखंडों के प्रखंड पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के बाद डालसा कार्यालय में रिपोर्ट समर्पित करवाना है। नालसा के अन्य कार्यक्रमों को लेकर प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने कहा कि आजादी के अमृत काल को ध्यान में रखते हुए नालसा, नई दिल्ली ने पूरे देश में 31 अक्टूबर से 13 नवंबर तक दो प्रोग्राम चलाएं हैं। लोहरदगा जेल एवं बाल सुधार गृह में बंद अभियुक्तों एवं बच्चों के बीच हक हमारा भी तो है की शुरूआत की गई है। जिसका उद्देश इस बात का पता लगाना है कि कोई बंदी ऐसा तो नहीं जिसे किसी तरह की शारीरिक, केस संबंधित या कोई अन्य तकलीफ हो लेकिन उस पर किसी की नजर नहीं जा पा रही है, सभी कैदियों से जेल में जाकर पूछताछ कर रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। वहीं नालसा द्वारा चलाए जा रहे आउटरीच प्रोग्राम से सशक्तिकरण का उद्देश घर-घर जाकर नालसा के विभिन्न 11 योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जेल में बंद 400 कैदियों से अधिवक्ता एवं पीएलवी के दो संयुक्त टीमें 29 प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बंदियों के समस्याओं को जानने का प्रत्यन कर रही है। साथ ही आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के पदस्थापित डालसा के पीएलवी एवं सामाजिक सरोकार रखने वाले अधिवक्तागण नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, कल्याणकारी कानूनों एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

## प्रकाश राम की पहल के बाद चंदवा पहुंचा भुनेश्वर का शव

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक प्रकाश राम की पहल के बाद बोरसीदग निवासी भनेश्वर मुंडा का पार्थिव शरीर शुक्रवार की देर शाम चंदवा पहुंचा। प्रकाश राम ने भुनेश्वर मुंडा के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद विजयवाड़ा से लाने का प्रबंध करवाया। क्योंकि स्वजनों के पास शव लाने का पैसा तक नहीं था। इसकी सूचना उन्होंने अपने परिचितों के माध्यम से प्रकाश राम को भिजवाया था। जिसके बाद प्रकाश राम ने संपर्क कर शव और परिजनों को चंदवा लाने का इंतजाम करवया। बतातें चलें कि भुनेश्वर की मौत आंधप्रदेश के विजयवाड़ा में ट्रेन से कटकर हो गयी थी। वह कमाने के लिए विशाखापट्टनम जा रहा था। वहीं, प्रशासन की ओर से बताया गया कि कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतक के स्वजनों को डेढ़ लाख की आर्थिक मदद मिलेगी।

### मुखिया ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

## मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : नरेश



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ पंचायत सचिवालय कक्ष में शुक्रवार को मुखिया नरेश लोहरा की ओर से गरीब व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। सादे समारोह में मुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांव व टोले के 200 गरीबों को कंबल मुहैया कराया। मुखिया नरेश लोहरा ने कहा कि पीड़ित मानव की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत दो साल से लगातार पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते रहे हैं। उस वक्त मुखिया नहीं थे। अब बालूमाथा की जनता के अपार स्नेह मिलने पर मुखिया बना हूं। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते थे वैसे लोगों को कंबल दिया हूं। वे इस दिन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे थे। कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हुऐ क्षेत्र में घूम-घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाई गई थी जो पूरी तरह लाचार व वेवश है। वैसे लोगों को कंबल दिया गया है। मुखिया ने कहा कि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीबों के लिए एक कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्या ममता देवी, डॉक्टर रजिया सुलतान, ग्रामप्रधान भुनेश्वर प्रसाद साहू, सभी वार्ड सदस्य सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एक लाख का नक्सली माओवादी जितेंद्र गंझू को पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता


गिरफ्तार माओवादी की जानकारी देती पुलिस।

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजनी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने माओवादियों के सक्रिय सदस्य जितेंद्र गंझू को धर दबोचा। वह चंदवा के दूधी माटी का रहने वाला है। लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जितेंद्र गंझु पर एक लाख रुपये का इनाम भी है। उसके पास चंदवा समेत विभिन्न थानों में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे जेल भेजा गया। वहीं, छापामारी दल में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, चंदवा थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, सुनील कुमार टूटी, मोहम्मद शाहरुख अंसारी, अरविंद कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## बॉक्साइट लोडेड ट्रक अनियंत्रित होकर धान खेत में पलटा

**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम तालाब के समीप घाघरा की ओर से आ रही बॉक्साइड लोडेड ट्रक डायवर्सन के पास अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हालांकि चालक बाल-बाल बच गया। घटना गुरुवार की रात एक बजे की बताई जा रही है। इसकी सूचना शुक्रवार की सुबह सेन्हा थाना प्रभारी को मिलते ही उनके निर्देश पर सआनि जमशेद खान शस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और दुर्घटना का जायजा लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गये। वहीं चालक गफार अंसारी ने बताया कि बॉक्साइड खदान से लोड कर आने के दौरान भड़गांव के पास डायवर्सन में स्टेयरिंग फेल होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर धान के खेत में पलट गई। हालांकि चालन समय रहते वाहन से कूद कर अपनी जान बचाया। बाद में पुलिस की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को खेल से बाहर निकाला गया। उधर, खेत में लगी फलस को भी नुकसान पहुंचा है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर फुट ओवरब्रिज के समीप गुरुवार देर शाम ट्रेन से गिर कर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक स्वर्णजयंती एक्प्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहा था तभी उसका पैर फिसला और वह ट्रेन के पहिये के निचे आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना मिलते ही टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, उप निरीक्षक मणिकांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। उसके पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। खबर लिखे जाने तक पुलिस उसकी पहचान सुनिश्चित करने में जुटी थी।

## प्रेमिका की बेरुखी से दुखी प्रेमी ने की खुदकुशी

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली गांव में प्रेमिका की पेरूखी से दुखी एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान दिलीप लोहरा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक दिलीप गुरुवार की सुबह 10 बजे कॉलेज पढ़ाई करने गया था। वहां से वापस लौटने के बाद घर में रखे दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर छत से लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। तब घर में कोई भी नहीं था। वहीं, बाद में धान काट कर उसकी मां सूरजमुखी देवी जब घर लौटी तो बेटे को फंदा से लटका पाया। इसने चिखना चिल्लाना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ देर बाद ही पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिय लोहरदगा भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं, मृतक की मां सूरजमुखी देवी के बयान के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पिछले दो वर्षों से मृतक का प्रेम संबंध भीठा गांव की एक लड़की के साथ था। पिछले कुछ दिनों से उनके संबंध ठीक नहीं थे। घटना की जांच की जा रही है। इसके बाद कर्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मृतक की मां के बयान के अनुसार प्रेमिका से तंग आकर बेटे ने फांसी लगाई है। घर में वह अपनी मां के साथ रहता था। बड़ा भाई बाहर कमाने गया है और उसके पिता की पांच साल पहले ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद उसकी मां घर में अकेली रह गई है।

## बैठक कर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर शहर के गुरिटाँड़ स्थित बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर बिरसा मुंडा स्मारक समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता करमा मुंडा ने की जबकि बैठक का संचालन बबन मुंडा कर रहे थे।बैठक में आगामी 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया जयंती के अवसर पर गुरिटाँड़ स्थित स्मारक स्थल पर मेले का ङ्गी आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।बैठक में वक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में मांडर विधानसङ्घा की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की,लातेहार विधायक बैथनाथ राम,पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी राजकुमार लकड़ा,चंदवा प्रखंड प्रमुख मनीषा उंराव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे जिसकी तैयारी अङ्घी से ही शुरू कर दी गई है।बैठक में मुख्य रूप से चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव,जितेंद्र सिंह,बिनेश्वर उंराव, संजय मुंडा,गणेश मुंडा,रँथु मुंडा,संतोष मुंडा, सनोज मुंडा,अनजन मुंडा,राजेंद्र मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे।

## बालूमाथ कृषि विज्ञान केंद्र में जल शक्ति अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के बालूमाथ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जल शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वर्षा के पानी को संचय करने के विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों के बारे में बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा वैज्ञानिक विधि से तलाब का मेड़बंदी करने के बारे में बताए गए और सब्जियों की खेती करने का सुझाव दिया गया। प्राकृतिक खेती के बारे में भी बताया गया। वैज्ञानिक डॉ सुनीता कुमारी कमल ने मानसून आने से पहले खेत की गहरी जुताई कर के वर्षा के पानी को खेत में ही रोकने का सुझाव दिया। खेती करने के साथ ही पशुपालन भी करने की सलाह दी गई। बताया गया कि तलाब के अगल-बगल पोषक वाटिका लगा कर हम पानी को संचित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न गांव से बनियों बिशुनपुर बालूमाथ एवं पकरी के 60 कृषक एवं कृषक महिला शामिल हुए।

## बीज का वितरण किया



**बसिया।** महिला विकास मंडल बसिया और जेएसएलपीएस के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन 2022-23 के अंतर्गत महिला विकास मंडल बसिया से जुड़े 300 सौ किसान दीदी को 2 किलोग्राम सरसों बीज प्रभेद-725 का वितरण किया गया। इस मौके पर बीएलएफसी विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष अल्बर्टा लकड़ा, निरंजन, पंकज, महादेव, विकास, राम किशुन साहू, राजकुमार कुजूर और बहुत सारे लाभुक उपस्थित थे।

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा शैक्षणिक कार्य किया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** छठे वेतनमान में उत्क्रमित वेतनमान की विसंगति,अंतरजिला में स्थानांतरण और अत्यधिक लिपिकीय कार्य सहित गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति के लिए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा घोषित आंदोलन के प्रथम चरण 4 नवंबर को शिक्षकों द्वारा काला बिल्ला लगाकर शैक्षणिक कार्य किया गया। शिक्षकों द्वारा 5 नवम्बर को भी काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का निर्णय लिया गया है।

## काला बिल्ला लगाकार पठन पाठन कार्य किया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के 140 प्राथमिक शिक्षक शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर स्कूलों में पठन पाठन का कार्य किया। इस बावत प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखण्ड अध्यक्ष मड़वारी साहु ने बताया कि चार सूत्री मांगो को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शुक्रवार से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। सरकार हमारी मांगो पर विचार नहीं करेगी तो चरणबद्ध तरीके से आमरण अनशन तक संघर्ष जारी रहेगी। मौके पर अंजय कुमार अकेला ,विपिन बिहारी झा,विनोद कुमार गुप्ता,समरुल हक,नागेश्वर साहु, शंकर महली,प्रकाश टोप्पो,मीना साहु,संजय साहू,मनपुरन साहु,प्रेम प्रकाश कुजूर सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## मूलभूत समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जनावल पंचायत के डोकापाठ गांव में शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। प्रखंड प्रशासन के द्वारा गांव में विभिन्न विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। ग्रामीणों के द्वारा लगभग 340 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन के द्वारा कई समस्याओं का तत्काल निवारण भी किया गया। वही प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा लोगो को सरकार के द्वरा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोग अपनी समस्याओं को खुलकर रखे। आपके द्वारा दिए गए आवेदनों को स्वीकृति दी जाएगी वहीं ग्रामीणों के द्वारा राशन कार्ड,आवास, कृषि विभाग, मनरेगा, भूमि सुधार,लगान रसीद, सर्वधन पेंशन योजना ,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, स्वास्थ विभाग आदि से संबंधित आवेदन को जमा किया गया। जिसमे लगभग 100 आवेदनों का मौके पर ही निपटारा किया गया। साथी महिला समूह को चेक भी दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डा.शिशिर कुमार सिंह सहित सभी जनसेवक,पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं हजारों की संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## चार सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने की बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को प्रखंड के सभी सरकारी शिक्षक अपने 4 सूत्री मांगों को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सरकार के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में काला बिल्ला लगाकर काम कर रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड के अध्यक्ष सुखदेव उरांव ने कहा कि हमारे संगठन के द्वारा सरकार से कई बार अपनी समस्याओं को लेकर बात रखा गया हैं, लेकिन सरकार सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं देती। इसलिए सरकार की ध्यान आकृष्ट करने के लिये हम लोग आंदोलन कर रहे हैं और 5 नवंबर को भी काला बिल्ला लगाकर अपनी कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सुनील भारती, ब्रह्मदेव उरांव, बालेश्वर उरांव, राजेश बैठा, तेंमबा उरांव, चंदन कुमार, सुनील उरांव, जगनारायण सिंह, चैतू उरांव, सिद्धेश्वर भगत, विजय तिर्की, जनेश्वर सिंह, प्रहलाद महतो, त्रिभुवन कुमार, रोजालिया लकड़ा, निर्मला कुमारी, सुधीर कुमार सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। इसके प्रथम चरण में सभी शिक्षकों को 4 व 5 नवंबर को काला बिल्ला लगाकर अपने-अपने कार्यस्थल पर कार्य करना है। इसी परिप्रेक्ष में घाघरा प्रखंड के सभी प्राथमिक एवम मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शुक्रवार को अपने-अपने कार्यस्थल पर अपना कार्य संपादित किया,जो कल भी जारी रहेगा। आंदोलन की अगली कड़ी में 7 से 12 नवंबर के बीच स्थानीय जनप्रतिनिधियों को हमारी चार सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बावजूद यदि सरकार लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन के तीसरे चरण में राज्यभर के शिक्षक 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। यदि सरकार के स्तर से कार्रवाई नहीं हुई, तो 17 दिसंबर से राज्यभर के शिक्षक अनिश्चितकालीन धरना देंगे। शिक्षकों ने कहा कि लंबित मांगों की प्राप्ति के लिए निर्धारित चरणबद्ध आंदोलन में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। आज के काला बिल्ला कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड अध्यक्ष अवधेश शिखर, सचिव गोपाल कृष्ण कुमार साहु, उपाध्यक्ष कृष्णा लोहरा,अगुस्टीना कान्ति टोप्पनो संयुक्त सचिव सत्येन्द्र कुमार, निरंजन कुमार साहु, संगठन सचिव सदानन्द शेखर, कोषाध्यक्ष अनिमा रानी टोप्पो के साथ साथ प्रखंड के रामरति कुमारी,स्नेहलता कुमार, मिथलेश मणि पाठक,सोमा बंगला,अरुण यादव,प्रेम केरकेट्टा, निशिकांत मित्तल, इब्राहिम अंसारी, बिहारी उरांव, राजकुमार भगत, देसनी कुमारी, पूनम टोप्पो, मुनी कच्छप, देवकुमारी धनवार, अनुभा एक्का, तेरेसा कच्छप के अलावे जिला अध्यक्ष रामचन्द्र खेरवार, उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा और संगठन महामंत्री लाल उरांव का विशेष योगदान रहा।

### सरकारी भवनों का बकाया होल्डिंग टैक्स 20 नवंबर तक जमा कराने का निर्देश

# नियोजित विकास के लिए योजना बनाये नगर परिषद : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने नगर परिषद के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार को निर्देश दिया कि शहर के दीर्घकालिक एवं नियोजित विकास हेतु एकीकृत योजना बनायें। विभाग के स्तर से प्राप्त अनुदान के अलावा जिला स्तर से भी उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि वे जिला प्रशासन की तरफ से शहर के सर्वांगीण विकास में सहयोग कर पायें। बैठक में नगर परिषद के राजस्व संग्रह, अतिक्रमण के मुद्दे, शहरी परिवहन, पार्कों के रखरखाव, बाजार टांड़ का पुनर्विकास, बस स्टैंड में सीसीटीवी आदि को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। नगर परिषद के राजस्व संग्रह की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे शहर स्थित सभी सरकारी भवनों के बकाया संपत्ति कर के लिए सभी कार्यालय प्रधानों को नोटिस भेजें। साथ ही सभी कार्यालय प्रधानों से भी उन्होंने अपील की कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित सभी सरकारी भवनों के बकाया संपत्ति कर का भुगतान 20 नवंबर तक अनिवार्य रूप से कर दें। जिन कार्यालयों के पास संपत्ति कर भुगतान हेतु आवंटन मौजूद नहीं है वे अपने विभाग से आवंटन मांगते हुए उपायुक्त को तथा नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को सूचित भी करें। बस स्टैंड की साफ सफाई, स्वच्छता आदि को लेकर उपायुक्त ने विशेष निर्देश दिए। शहर के बस पड़ाव, टैक्सी पड़ाव आदि को सुव्यवस्थित करने के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से काम करने हेतु नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। बैठक में उन्होंने सदर अंचल अधिकारी के निर्देश दिया कि पुगू नदी के नापी का शेष कार्य अविलंब पूरा कराते हुए उन्हें प्रतिवेदित करें। बैठक में अंचलाधिकारी सदर, नगर प्रबंधक हिमांशु कुमार मिश्रा एवं नगर परिषद के कनीय अभियंता गण मौजूद थे।



## जल्द होगी जिला में डिजिटल लिट्रेसी की शुरुआत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला में डिजिटल लिट्रेसी की शुरूआत करने को लेकर उपायुक्त काफी गंभीर दिखाई दिए। इस निमित शुक्रवार को उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में मोबाइल टावर एंड कनेक्टिविटी समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप डिजिटल लिट्रेसी की शुरूआत करने हेतु सभी पंचायतों में नेटवर्क कनेक्टिविटी को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मोबाइल टावर की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन भी क्षेत्रों में टावर अधिस्थापन का कार्य किया जाना है वहां से जल्द से जल्द एनओसी लेते हुए कार्य प्रारंभ करने की बात कही।साथ ही जहां मोबाइल टावर अधिस्थापन का कार्य पूर्ण हो चुका है वहां के टावर को एक्टिवेट करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी टावर की फ्रीक्वेंसी रेंज बढ़ाने के लिये टेलीकॉम कंपनी के स्टेट हेड से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। डिजिटल लिट्रेसी के तहत जिले के सभी पंचायतों में वाईफाई की कनेक्टिविटी होगी जिसके माध्यम से ऑनलाइन लाइब्रेरी प्रारंभ किया जायेगा। साथ ही ऑनलाइन कोर्सेस के माध्यम से बच्चों को विभिन्न विषयों के लिए प्रशिक्षण दिया जायेग। इसके अलावा उपायुक्त ने नए टावर अधिस्थापन हेतु स्थान का चयन करने एवं एनओसी प्राप्त करने के लिये भी आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ,अपर समाहर्ता गुमला सुधीर गुप्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी शुशील कुमार, इडीएम के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## लोक सेवा समिति के झारखंड रत्न अवार्ड से नवाजे जायेंगे जुन्नू रैन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोक सेवा समिति ने दिल्ली में अयोजित सम्मान समारोह में सैयद जुन्नू रेन को झारखंड रत्न के सम्मान से सम्मानित करेगी। यह सम्मान उन्हे खेल क्षेत्र मे दी गई बेहतर सेवा और अमूल्य योगदान के लिए दिया जा रहा है। समिति के प्दाधिकारियों ने बताया कि पुरे भारत से चयनित लोगों को भारत सेवा रत्न और झारखंड सेवा रत्न सम्मान से नवाजा जायेगा। लोक सेवा समिति के 31 वर्ष पूरा होने पर सम्मान समारोह का आयोजन 5 नवंबर को न्यू दिल्ली स्थित नेशनल कोशिल ऑफ बाइएमसीए ऑफ इंडिया गेट में किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसमें मुख्य रूप से हमारा देश हमारा उत्तरदायित्व विषय पर परिचर्चा की जायेगी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट करने वाले शख्सियत को चयन समिति द्वारा चयनित किया जायेगा। झारखंड रत्न 2022 मे खेल क्षेत्र मैं सेवा देने के साथ जुन्नु रैन ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य के लिए उपलब्धियां प्राप्त की हैं। जिनमें से 1994 से 2004 तक गुमला जिला को खेल नगरी के नाम से पूरे भारत में पहचान दिलायी। वही सुब्रतो कप और नेहरू कप जैसे राष्ट्रीय स्तर पर गुमला जिला को पहचान दिलाने में कई वर्षों तक अहम भूमिका निभायी। साथ ही जुन्नु रैन ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड और बिहार राज्य के तरफ से गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। वे बतौर खिलाड़ी बेस्ट गोलकीपर अवार्ड से नवाजे गये हैं। जुन्नु रैन को सम्मान लेने के लिए स्पोर्ट्स अकादमी के सभी खिलाडी द्वारा शहीद चौक से माला और मिठाई खिला कर विदा किया गया। मौके पर विकाश, दीपक, विक्रम, अनिष, रवि, असर, तौफीक, विजय, अरिब, सद्दाम शामिल थे।



## पत्रकार के निधन पर शोक प्रकट किया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्थनीय पत्रकार स्वर्गीय अजीत सोनी के असामयिक निधन पर झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने गहरा दुख प्रकट करते हुए इस दुख की घड़ी में दुखित परिवार को ईश्वर से दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना किया है। वहीं दल के नेताओं ने यह भी कहा है कि स्वर्गीय अजीत सोनी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी प्रयास के बाद अपनी पहचान बनाई थी । सरकार और प्रशासन से मृतक के आश्रितों को हर संभव मदद देने की भी मांग झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा की गई है। शोक प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह, प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, अजीत विश्वकर्मा, शंकर उरांव, मनी उरांव, ललन साहू, भूषण सिंह, फिलमोन कुजूर, शिवप्रसाद साहू, रामप्यार तूरी, सोमरा खड़िया, राधेश्याम सिंह, मंगरा उरांव, पूरन सिंह, पुष्पा उरांव, मालती देवी, कुसमा मिंज, सरिता देवी, बिरजीनिया मिंज, बिलो भगत के अलावे कई जेएनडी के नेताओं ने शोक प्रकट किया है।

### हिंडालको माइनिंग एरिया में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की

## बीडीओ ने हिंडाल्को कर्मियों को दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सीएसआर के तहत हिंडालको माइनिंग एरिया में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक घाघरा अंचल कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में माइनिंग क्षेत्र में पडने वाले भैसबथान सहित 3 सरकारी स्कूल आंगनबाड़ी की मरम्मत कराने साथ में पेयजल सड़क पानी शिक्षा स्वास्थ्य को बेहतर करने का हिंडाल्को कर्मियों को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिया। साथ ही मुख्यालय से दूर माइनिंग एरिया में पड़ने वाले गांव में लोगों का पेंशन राशन कार्ड आवास के लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश संबंधित पंचायत के मुखिया को सीओ प्रणव ऋतुराज ने निर्देश दिया। इसके साथ ही संसद आदर्श ग्राम बिमरला में सभी सुविधा के कार्यों को धरातल पर तेजी से करने की बात कर्मियों से कही। वही अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण को लेकर सत्यापन भी करने का बात कही ताकि हिंडालको द्वारा सरांगो, बिमरला व अन्य जगहों पर तालाब का निर्माण कराया जा सके। मौके पर हिंडालको के कई कर्मी पंचायत के कर्मी पंचायत सेवक व बिमरला, सरांगो सहित खनन क्षेत्र के कई मुखिया उपस्थित थे।



## आलोक दुबे आज गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे कल 5 नवंबर को गुमला जायेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि एवं प्रमुख कांग्रेस जनों की संगठन सशक्तिकरण अभियान एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की सफलता को लेकर आलोक दुबे समीक्षा करेंगे। संगठन की मजबूती के लिए पार्टी द्वारा तय समय सीमा के मातहत सांगठनिक ढांचा तैयार करना कांग्रेस जनों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड कमिटी और मंगल कमिटी का गठन 24 अक्टूबर तक ही हो जाना था लेकिन पर्व त्योहार के कारण कुछ विलंब जरुर हुआ है लेकिन कल इसे फाइनल कर अंतिम प्रतिवेदन पार्टी नेतृत्व को भेज दिया जायेगा। पूर्वाह्न 11.30 बजे से गुमला परिसदन में आयोजित बैठक में जिम्मेदार पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। 21 एवं 22 सितंबर को संगम गार्डेन रांची में नव निर्वाचित पीसीसी डेलीगेट एवं प्रखंड अध्यक्ष की उपस्थिति में निर्धारित डिजीटल मेंबरशिप एवं बूथ कमिटी को भी प्रमुखता से नियोजन करने का फैसला लिया गया था और इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई स्वीकार नहीं की जायेगी।

## प्रखंड स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कमेटी के द्वारा गुमला में प्रखंड स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम किया जायेगा। इस आलोक में 5 नवंबर 2022 दिन शनिवार को परिसदन भवन गुमला में प्रातः साढ़े 11 बजे बैठक बुलाई गई है। जिसमें सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पीसीसी डिलीगेट सह प्रखंड प्रभारियों की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है। भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्गत सभी प्रखंडो का कार्यक्रम निर्धारित किया जाना है। साथ ही नव गठित प्रखंड कमेटी एवं मंडल कमेटी की सूची जो अभी तक जमा नहीं किया गया हो उनकी सूची उपलब्धता सुनिश्चित कराने की प्रक्रिया की जायेगी। उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठक में आने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी, गुमला में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के संयोजक चैतु उरांव ने दी।

## कलश यात्रा के साथ आज से होगा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 05 से 08 नवंबर तक गायत्री शक्तिपीठ गुमला में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरआत कलश यात्रा के साथ होगी। इस यज्ञ का अयोजन अखंड विश्वशांति,राष्ट्र में भाईचारगी, स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण,वैश्विक महामारी से छुटकारा दिलाने व नारी शक्ति के उत्थान,नारीयस्य यत्र पूज्यंते तत्र रमंते देवता के उद्देश्य को लेकर नारी सशक्तिकरण जैसे उद्देश्यों को लेकर किया जा रहा है। बडाइक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला से प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो कि गायत्री मंदिर से बड़ा दुर्गा मंदिर होते हुए वन तालाब को जाएगी,जहां वरुण देव का पूजन करते हुए जल उठाव किया जाएगा तत्पश्चात पटेल चौक,मेन रोड,टावर चौक होते हुए पालकोट रोड पेट्रोल पंप से डीएसपी रोड होते हुए गायत्री मंदिर तक आकर यह कलश यात्रा सम्पन्न होगी। कलश यात्रा के पश्चात आरती किया जाएगा एवं महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। संध्याकालीन कार्यक्रम में संध्या 6 बजे से यज्ञ मंडप का उद्घाटन एवं कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत एवं प्रवचन के माध्यम से किया जायेगा। कलश यात्रा से प्रारंभ करते हुए इस भव्य 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का निष्पादन शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए टोली के टोली नायकः राजकुमार भृगु, सहटोली नायकः रामशंकर सिंह, गायकः सुनील बंशीधर, तबलावादकः प्रसाद दास एवं सहयोगी राजा राम के द्वारा कराया जायेगा।

## मुखिया पर दबाव डालकर योजना की राशि की निकासी की गयी, यह जांच का विषय

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की आगामी 29 सितंबर को हुई बैठक में अनुपस्थित पंचायत सचिव आशिक मीर से बीडीओ ने शुक्रवार को स्पस्टीकरण का मांग किया है। मांगे गए स्पष्टीकरण में 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने की बात भी कही है। स्पष्टीकरण मांग में पंचायत सचिव आशिक मीर से कहा गया है कि आपके द्वारा आगामी 29 सितंबर 2022 को 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक में अनुपस्थित पाए गए थे। जिससे आपके संबंधित पंचायत की समीक्षा नहीं हो पाई। साथ ही आपके द्वारा 15वें वित्त आयोग योजना अंतर्गत पंचायत की योजना में मुखिया पर दबाव डालकर योजना की राशि को निकासी कर लिया गया है जो ग्रामीणों द्वारा मामला उजागर किया गया था। इस तरह का कार्य किया गया जो सरकारी नियमानुकल है और आपकी कार्य आचरण के विरुद्ध है। यहां बता दें कि कई पंचायत सचिव दवाव डालकर कार्य करवा रहे हैं। हालांकि यह जांच का विषय है। लेकिन कई ग्रामीण भी पंचायत सचिव से परेशान दिखते है लेकिन लोग खुल के नही बोलते दबी जुबान में ही बोलते नजर आते है।

## विकास योजनाओं के चयन के लिए अभियान शुरू



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के घाघरा पंचायत मुखिया योगेंद्र भगत में विकास योजनाओं का चयन के लिए अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मुखिया योगेंद्र भगत ने पंचायत के कनीय अभियंता रंजीत कुमार के साथ प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया। वही पंचायत के विभिन्न टोले, मोहल्ले एवं गली का निरीक्षण कर जरूरत की योजनाओं का चयन किया। इस मौके पर योगेंद्र भगत ने कहा अनावश्यक योजनाओं का चयन कर पैसे का बंदरबांट ना हो इसलिए पहले घूम-घूम कर जनता से जुड़ी जरूरतमंद योजनाओं का चयन किया जा रहा है। साथ ही योजना का स्टीमेट कनीय अभियंता से बनाया जायेगा जिसके उपरांत योजनाओं का कार्य शुरू किया जायेगा। विकास की गति न रुके और हर टोले मोहल्ले गली में विकास की लहर दौड़े सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से पंचायत के लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। इस मौके पर पंचायत के लोगों ने अपनी समस्या से संबंधित बातें मुखिया से कही। वहीं योजनाओं के संबंध में गहन चर्चा पंचायत के लोगों से किया गया।

# अगर गांव मजबूत नहीं होगा तो राज्य कभी मजबूत नहीं होगा : हेमंत सोरेन




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बीस सालों में ऐसा माहौल कभी नहीं देखा गया जहां शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को कई कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया हो। यह संभव हुआ है इस सरकार में। उक्त बातें सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। वे मेदिनीनगर के पुलिस लाइन में शुक्रवार को आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, महापौर अरुणा शंकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछली सरकारों में सभी योजनाएं केवल कागजों तक सिमट कर रह जाती थी लेकिन वही इस सरकार में आप लोग देखिए सभी पदाधिकारी जहां जाने का रास्ता नहीं है वहां भी अब पदाधिकारी मोटरसाइकिल से जाकर योजनाओं को क्रियान्वयन करने के लिए घर-घर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2021 में इसी तरह शिविर का कार्यक्रम चलाया जा रहा था उसमें 6 हजार से अधिक शिविर कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जिसमें 35 लाख आवेदन आए थे। अब यह कार्यक्रम फिर से चालू हो गया है जो चलता रहेगा। इसमें 25 लााख आवेदनों में से 19 लाख लोगों का समाधान हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तक किसी सरकार ने बच्चियों के बारे में कभी नहीं सोचा लेकिन हमारी सरकार ने बच्चियों के लिए सावित्री बाई फूले योजना लाकर नव लाख बच्चियों को जोड़ने के लक्ष्य को लेकर इसमें अभी तक एक लाख 50 हजार बच्चियों को जोड़ दिया गया है। जो इनके लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए बृहद तरीके से काम कर रही है। सरकार गठन के 3 साल हो गए जब धरातल पर काम करने का समय आया तो करोना कॉल आ गया इसलिए बहुत कामकाज प्रभावित हुआ। लेकिन इस विषम परिस्थिति में भी जब लोग घरों में बंद थे तो हमने बाहर फंसे मजदूर भाइयों को वहां से निकालने के लिए हम लोग बहुत मशक्कत की। श्री सोरेन ने कहा कि अब जब काम करने का समय आया तो राज्य सुखाड़ का दंश झेल रहा है। सरकार ने तय समय से किसानों के लिए बीज एवं खाद को सभी प्रखंड को भेजा गया लेकिन सुखाड ने किसानों की कमर को तोड़ दिया। हमारी सरकार ने राज्य के 22 जिलों को सूखा घोषित किया है। इसमें किसानों को हर संभव मदद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर गांव मजबूत नहीं होगा तो राज्य कभी मजबूत नहीं होगा। इकीन की मजबूती के लिए राज्य सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जो 20 वर्षों तक सरकार चलाएं उसने राज्य को गर्त में धकेल दिया। हमारी सरकार ने गरीब बच्चियों के लिए प्राइवेट स्कूल से बढ़िया सीबीएसई की पढ़ाई के लिए हाइटेकी स्कूल की व्यवस्था कर रही है जो पूर्णता निशुल्क होगी और 15 नवंबर से इस पर काम चालू कर दिया जाएगा।

## विरोधियों को नहीं पच रहा गरीब के बेटे को कुर्सी पर बैठना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है तब से लेकर आज तक केवल सरकार गिराने में लोग लगे हैं। जब सरकार गिराना संभव नहीं हो पा रहा तो अब ईडी और सीबीआई से डराने का काम कर रहे हैं। मैं कोई चोर,उचक्का, बेईमान नहीं हूं कि इससे डर जाऊं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग ईडी और सीबीआई के लोगों को अपने गाड़ी में बैठा कर छापेमारी करवा रहे हैं यही इनका चाल और चरित्र है। इनको तो इतनी घटिया राजनीति के लिए चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जाना चाहिए। श्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ईमानदारी से काम कर रही है चाहे हमारे विधायकों के यहां भाजपा के लोग छापा मरवाए या हमारे यहां हमको इससे कोई अंतर नहीं पड़ता है। मैं एक गरीब का बेटा हूं हमारे यहां इनको खाली हाथ के अलावा और कुछ नहीं मिलेगा।

## आपकी योजना आपकी सरकार में नहीं पहुंचे स्थानीय विधायक

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया पाकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी कार्यक्रम में शिरकत नहीं किया था जबकि कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनर में विशिष्ट अतिथि के तौर पर इन को आमंत्रित किया गया था।

# सृजनात्मक शिक्षण ही प्रगति का पथ प्रतिष्ठित करता है : मनुज शर्मा

**आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला छात्रों एवं शिक्षकों को समर्थनवान बनाने की ओर अग्रसर**



**जपला (आजाद सिपाही)।** आर. पी. एस. पब्लिक स्कूल, जपला शिक्षण के क्षेत्र में नयी उचांईयों को छू रहा है। आरपीएस पब्लिक स्कूल अपने छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी समर्थनवान बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहता है। छात्रों एवं शिक्षकों को समर्थनवान बनाने के लिए इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड जैसे नवीनतम तकनीक का उपयोग करता है। इसमें प्रोजेक्टर कंप्यूटर, मल्टीमीडिया, दृश्यश्रव्य सामग्री इंफॉर्मेशन और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आई. सी. टी) का कौशल शामिल है। आई.सी.टी एक सहायक उपक्रम और संपूर्ण शिक्षण और शैक्षिक वातावरण की गुणवत्ता को संचालित करता है। स्कूल में सी.बी.एस.ई द्वारा निर्धारित नियम शिक्षण प्रशिक्षण निर्देश अपनाया गया है। आर. पी. एस. पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल मनुज शर्मा कहते है कि विचारशील कक्षा, वैचारिक स्पष्टता, प्रायोगिक ज्ञान या अनुड्डावात्मक शिक्षण हमेशा शैक्षिक उत्कृष्टता की ओर ले जाती है। सतत प्रशिक्षण शिक्षकों की गुणवत्ता एवं कार्य प्रणाली को सुदृढ़ करता है और शिक्षकों का आत्मिक, व्यवसायिक एवं व्यक्तिगत प्रगति का पथ प्रतिष्ठित करता है। प्रिंसिपल मनुज शर्मा कहते है कि शिक्षण पाठ्यक्रम किताबों और कक्षाओं से आगे बढ़कर सीखना नवोन्मेष की विशेषता है। छात्रों को कुछ सीखने की जिज्ञासा तभी होती है जब वह प्रासंगिक और रुचिकर हो। उनका मत है कि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पाठ आमतौर पर कक्षा में नहीं सीखा जाता है।

# मालिकाना हक दें मुख्यमंत्री : महापौर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री जी, मैं आपका ध्यान मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के अधीन पहाड़ी, हमीदगंज, बीएन कॉलेज इलाके की समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं, इस इलाके के बड़े भाग में लगभग 10 हजार से ज्यादा आबादी ऐसे लोगों की है। जो छोटा व्यवसाय, नौकरी, मजदूरी कर अपने परिवार का परवरिश कर रहे है। ऐसे लोगों ने अपना पेट काट कर एक एक पैसे जोडकर अपने बच्चों के भविष्य के लिए एक परिवार से एग्रीमेंट पर जमीन इस विश्वास पर खरीदा था कि उनलोगों का जल्द ही केवाला हो जाएगा। लेकिन 50 वर्ष बीतने के बाद भी आज तक ऐसे लोगो का जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिला। जिसकी वजह से वैसै लोग सरकार के जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाने के पात्र होने के बाद भी कागजात के अभाव में सरकार और निगम द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के लाभ से वंचित है। अभी मात्र वह आपकी सरकार द्वारा निर्धारित होल्डिंग टैक्स दे रहे है। उनके पास जमीन होते हुए भी लिगल डॉक्यूमेंट के अभाव में ना ही उन्हें आवासीय और ना ही स्थानीयता का सर्टिफिकेट मिल सकता है। फल स्वरूप उनके बच्चों के नौकरी में ग्रहण तक लग रहा और तो और जो लोग किसी तरह पेट काटकर भूमि तो ले लिए पर मालिकाना हक के अभाव में प्रधानमंत्री आवास तक का भी लाभ निगम से नहीं ले पा रहे है। उन्हें जमीन विक्रेता द्वारा हर 5 वर्षों में चुनाव आते ही जल्द केवाला कर देने का प्रलोभन देकर उन मासूमों से सिर्फ छल किया जा रहा है। अतः मेरा आपसे यह विनम्र अनुरोध होगा कि मोहल्ले में बसे लोगों की भूमि का मालिकाना हक दिलवाने के लिए सरकारी स्तर पर कैंप लगवा कर मालिकाना हक दिलवाने की कृपा करे ताकि वह अपने परिवार और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित कर सके। महापौर ने मुख्यमंत्री को हमीदगंज में एग्रीमेंट पर बसे 10000 लोगों की पीड़ा बताई। कहा कि मालिकाना हक दिलवा दीजिए मुख्यमंत्री जी।

# पूर्व मंत्री मधु सिंह गरीब, दलित, पिछड़ों, शोषित के लिए आजीवन संघर्ष किया : डॉ शशिभूषण



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायकडॉ शशिभूषण मेहता एवं डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने मधु सेवा संस्था द्वारा ग्राम कोनवाई में आयोजित झारखण्ड के पूर्व मंत्री स्वः मधु सिंह की जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर स्व मधु सिंह की प्रतिमा पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता,विधायक आलोक चौरसिया एवं पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी लाल सूराज ने माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि स्व. मधु सिंह ने गरीब,शोषित एवं पीड़ितों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन गरीबों के लिए समर्पित था। उन्होंने मजदूरी और कंडक्टरी करते हुए विधानसभा तक की यात्रा की एवं मंत्री बने। इनका पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा। उन्होंने शासक नहीं बल्कि सेवक के रुप में भूमिका निभाई। उनका संघर्षपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर शहीद अमरनाथ सिंह (ठाकुर साहब) की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि स्व. मधु सिंह गरीब दलित पिछडो के आवाज थे। उन्होंने नारा दिया था मधु सिंह का है ऐलान चलो गरीबो सीना तान। कार्यक्रम स्थल पर काफी संख्या में विधानसभा के कार्यकर्ताओ की भीड़ थी। कार्यक्रम का संचालन सतेन्द्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला परिषद पश्चिमी निधि सिंह, पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, कोनवाई मुखिया पति बृजदेव सिंह, सुरेन्द्र सिंह,निरंजन यादव,भीष्म चौरसिया, लातेहार जिला भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी यादव, भजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, दिलीप चौधरी, मनोज सिन्हा, मिंटी वर्मा, भुवाली यादव, शत्रुघ्न सिंह,कार्तिक सिंह, रामराज सिंह चेरो एवं सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन

**कृषि मंत्री बादल पत्रलेख समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेम और सद्भावना के लिए भारत जोड़ो का संकल्प लिया**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस द्वारा हुसैनाबाद में शुक्रवार को भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया।भारत जोड़ो यात्रा में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के कृषि व सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय,पूर्व मंत्री केशव कमलेश महतो आदि मौजूद थे।हुसैनाबाद में यात्रा की शुरूआत दाता नगर नदी पर से की गयी।जहाँ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि धनंजय तिवारी के नेतृत्व में नेताओ का भब्य स्वागत किया गया।अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा कन्याकुमारी से पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में यात्रा शुरू की गयी है। उसी यात्रा के तहत हुसैनाबाद में भी यात्रा शहर के नदी पर से निकाली गई जो शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए कपूरी मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा की शुरूआत के क्रम में कांग्रेसियों ने वतन से नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो, महंगाई से नाता तोड़ो, मिलकर भारत जोड़ो, प्रेम और सद्भावना के लिए भारत जोड़ो आदि का संकल्प लिया। साथ ही देश में हर वर्ग से केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। यात्रा में मुख्य रूप रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सिंह, एम तौसीफ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव हसनैन जैदी, मशरुर अहमद, रघुराई यादव, अवध बिहारी सिंह, लल्लू सिंह, अर्जुन सिंह, अम्बिका सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, शंभु कुमार सिंह, बृंदा पाठक,शैलेष सिंह आदि शामिल थे।

# हवाई अड्डा पर हेमंत सोरेन का स्वागत किया गया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पलामू पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके आगमन पर चियांकी हवाई अड्डा पर आयुक्त जटा शंकर चौधरी, डीआईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य समाजसेवी ने स्वागत किया। साथ ही ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सह संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण विभाग एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी स्वागत किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री को गार्ड-ऑफ ऑनर दिया गया।

**नुक्कड़-नाटक एवं गीत -संगीत के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक**

पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम में आए लोगों को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा नुक्कड़-नाटक एवं गीत-संगीत प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया।

**विभिन्न विभागों के लगे थे स्टॉल, दी जा रही थी योजनाओं की जानकारी**

'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जहां लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा था।

# चार सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने आंदोलन का बिगुल फूंका, काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की राज्य इकाई के आह्वान पर हुसैनाबाद अनुमंडल इकाई द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने शुक्रवार को आंदोलन की बिगुल फूंका। इसकी शुरूआत रा0 उर्दू मध्य विद्यालय परिसर से की गयी। अध्यक्षता जुबैर अंसारी ने की। संचालन निर्मल कुमार ने किया उनकी चारसूत्री मांगों में बिहार की तर्ज पर एमएसीपी की मांग जो सभी कोटि के शिक्षकों के लिए है,छठे वेतन आयोग के वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए इन्ट्री पे स्केल, इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर को सरल व सुगम बनाने,आरटीई के मान्यदंडों के प्रतिकूल एनजीओ के दबाव में गैर शैक्षणिक कार्यों की बहुलता से निजात आदि शामिल हैं।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, प्रमंडलीय सोशल मीडिया राजेश कुमार गुप्ता, एचएम विजय सिंह, अंगद प्रसाद, जितेंद्र राम सुरेंद्र राम, रंजीत कुमार, कन्हैया प्रसाद, जीएस चौबे, गिरिवर राम, धुरेंद्र पटेल, शंकर पासवान, महेंद्र बैठा, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, सुनील पासवान, महेश यादव,दीप नारायण सिंह, शकील अहमद, सैय्यद इकबाल हुसैन, हासिम अली, इकबाल अहमद, इशरत हुसैन, मो० नईम, जफीरुद्दीन, कृष्ण कांत सिंह, परमानंद प्रियदर्शी, राजेंद्र चौधरी, राजेंद्र पासवान, विजय भारती, विजय चौधरी, प्रभु राम, कमलेश पासवान, बिहारी रजक, योगेन्द्र पासवान, संजय पासवान, विनोद राम, उमेश पासवान, आशा कुमारी, शारदा कुमारी, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, नरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, राम लाल राम, दीवाकर पटेल, संतोष राम, महेंद्र प्रसाद, उपेंद्र कुमार, अवधेश पासवान, कामेश्वर पासवान, नरेश गुप्ता, रविन्द्र ठाकुर, सैय्यद शाने अहमद, अनिल राम,इलियास हुसैन, अनूप सिंह, महेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



मुझे पहली बार टीवी पर देखकर मेरा परिवार रोमांचित था : मीतू शर्मा

# ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 4 रन से हराया




**नई दिल्ली ।** टी-20 वर्ल्ड कप के 38वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 4 रन से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। कंगारू टीम के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए। उन्होंने 32 गेंद की पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, मिचेल मार्श ने 30 गेंद पर 45 रनों की पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए नवीन उल हक ने तीन और फजहलहक फारूकी ने दो विकेट लिए। राशिद खान और मुजीब उर रहमान को एक-एक सफलता मिली। अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन राशिद खान ने बनाए। उन्होंने 23 बॉल में 48 रन की पारी खेली। उनके बल्ले से 3 चौके और 4 छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 208.69 का रहा।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

**अफगानिस्तान:** रहमनुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), उस्मान गनी, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नायब, दरवेश रसूली, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी (कप्तान), राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी।

**ऑस्ट्रेलिया:** कैमरून ग्रीन, डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (कप्तान), पैट कमिंस, केन रिचर्डसन, एडम जम्पा, जोश हेजलवुड।

**दोनों टीमों के फुल स्क्वॉड**

टी-20 वर्ल्ड कप के 36वें मुकाबले में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका को 33 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम अभी भी सेमीफाइनल की दौड़ में बनी हुई है। पूरी मैच रिपोर्ट पढ़ने के लिए सेमीफाइनल की रेस में लौटा पाकिस्तानः2 कंडीशन पूरी होंगी तो अंतिम 4 में पहुंच जाएगा।

**जानिए भारत का समीकरण**

टी-20 वर्ल्ड कप में चौंकाने वाले नतीजों का दौर जारी है। ताजा मामला पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका का मैच है। भारत को हराने के बाद साउथ अफ्रीका की टीम जोरदार फॉर्म में नजर आ रही थी। वहीं, भारत और जिम्बाब्वे से हारकर पाकिस्तान के हौसले पस्त थे।

# पाकिस्तानी अभिनेत्री ने टी20 विश्व कप में भारत को हराने पर जिम्बाब्वे के लड़के से शादी करने का दिया प्रस्ताव



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप 2022 में सेमीफाइनल में पहुंचने से सिर्फ एक कदम दूर है। भारत को अपना आखिरी ग्रुप मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलना है और टीम इंडिया को इस मैच में जीत मिल जाती है तो रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। हालांकि इस मैच से पहले पाकिस्तान की अभिनेत्री सहर शिनवारी ने ट्वीट करते हुए कहा कि अगर भारतीय टीम को इस मैच में जिम्बाब्वे के हाथों हार मिल जाती है तो वो जिम्बाब्वे के एक लड़के से शादी कर लेंगी। सहर ने जो ट्वीट किया है वो वायरल हो गया है तो वहीं भारतीय टीम जब बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेल रही थी उस दौरान सहर लगातार ट्वीट पर ट्वीट कर रही थीं और कामना कर रही थीं कि टीम इंडिया को हार मिले, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया था। अब सहर ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं एक जिम्बाब्वे के लड़के से शादी करूंगी अगर उनकी टीम चमत्कारिक ढंग से भारत को अगले मैच में हरा देती है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मुआवजे की मांग को लेकर रैयतों ने किया आउटसोर्सिंग का चक्का जाम



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। मदनाडीह मौजा के रैयतों ने शुक्रवार को कनकनी कोलियरी में संचालित हिलटॉप राइज आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम कर दिया। रैयतों की मानें तो करीब पांच एकड़ जमीन का मामला है। अबतक मुआवजा नियोजन बाकी है। सुबह से ही ग्रामीण रैयत कंपनी का काम ठप कर दिये और प्रदर्शन करते हुए रैयतों के घरों की महिलाएं और बच्चे आउटसोर्सिंग स्थल पहुंच कर काम बंद करा दिया। रैयतों की अगुवाई कर रहे भुनेश्वर महतो और मनीष महतो ने कहा कि कनकनी में सालो से आउटसोर्सिंग द्वारा कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। अब डी पैच का भी काम चालू है। डी पैच में करीब पांच एकड़ जमीन रैयती है। उक्त जमीन को बीसीसीएल कुछ का रजिस्ट्री ले चुकी है, उसका भुगतान भी बाकी है। कुछ की रजिस्ट्री बाकी लेना है। लेकिन साल दर साल बीत रहा है। अब किसी रोज काम भी पूरा हो जायेगा। रैयत ठगे हुए मसहूस कर रहे है। उधर, काम बंद होने से आउटसोर्सिंग कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जीएम अंजय सिंह ने कहा कि प्रति घंटा कंपनी को तीन लाख का नुकसान हो रहा है। जमीन का मामला है। बीसीसीएल प्रबंधन ही इस मामले को निपटारा करा सकते हैं। इधर कंपनी ने नोवर्क नो पे का नोटिश चपका दिया है। हालांकि नोटिश में किसी भी प्रबंधक का हस्ताक्षर नहीं है। बंद कराने वालों में रैयत और ग्रमीण कल्याणी देवी राबनी कुमारी, कार्तिक महतो, राजेश महतो, श्रवण महतो, कमलू महतो, सानू महतो, आकाश महतो, मोहन महतो, जीतन महतो, मुकेश महतो, राजन महतो आदि दर्जनों रैयत ग्रामीण मौजदू थे।

## चंदनकियारी में बनेगा भव्य राधा कृष्ण मंदिर : उमाकांत



चंदनकियारी (आजाद सिपाही)। सिल्फोर में राधा कृष्ण का भव्य मंदिर बनेगा। शुक्रवार को हाजरों ग्रमीणों की उपस्थिति व पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने मंदिर की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि सिल्फोर का राधा कृष्ण मंदिर इस क्षेत्र का तीर्थ स्थल बनेगा। भगवान कृष्ण अन्याय को नष्ट करने के लिए मानव रूप में इस जगत में आये थे। उन्होंने कर्म को प्रधान बनाया था। चंदनकियारी के लोग न्याय प्रिय हैं। अन्याय के खिलाफ हमेशा संघर्ष किया है। भगवान श्रीकृष्ण से प्रतिदिन साक्षात से सिल्फोर के ग्रामीणों को सत्य के मार्ग में चलने की शक्ति मिलेगी। प्रसिद्ध प्रवचन करता हेमन्त दुबे ने अपने प्रेरक कथा से लोगों को खाशा प्रभावित किया। उनके अपील पर मंदिर के लिए लाखों रुपया योगदान तत्काल इकट्ठा हो गया। जिसमें सिंदरी विधायक प्रतिनिधि कुंवर कोइरी ने 51 हजार रुपये का योगदान दिया। इस पुनीत अवसर पर साधुशरण गोप, कुंवर कोईरी, बधन शर्मा, रमा देवी, भोलानाथ गोप, राज कुमार तिवारी, प्रकाश शर्मा, नितीश भारद्वाज, मंटू गोप, मुरारीलाल तिवारी आदि उपस्थित थे।

## इएसएल ने मानव संसाधन व्यवहार में स्थापित किये नये मानक




बोकारो (आजाद सिपाही)। इएसएल की एचआर टीम को एसोचैम द्वारा कार्य दृष्टि 2022 में प्रतिष्ठित पुरस्कार, 'एनुअल एचआर एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। उनको अभिनव मानव संसाधन प्रथाओं और भर्ती एवं प्रतिधारण के प्रभावी ड्राइवरों के माध्यम से संगठनात्मक परिवर्तन और उत्तम प्रबंधन के लिए उन्हें दो श्रेणियों उपाधि प्राप्त हुई। ये सम्मान ईएसएल के चल रहे नवाचार, तकनीकी प्रगति, बुनियादी ढांचे और सर्वोत्तम मानव संसाधन प्रथाओं का एक स्पष्ट प्रतिनिधित्व हैं। ईएसएल ने हमेशा लोगों को प्राथमिकता दी है, लोगों के प्रबंधन में भविष्य-केंद्रीत उत्कृष्टता प्रदान की है और व्यावसायिक परिणामों में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में मानव पूंजी के मूल्य को मान्यता दी है। खिरोद बारिक (उप प्रमुख सीएचआरओ) और शरद सिन्हा (उप प्रमुख- आईआर) ईएसएल स्टील लिमिटेड की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे थे और उन्हें एसोचैम के प्रतिनिधि द्वारा पुरुष्कृत किया गया।

## कतरास गंगा गौशाला में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन



कतरास (आजाद सिपाही)। श्री गंगा गौशाला करकेन्द में गोपाष्टमी मेले के अवसर पर शुक्रवार को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ नेहा प्रियदर्शनी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत कवि पंडित अशोक नागर ने सरस्वती वंदना से की। उज्जैन से आए हास्य कवि दिनेश दिग्गज ने ना हो दीवार तो ये खिड़कियां क्या काम आएगी, अगर जो पढ़ नहीं पाए किसी आंख के आंसू तुम्हारे नाम की यह डिग्रियां क्या काम आएगी ...कविता सुनाये । आगरा से आयी कवित्री योगिता चौहान ने इस धरती से उस अंबर तक हर घर अलख जगानी है, जान हथेली पर रखकर हम को गाय बचानी है... चूड़ी तेरे बगैर ना कंगना तेरे बगैर, भाता नहीं है मुझको यह दर्पण तेरे बगैर। सुनी मेरी हथेली है मौका हिना का है , कैसे बनूं बता दूं मैं दुल्हन तेरे बगैर..कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली से आयी कवित्री रजनी सिंह अवनि ने ना राधा हूं ना मीरा हूं इसे स्वीकार करती हूं, मगर हर शय मोहन मैं तेरा दीदार करती हूं। लाई सपने जगा कर तुम्हारे लिए। अपने पावन हृदय में बैठा लो मुझे आई हूं मैं यहां तुम्हारे लिए...कविता सुनाकर श्रोताओं को तालियां बजाने को मजबूर कर दी। उज्जैन से आए कवि राहुल शर्मा ने मत भूलो केसरिया की दृढ संकल्पित भाषा को, गौ रक्षा को जीने वाले संतों की अभिलाषा को। बिना दंड उदंडो की दानवता मंद नहीं होगी, केवल भाषण बाजी से गौ हत्या बंद नहीं होगी... कविता सुनाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। मध्य प्रदेश के शाहजापुर से आए पंडित अशोक नागर ने राधा से पूछा श्याम ने मैं किस जगह नहीं, गृहस्थ में नहीं हूं या वैराग्य में नहीं। क्या मैं कौरवो के दुर्भाग्य में नहीं ,या मैं पांडवों के सौभाग्य में नहीं। तब रो के बोली राधा तू सब जगह है श्याम, पर मैं यह कह रही थी मेरे भाग्य में नहीं...कविता सुनाये। श्रोताओं ने तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया। लखनऊ से आयी कवित्री कविता तिवारी ने सनातन धर्म संस्कृति को कभी बटने नहीं देंगे सकल धरती पे अपने मान को घटने नहीं देंगे। है जो जगती की पालनहार जिसमें देव बसते हैं । शपथ है हम कट्टी गोवंश को कटने नहीं देंगे। इस मौके पर बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, डॉ वीएन चौधरी, डॉ उमाशंकर सिंह, सुरेंद्र अग्रवाल, डॉ शिवानी झा, महेश अग्रवाल, डॉ धीरज चौधरी, पोरेश तिवारी, सुभाष राजगडिया, दीपक अग्रवाल, दीपनारायण सिंह, विनोद अग्रवाल, सीए राजेश सिंघल, कमलेश सिंह, पंकज सिन्हा, रणधीर ठाकुर, कृष्ण कन्हैया राय आदि उपस्थित थे ।

### नारायणपुर में आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, 24 कंबल वितरित

# सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें : पूनम

आजाद सिपाही संवाददाता



**नावाडीह/बेरमो।** झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर प्रखंड के नारायणपुर पंचायत स्थित दुर्गामंडप परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभाग की ओर से स्टॉल लगाए गए थे, जिसका प्रखंड प्रमुख ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिविकापार्जन के लिए गरीब लाभुकों को बकरी, बत्तख, गाय, सुअर आदि पशुधन का लाभ उठाने की अपील की। अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य गरीब-मजदूर व किसान को कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं कटना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार हर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है। वहीं, पंचायत के 24 लाभुकों को सोना सोबरन योजना के तहत 10-10 रुपए में मिलने वाली धोती साड़ी व कंबल का वितरण किया। इस मौके बीडीओ संजय सांडिल्य, सीओ अशोक कुमार सिन्हा, जेएसएस सत्येन्द्र साह, प्रभारी कृषि पदाधिकारी नरेश महतो, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कामेश्वर महतो, पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक अहमद रजा खान, पंचायती राज के सुबोध प्रजापति, बीपीओ आशीष रंजन, मुखिया जयंती देवी, पंचायत सचिव प्रेमकुमार दास, रोजगार सेवक दिगबंर महतो, पंसस कालेश्वर महतो, वार्ड सदस्य सुमिरन महतो, पूर्व मुखिया भेखलाल महतो, पूर्व पंसस जगरनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## कतरास में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल कतरास क्षेत्र की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के तहत शुक्रवार को लकड़का ग्राम में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर उप प्रबंधक कार्मिक राणा संतोष सिह, प्रशिक्षु कार्मिक नीतीश कुमार, डीसी पांडे एवं कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे। कतरास क्षेत्रीय मुख्यालय में सभी कर्मचारियों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 30 कर्मियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन सौरभ सिंह, प्रियंका कुमारी उपस्थित थे ।

**प्रपत्र–VII**

## गुमला समाहरणालय, गुमला
## ( भू- अर्जन शाखा )

**समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन)**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना **पुत्रीटोली (MDR-045)– टिम्बर मोड़ – रामपुर – बोरोसेता –जीतुटोली बेड़ाईरगी (कोयल नदी तक) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण योजना ग्राम–रामपुर, थाना–कामडारा, थाना न0–09, अंचल–कामडारा, जिला–गुमला कुल– 9.04¼** एकड़ यानि **3.66093 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **9.04¼ एकड़ यानि 3.66093 हेक्टेयर** है और जो **ग्राम–रामपुर, थाना–कामडारा, थाना न0–09, अंचल–कामडारा, जिला– गुमला** में है जिसका विवरण क्र0 से0–01से 36 तक निम्नलिखित हैः–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 5 | 4343 | दोन एक | 0.02½ | इलएश मुण्डा वो पतरश मुण्डा पेसरान खीरीशठ सहाय वो आकाश मुण्डा वो प्रभुसहाय मुण्डा पेसरान शामएल मुण्डा वो इशहाक मुण्डा वल्द जोहन मुण्डा वो पतरश मुण्डा वो दाउद मुण्डा पेसरान वलगा मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह। | 4343 | रास्ता | 4422 | 4342 |
| | | 4422 | दोन एक | 0.02½ | | 4422 | रास्ता | 4423 | 4343 |
| | | 4423 | टांड़ एक | 0.03 | | 4423 | रास्ता | 4424 | 4422 |
| | | 4424 | टांड़ एक | 0.03 | | 4424 | रास्ता | 4434 | 4423 |
| | | 4434 | टांड़ दो | 0.08 | | 4434 | रास्ता | 4447 | 4424 |
| 2. | 13 | 1258 | दोन एक | 0.00¾ | गन्दुरा खड़िया वो रोधु खड़िया पेसरान चन्दरा खड़िया एक हिस्सा ब हिस्सा बराबर वो रतना खड़िया वल्द बासु खड़िया दो हिस्सा वो हुका खड़िया वल्द बाडु खड़िया व हिस्सा वो डिम्कु खड़िया वो मंगरा खड़िया पेसरान सोमा खड़िया दो हिस्सा ब हिस्सा बराबर कौम खड़िया साकिन देह। | रास्ता | 1258 | 1263 | सिमाना लोयेंगकेल |
| | | 1263 | टांड़ दो | 0.06 | | रास्ता | 1263 | 1264 | 1258 |
| | | 1264 | टांड़ तीन | 0.11 | | रास्ता | 1264 | 3120 | 1263 |
| | | 1266 | टांड़ तीन | 0.05½ | | रास्ता | 1266 | 3119 | 3120 |
| | | 1271 | दोन तीन | 0.05¾ | | 1271 | रास्ता | 1270 | 1256 |
| | | 3117 | टांड़ तीन | 0.10 | | 3117 | रास्ता | 3114 | 1268 |
| 3. | 19 | 6191 | टांड़ तीन | 0.03 | जठु खड़िया वो भोजा खड़िया वो तेलगा खड़िया पेशरान चुमा खड़िया वो माहो खड़िया वो शानु खड़िया पेसरान फकीरा खड़िया वो पुहतु खड़िया वल्द जागी खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 6191 | 6192 | 6192 | 6191 |
| 4. | 33 | 5947 | टांड़ तीन | 0.02 | नागो खड़िया वो काशी खड़िया वो चोरगा खड़िया वो सोमा खड़िया वो फागु खड़िया पेसरान रीधा खड़िया एक हिस्सा व हिस्सा बराबर वो ठुपा खड़िया वल्द सावना खड़िया वा हिस्सा वो गन्दुरा खड़िया वो दयाल खड़िया पेसरान पाडु खड़िया एक हिस्सा व हिस्सा बराबर कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | रास्ता | 5947 | 5964 | रास्ता |
| | | 5991 | टांड़ दो | 0.00¾ | | 5991 | 5965 | रास्ता | 5991 |
| 5. | 42 | 3110 | परती पथल | 0.01 | बन्धु खड़िया वो सावना खड़िया वो शानी खड़िया वो सोमरा खड़िया पेसरान मंगरा खड़िया साकिन देह वो मोहन खड़िया वल्द पुना खड़िया साकिन मुड़ीआ थाना सिमडेगा परगना बीरू वो भंवरा खड़िया वल्द सुना खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 3110 | रास्ता | 4366 | 3111 |
| | | 3114 | टांड़ तीन | 0.03 | | 3114 | रास्ता | 3113 | 3117 |
| 6. | 47 | 4314 | टांड़ तीन | 0.11 | मंगरू खड़िया वो रशिका खड़िया पेसरान नथू खड़िया वो खुदु खड़िया वो डंगरू खड़िया पेसरान सोमरा खड़िया वो लोहरा खड़िया वल्द लाठी खड़िया वो ठुईपा खड़िया वल्द डुईया खड़िया कौम खड़िया साकिन देह। | रास्ता | 4314 | 4313 | 4324 |
| | | 4324 | दोन तीन | 0.03¼ | | रास्ता | 4324 | 4314 | 4325 |
| | | 4334 | टांड़ दो | 0.06 | | रास्ता | 4334 | 4333 | 4339 |
| | | 4453 | टांड़ तीन | 0.14 | | 4453 | रास्ता | 5067 | 4453 |
| 7. | 53 | 1268 | टांड़ तीन | 0.13 | मेखा पहान वो चेंगा पहान वो बुधु पहान पेसरान सोहराई पहान दो हिस्सा ब हिस्सा बराबर वो माहरा वो भुरसु पेसरान चामा एक हिस्सा ब हिस्सा बराबर वो मंगरा वो माधो पेसरान बन्धु एक हिस्सा ब हिस्सा बराबर कौम खड़िया साकिन देह। | 1268 | रास्ता | 3117 | 1270 |
| 8. | 48 | 4339 | टांड़ दो | 0.02 | मंगरू खड़िया वल्द नथु खड़िया कौम खड़िया साकिन देह । | रास्ता | 4339 | 4334 | 4340 |
| 9. | 55 | 3161 | टांड़ तीन | 0.03½ | मोहन खड़िया वो एतो खड़िया पेसरान सुखु खड़िया वो रथु खड़िया वो बेने खड़िया पेसरान सोहराई खड़िया वो गन्दुरा खड़िया वल्द रीगा खड़िया वो लोदो खड़िया वो मोठा खड़िया पेसरान लुन्दु खड़िया वो झरी खड़िया वल्द बुधु खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला दुमकी टोली। | रास्ता | 3161 | रास्ता | 3161 |
| | | 4256 | टांड़ दो | 0.06½ | | रास्ता | 4256 | 4255 | 4311 |
| | | 4340 | टांड़ दो | 0.10¾ | | रास्ता | 4340 | 4339 | रास्ता |
| | | 4447 | टांड़ तीन | 0.02¾ | | 4348 | रास्ता | 4344 | रास्ता |
| | | 4448 | टांड़ तीन | 0.06 | | 4448 | रास्ता | 4452 | 4447 |
| 10. | 60 | 5344 | टांड़ दो | 0.12 | रूइटा खड़िया वो टेको खड़िया वो तुरीया खड़िया पेसरान बोम्वा खड़िया एक हिस्सा बाहिस्सा बराबर वो सुकरू खड़िया वो छोटा रूइटा खड़िया पेसरान शानी खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर कौम खड़िया साकिन देह चोरबिंदा। | 5344 | 5345 | 5350 | 5091 |
| | | 5349 | टांड़ दो | 0.18¾ | | 5350 | 5349 | रास्ता | 5345 |
| | | 5350 | टांड़ दो | 0.09½ | | 5350 | 5349 | 5351 | 5344 |
| 11. | 63 | 5067 | टांड़ तीन | 0.16¼ | लछु खड़िया वो ठीबु खड़िया पेसरान रती खड़िया वो मोसामात बंधनी जौजे जोगी खड़िया कौम खड़िया साकिन देह चोरबिंदा। | 5067 | रास्ता | 5069 | 4453 |
| | | 6148 | टांड़ तीन | 0.21¾ | | 6146, 6153 | 6148 | 6149 | 6143 |
| | | 6165 | टांड़ तीन | 0.00¼ | | 6164 | 6165 | 6164 | 6164 |
| | | 6175 | टांड़ तीन | 0.01¾ | | 6192 | 6175 | 6175 | 6192 6176 |
| | | 6176 | टांड़ तीन | 0.05½ | | 6192 | 6176 | 6175 | 6192 |
| 12. | 64 | 3119 | टांड़ तीन | 0.10¼ | लेढा चीक वल्द बुधराम चीक वो बीपत चीक वल्द चमरू चीक कौम चीक साकिन देह बहिस्सा बराबर | रास्ता | 3119 | 3149 | 3120 |
| 13. | 71 | 4311 | टांड़ दो | 0.06 | बड़ा सुखराम खड़िया वो सुखमन खड़िया वो लुदु खड़िया पेसरान हरी खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर जठा खड़िया वो गुडे खड़िया वो कालो खड़िया पेसरान जडेया तीन हिस्सा बहिस्सा बराबर वो लहिरा खड़िया वो बनचु खड़िया वो चमन खड़िया पेसरान रूईठा खड़िया तीन हिस्सा बहिस्सा बराबर वो अभिराम खड़िया वो दुगन खड़िया वो दुखन खड़िया पेसरान नदीया खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो याकुब खड़िया वो हिन्दु खड़िया वो छोटा बुचु खड़िया पेसरान रति खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो बड़ा बुचु खड़िया वल्द सुखराम खड़िया एक हिस्सा वो मोती खड़िया वो मोठो वो दुआरी वो जगन पेशरान लुदु खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो मासोमात साउड़ी जौजे जोठो खड़िया एक हिस्सा वो छोटा सुखराम वल्द शकलो दो हिस्सा कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा॥ | रास्ता | 4311 | 4256 | 4312 |
| | | 4312 | दोन तीन | 0.06¼ | | रास्ता 4313 | 4312 | 4311 | 4313 |
| | | 4313 | परती कदीम | 0.07¾ | | रास्ता | 4313 | 4312 | 4314 |
| | | 4326 | टांड़ दो | 0.14¾ | | रास्ता | 4326 | 4325 | 4327 |
| | | 5072 | टांड़ दो | 0.19 | | 5072 | रास्ता | 5073 | 5070 |
| | | 5073 | टांड़ दो | 0.05½ | | 5073 | रास्ता | 5074 | 5072 |
| | | 5414 | टांड़ दो | 0.05¼ | | रास्ता | 5414 | 5413 | 5415 |
| | | 6167 | टांड़ तीन | 0.03½ | | 6183 | 6167 | 6164 | 6183 |
| | | 6177 | टांड़ तीन | 0.14 | | 6177 | 6130 | 6131 | 6129 |
| | | 6178 | टांड़ दो | 0.00¼ | | 6178 | 6130 | 6177 | 6178 |
| | | 6183 | दोन तीन | 0.09¾ | | 6183 | 6192 | 6192 | 6183 |
| 14. | 72 | 3111 | दोन तीन | 0.03½ | सोमरा खड़िया वो शनी खड़िया वो सावना खड़िया पेसरान मंगरा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह बहिस्सा बराबर। | 3111 | रास्ता | 3112 | 3113 |
| | | 5345 | टांड़ दो | 0.16¾ | कुशलमए मुण्डा वो दानीयल मुण्डा पेसरान दाउद मुण्डा एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो पतरश मुण्डा वो प्रभुसहाय मुण्डा पेसरान फुआन मुण्डा एक हिस्सा बराबर शीलास मुण्डा वल्द टेमका मुण्डा एक हिस्सा कौम मुण्डा साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 5344 | 5345 | 5349 | 5094 |
| | | 5351 | परती कदीम | 0.00¼ | | 5351 | रास्ता | 5355 | 5350 |
| 15. | 81 | 5355 | टांड़ दो | 0.09½ | | 5355 | रास्ता | रास्ता | 5351 |
| | | 5376 | टांड़ एक | 0.01½ | | 5376 | रास्ता | 5377 | रास्ता |
| | | 5377 | परती कदीम | 0.00¾ | | 5377 | रास्ता | 5379 | 5376 |
| | | 5379 | टांड़ एक | 0.03¼ | | 5379 | रास्ता | 5380 | 5377 |
| | | 5380 | टांड़ दो | 0.02¼ | | 5380 | रास्ता | 5386 | 5379 |
| | | 5426 | टांड़ दो | 0.08 | | रास्ता | 5426 | 5323 | 5432 |
| 16. | 84 | 4325 | टांड़ दो | 0.09 | चमार खड़िया वल्द दामोदर खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | रास्ता | 4325 | 4324 | 4326 |
| | | 5423 | टांड़ दो | 0.06 | | रास्ता | 5423 | रास्ता | 5426 |
| 17. | 89 | 5974 | टांड़ दो | 002¾ | चुमा खड़िया वो जोगी खड़िया पेसरान भोजा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा ब हिस्सा बराबर। | 5974 | रास्ता | 5973 | 5411 |
| 18. | 93 | 5069 | टांड़ तीन | 0.09 | बड़ा जैमाशी मुण्डा वल्द पौलुश मुण्डा वो जोहन मुण्डा वल्द संतोख मुण्डा वो मरकश मुण्डा वो छोटा जैमशी मुण्डा वो बरनावस मुण्डा पेसरान गुलीआ मुण्डा वो छोटा गुलीआ मुण्डा वल्द दोमो मुण्डा वो संतोख मुण्डा वो पतरश मुण्डा वो जुशफ मुण्डा पेसरान बलगा मुण्डा वो लहुरा मुण्डा वल्द शडेगा मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह टोला दुमकी टोली। | 5069 | रास्ता | 5070 | 5067 |
| | | 5070 | टांड़ तीन | 0.05¾ | | 5070 | रास्ता | 5072 | 5069 |
| 19. | 95 | 3150 | टांड़ तीन | 0.04¼ | | रास्ता | 3150 | 3149 | 3149 |
| | | 3155 | टांड़ तीन | 0.05½ | | रास्ता | 3155 | रास्ता | 3152 |
| | | 3160 | टांड़ तीन | 0.08½ | | 3158 | 3160 | रास्ता | 3160 |
| | | 4342 | दोन तीन | 0.02½ | | 4342 | रास्ता | 4343 | 4343 |
| | | 4344 | दोन तीन | 0.04¼ | | 4344 | रास्ता | 4342 | 4347 |
| | | 4347 | परती कदीम | 0.01 | | 4347 | रास्ता | 4344 | 4348 |
| | | 4348 | दोन दो | 0.04 | | 4353 | 4347 | 4348 | रास्ता |
| | | 4353 | टांड़ तीन | 0.05½ | | 4354 | 4348 | 4353 | 4354 |
| | | 4360 | टांड़ तीन | 0.05¼ | | 4360 | 4359 | 4360 | रास्ता |
| | | 4361 | परती पथल | 0.0¼ | | 4360 | 4360 | 4361 | रास्ता |
| | | 4362 | परती कदीम | 0.04¼ | | 4362 | रास्ता | 4362 | रास्ता |
| | | 4366 | टांड़ तीन | 0.0¾ | | 4366 | रास्ता | 4367 | 3110 |
| | | 4367 | टांड़ तीन | 0.01¾ | | 4367 | रास्ता | 4368 | 4366 |
| | | 4368 | परती कदीम | 0.01 | | 4368 | 4369 | 4369 | रास्ता |
| | | 4369 | टांड़ तीन | 0.01½ | | 4368 | 4371 | 4369 | रास्ता |
| 20. | 96 | 3158 | टांड़ तीन | 0.11 | जोहन मुण्डा वल्द संतोख मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह टोला दुमकी टोली। | 3156 | 3160 | 3154 | 3158 |
| | | 4356 | टांड़ तीन | 0.07½ | | रास्ता | 3158 | 3156 | 3156 |
| | | 4372 | टांड़ तीन | 0.01¾ | | 4371 | 4363 | 4372 | रास्ता |
| 21. | 97 | 5969 | टांड़ दो | 0.01 | जोहन खड़िया वो जुसफ खड़िया वो रघु खड़िया वो शोमएल खड़िया वो जोआकीम खड़िया वो नुआस खड़िया पेसरान सोमरा खड़िया एक हिस्सा बहिस्सा बराबर वो पुना खड़िया वल्द लुरकु खड़िया एक हिस्सा वो चरकु खड़िया वो मनीशाय खड़िया पेसरान लगड़ा खड़िया दो हिस्सा बहिस्सा बराबर वो जरका खड़िया वल्द जदुराम खड़िया एक हिस्सा वो बोआश खड़िया वल्द दुरगा खड़िया वो पुगनी खड़िया वो बीधा खड़िया पेसरान लोहरा खड़िया पाँच हिस्सा बहिस्सा बराबर वो एतवार खड़िया वो जेठो खड़िया पेसरान फकीरा खड़िया पाँच हिस्सा बहिस्सा बरा वो मुसामात ठाकी जौजे नरनारों खड़िया पाँच हिस्सा | 5969 | 5968 5967 | 5966 | 5970 |
| | | 5970 | टांड़ दो | 0.02½ | | 5970 | रास्ता 5968 | 5969 | 5972 |
| | | 5972 | टांड़ दो | 0.04¾ | | 5972 | रास्ता | 5970 | 5973 |
| | | 5973 | टांड़ दो | 0.04 | | 5973 | रास्ता | 5972 | 5974 |
| | | 6150 | टांड़ दो | 0.06½ | | 6150 | सीमाना बोरोसेता थाना बानो | सीमाना सेमहातू थाना बानो | 6153 |
| | | 6153 | टांड़ दो | 0.04½ | | 6153 | 6148 | 6150 | 6143 |
| 22. | 100 | 5409 | दोन तीन | 0.02¼ | टेरे मुण्डा वो रतीआ मुण्डा पेसरान शोरगो मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह टोला चोरबिंदा बहिस्सा। | 5409 | रास्ता | 5410 | 5408 |
| | | 5410 | दोन तीन | 0.02¼ | | 5410 | रास्ता | 5411 | 5409 |
| | | 5411 | खलियान | 0.½ | | 5411 | रास्ता | 5974 5410 | |
| | | 5415 | टांड़ दो | 0.01¾ | | रास्ता | 5415 | 5414 | 5419 |
| | | 5432 | टांड़ दो | 0.04 | | रास्ता | 5432 | 5426 | 5433 |
| | | 5433 | टांड़ दो | 0.01 | | रास्ता | 5433 | 5432 | रास्ता |
| | | 5963 | दोन तीन | 0.04 | | रास्ता | 5963 | 5463 | रास्ता |
| | | 5964 | टांड़ तीन | 0.00¾ | | रास्ता | 5964 | 5964 | रास्ता |
| | | 5965 | टांड़ तीन | 0.15½ | | 5991 | रास्ता | रास्ता | 5966 |
| | | 5966 | टांड़ तीन | 0.01 | | 5966 | 5967 | 5965 | 5969 |
| | | 5967 | टांड़ तीन | 0.21 | | 5966 | 5967 | रास्ता | 5968 |
| | | 5968 | टांड़ तीन | 0.15½ | | 5970 5969 | 5968 | 5967 | 5968 |
| | | 6130 | टांड़ तीन | 0.17½ | | 6177 | 6130 | 6131 | 6129 |
| | | 6131 | टांड़ तीन | 0.06¼ | | 6177 | 6131 | 6176 | 6130 |
| 23. | 116 | 5961 | टांड़ दो | 0.21½ | वीर सिंह खड़िया वो दोमे खड़िया पेसरान चुमा खड़िया दो हिस्सा बराबर वो डेवरा खड़िया वल्द ठुइशा खड़िया एक हिस्सा वो जोगी खड़िया वल्द डुंडा खड़िया एक हिस्सा कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 6068 | 5961 | 5961 | रास्ता |
| | | 6068 | टांड़ तीन | 0.21¼ | | 6068 | 5961 | 6069 | रास्ता |
| | | 6069 | टांड़ तीन | 0.16¾ | | 6069 | 6069 | 6070 | 6068 |
| | | 6071 | टांड़ तीन | 0.00¾ | | 6070 | 6071 | 6071 | 6069 |
| | | 6145 | दोन तीन | 0.06 | | 6156 | 6145 | 6146 | 6162 |
| | | 6160 | दोन तीन | 0.06 | | 6160 | 6161 | 6159 | 6161 |
| | | 6161 | छोटा झाड़ी | 0.10 | | 6161 | 6163 | 6162 | 6163 |
| | | 6162 | दोन दो | 0.13 | | 6156, 6158 | 6162 | 6145 | 6163, 6161 |
| | | 6163 | दोन एक | 0.40 | | 6163 | 6163, 6164 | 6161, 6160 | 6162 |
| | | 6212 | दोन एक | 0.01 | | 6212 | 6164 | 6163 | 6215 |
| 24. | 117 | 4253 | टांड़ दो | 0.01 | बुचा खड़िया वल्द डोमरा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 4254 | 4253 | 5091 | 4255 |
| | | 4255 | टांड़ दो | 0.12 | | 4254 | 4255 | 4253 | 4256 |
| | | 5075 | टांड़ दो | 0.13 | | 5075 | 4254 | 5091 | 5074 |
| | | 5091 | टांड़ दो | 0.29 | | 5091 | 5091 | 5094 | 4253 |
| | | 5413 | टांड़ दो | 0.05¾ | | रास्ता | 5413 | 5836 | 5413 |
| 25. | 199 | 6128 | टांड़ तीन | 0.00¼ | ठुपा खड़िया वल्द सावन खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 6128 | 6129 | 6129 | 6056 |
| 26. | 204 | 1270 | दोन तीन | 0.05½ | डेम्बु खड़िया वो मगरा खड़िया पेसरान शोमा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह एक हिस्सा बराबर। | 1270 | रास्ता | 1268 | 1271 |
| 27. | 224 | 6156 | परती कदीम टांड तीन | 0.09 | दोमे खड़िया वल्द धुमा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 6156 | 6162 6145 | 6146 | 6158 |
| 28. | 249 | 6146 | टांड़ तीन | 0.16½ | वीर सिंह खड़िया वल्द धुमा खड़िया कौम खड़िया साकिन देह टोला चोरबिंदा। | 6146 | 6146 | 6148 6153 | 6156 6145 |
| | | 6158 | दोन तीन | 0.02½ | | 6158 | 6162 | 6156 | 6159 |
| 29. | 333 | 1254 | टांड़ तीन | 0.00¾ | वकास्त भूइहरी खेवट नं0–5/3 | 1254 | रास्ता | 1256 | 1255 |
| | | 1256 | दोन तीन | 0.05¼ | | 1256 | रास्ता | 1261 | 1254 |
| 30. | 334 | 4333 | टांड़ दो | 0.04½ | वकास्त भूइहरी खेवट नं0–6/1 | रास्ता | 4333 | 4327 | 4334 |
| 31. | 335 | 4327 | टांड़ दो | 0.10¼ | वकास्त भूइहरी खेवट नं0– | रास्ता | 4327 | 4326 | 4333 |
| 32. | 364 | 6129 | टांड़ तीन | 0.32 | वकास्त भूइहरी खेवट नं0–11/3 | 6129 | 6070 | 6130 | 6128 |
| 33. | 367 | 6056 | परती जदीद टांड़ | 0.08¾ | वकास्त भूइहरी खेवट नं0–11/6 | 6056 | 6070 | 6129 | 6056 |
| | | 6070 | दोन तीन | 0.10 | | 6056 | 6070 | 6070 | 6069 |
| 34. | 380 | 5389 | टांड़ दो | 0.00¼ | वकास्त भूइहरी खेवट नं0–14/7 | 5389 | रास्ता | 5388 | 5357 |
| 35. | 382 | 5387 | टांड़ दो | 0.01 | वकास्त भूइहरी खेवट नं0–14/9 | 5387 | रास्ता | 5389 | 5386 |
| 36. | 383 | 5386 | टांड़ दो | 0.01 | वकास्त भूइहरी खेवट नं0–14/10 | 5386 | रास्ता | 5387 | 5380 |
| | | कुल | | **9.04¼** | | | | | |

यदि अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियाम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः–शून्य

**ग्राम–रामपुर, थाना–कामडारा, थाना न0–09, अंचल–कामडारा, जिला– गुमला क्षेत्रफल 9.04¼ एकड़ यानि 3.66093 हेक्टेयर**

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेशभाग मे पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागो में पड़े खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर आवश्यक नहीं है ।

**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के** कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है ।

पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैः– शून्य है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला। | अपर समाहर्त्ता गुमला। | उपायुक्त गुमला।

PR 281412 Land Reforms(22-23)#D

# ट्विटर ने भारत में भी शुरू की कर्मचारियों की छंटनी

## मार्केटिंग और सेल्स की पूरी टीम को निकाला गया

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने इंप्लॉइज की छंटनी शुरू कर दी हैं। कंपनी अपने कर्मचारियों को ईमेल से इस बारे में सूचित कर रही है। ट्विटर में अभी करीब 7,500 इंप्लॉइज है। इनमें से करीब 3,700 की नौकरी जा सकती है। भारत में भी ट्विटर के कर्मचारियों को कंपनी का ईमेल मिला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में ट्विटर इंडिया के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि मार्केटिंग, पार्टनर रिलेशन, सेल्स और कंटेंट क्यूरेशन और एडिटोरियल जैसे वर्टिकल में पूरी टीमों को निकाल दिया गया है।

भारत में ट्विटर की कम्युनिकेशन टीम को लीड कर रही पल्लवी वालिया ने ट्वीट करते हुए निकाले जाने की जानकारी दी। 25 वर्षीय भारतीय यश अग्रवाल भी उन वर्कर्स में से एक हैं जिन्हें निकाल कर दिया गया है। निकाले जाने के बाद, उन्होंने ट्विटर पर अपनी एक जॉयफुल फोटो के साथ एक पोस्ट अपलोड किया। उनके पोस्ट में हैशटैग "#lovetwitter" और "#lovewhereyouworked" शामिल हैं। यश ने लिखा, बस निकाल दिया गया। बर्ड ऐप, इस टीम, इस संस्कृति का हिस्सा बनना अब तक का सबसे बड़ा सौभाग्य है। बीते दिन



एम्प्लॉइज को छंटनी से जुड़ा एक ई-मेल मिला था। इसमें लिखा था- 'अगर आप ऑफिस के रास्ते में हैं तो वापस घर लौट जायें। ऑफिस अस्थायी रूप से बंद रहेंगे और प्रत्येक कर्मचारी के साथ-साथ ट्विटर सिस्टम और कस्टमर डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए सभी बैज एक्सेस को सस्पेंड किया जा रहा है।'

**छंटनी करने पर मुकदमा दायर :** ट्विटर इंक पर वर्कफोर्स को कम करने के प्लान को लेकर सैन फ्रांसिस्को फेडरल कोर्ट में गुरुवार को एक क्लास-एक्शन लॉसूट फाइल किया गया है। एम्प्लॉइज का कहना है कि कंपनी पर्याप्त नोटिस के बिना ये सब कर रही है। ये फेडरल और कैलिफोर्निया कानून का उल्लंघन है। फेडरल वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिट्रेनिंग नोटिफिकेशन एक्ट बड़ी कंपनियों को कम से कम 60 दिनों के एडवांस नोटिस के बिना बड़े पैमाने पर छंटनी से प्रतिबंधित करता है।

**पढ़े पूरा ईमेल :** ईमेल में कहा गया है कि 'ट्विटर को एक हेल्दी रास्ते पर ले जाने के लिए हम शुक्रवार को हमारी ग्लोबल वर्कफोर्स को कम करने की कठिन प्रोसेस से गुजरेंगे। इससे ट्विटर के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कई कर्मचारी प्रभावित होंगे, लेकिन दुर्भाग्य से ट्विटर को सफलता के रास्ते पर ले जाने के लिए यह कदम जरूरी है।

**आप स्पैम फोल्डर सहित अपना मेल चेक करें :** अगर आपकी नौकरी प्रभावित नहीं हुई है, तो आपको आपके ट्विटर ई-मेल के जरिए एक नोटिफिकेशन मिलेगा। अगर आपकी नौकरी प्रभावित हुई है, तो आपको अगले कदम के लिए आपके पर्सनल ई-मेल पर नोटिफिकेशन मिलेगा। अगर आपको twitter-hr@ से शुक्रवार को 5ढट ढरळ तक कोई मेल नहीं मिलता है, तो peoplequestio»»fs@twitter.com को मेल करें।

मेल में ये भी कहा गया है कि, 'ट्विटर सिस्टम्स, कस्टमर डाटा और प्रत्येक कर्मचारी की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हमारा ऑफिस अस्थाई रूप से बंद रहेगा। साथ ही सभी बैज सस्पेंड कर दिए गए हैं। अगर आप किसी ऑफिस में हैं या ऑफिस के रास्ते में हैं, तो कृपया घर लौट जाएं। हमें पता है कि यह सभी के किए काफी चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, चाहे आपकी नौकरी प्रभावित हो रही हो या नहीं।'

बता दें कि एलन मस्क ने 27 अक्टूबर 44 बिलियन डॉलर की डील में ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद कंपनी के चार टॉप ऑफिशियल्स को निकाल दिया था। इनमें उएड पराग अग्रवाल, फाइनेंस चीफ नेड सेगल और लीगल एग्जीक्यूटिव्स विजया गड्डे और सीन एडगेट शामिल हैं। इसके बाद चीफ मार्केटिंग ऑफिसर लेस्ली बेरलैंड, चीफ कस्टमर ऑफिसर सारा पर्सनेट और ग्लोबल क्लाइंट सॉल्यूशंस के वाइस प्रेसिडेंट जीन-फिलिप महू को बाहर कर दिया गया।

# खोरधारोड मंडल ने ओएचइ इंसुलेटर की लाइव क्लिनिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का किया विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधारोड।** खोरधारोड मंडल ने ओवर हेड इलेक्ट्रिसिटी (ओएचइ) इंसुलेटर की लाइव क्लिनिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया है। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड, कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में पारादीप पोर्ट यार्ड में हॉटलाइन क्लिनिंग सुविधा के साथ निरीक्षण कार का उद्घाटन किया गया। यह भारतीय रेलवे पर प्रथम है कि इस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को लाइव ओएचई रखरखाव के लिए विकसित किया गया है। हॉटलाइन क्लिनिंग सुविधा के साथ निरीक्षण कार ओएचइ रखरखाव में तटीय क्षेत्रों और पारादीप, धमारा, तालचेर और गोपालपुर जैसे कोयला और लौह अयस्क यातायात से निपटने वाले क्षेत्रों में एक गेम चेंजर साबित होगी। आमतौर पर इन क्षेत्रों में खारे पानी की धूल जमा होने के




कारण ओएचई इंसुलेटर प्रभावित हो जाते हैं और इंसुलेटर पर उन जमाओं की नियमित सफाई की आवश्यकता होती है। वर्तमान में ओएचई इंसुलेटर की सफाई के लिए पावर ब्लॉक की आवश्यकता होती है और इस प्रकार ट्रैफिक संचालन बाधित होता है। परंतु अब हॉटलाइन सफाई सुविधा के साथ निरीक्षण कार, ओएचई को बिना स्वीच ऑफ से इंसुलेटर की सफाई में मदद कर सकती है, फलस्वरूप यातायात संचालन बाधित नहीं होगी। खोरधारोड मंडल के इलेक्ट्रिकल (ट्रैक्शन) विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा ओएचई इंसुलेटर की लाइव क्लिनिंग के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की अवधारणा, डिजाइन, निर्माण और इन-हाउस प्रारंभ किया गया है। हॉटलाइन पर क्लिनिंग कार्य के लिए पहले संबंधित कर्मचारियों को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, बेंगलुरु द्वारा प्रशिक्षित किया गया। रेलवे कर्मचारियों को इस तरह का प्रशिक्षण देना भारतीय रेलवे में यह प्रथम है। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने खोरधारोड मंडल में इस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने की पहल के लिए पीके प्रधान, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) के नेतृत्व में विद्युत (टीआरडी) विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को बधाई दी।

## दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए 4 दिसंबर को होगा मतदान, 7 को आयेगा परिणाम

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 के लिए चार दिसंबर को मतदान होगा और सात दिसंबर को इसका परिणाम घोषित कर दिया जायेगा। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त विजय सिंह देव ने शुक्रवार शाम को चुनाव की तारीख का ऐलान किया। इसके साथ ही दिल्ली में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गयी है। दिल्ली नगर निगम के ताजा परिसीमन के मुताबिक इस बार 250 सीटों पर मतदान होगा। दिल्ली नगर निगम के एकीकरण के बाद 272 की जगह 250 वार्ड हो गये हैं। लंबे समय के इंतजार के बाद शुक्रवार शाम को दिल्ली नगर निगम के चुनाव 2022 की घोषणा हुई। 7 नवंबर को शुरू होगा नामांकन और 14 नवंबर अंतिम तारीख है। 250 वार्ड में से 104 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। एस की 42 सीटें आरक्षित हैं, जिनमें 21 महिला और 21 पुरुष सीटें हैं। चुनाव के लिए कुल 13635 मतदान केंद्र होंगे।

## पूर्व तट रेलवे ने छात्रों को किया सम्मानित




सतर्कता बुलेटिन जारी करते अपर महाप्रबंधक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न स्कूलों के छात्रों को आज पूर्व तट रेलवे मुख्यालय भुवनेश्वर में एक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। इन छात्रों को सुरक्षा जागरूकता सप्ताह-2022 के दौरान निबंध, बितर्क और ड्राइंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह-2022 के अवसर पर आर राजा गोपाल मुख्य यांत्रिक इंजीनियर और कार्यवाहक अतिरिक्त महासचिव पूर्व तट रेलवे ने इस अवसर पर भाग लिया और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्रों को पुरस्कार वितरित किये। स्कूलों के छात्रों और रेलवे कर्मचारियों के बच्चों सहित कुल 60 छात्रों को पुरस्कार दिये गये। इस अवसर पर वाल्टेयर डिवीजन के रेलवे कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार और दैनिक जीवन में उनके प्रभाव पर एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक द्वारा सतर्कता बुलेटिन भी जारी किया गया है। पूर्व तट रेलवे के संजय कुमार महापात्र मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक समारोह का संचालन किया।

# कैच के नये कैंपेन 'क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता' में अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** डीएस समूह के अंग, डीएस स्पाइसको द्वारा कैच सॉल्ट्स एंड स्पाइसेस के लिए लॉन्च किये गये एक नये कैंपेन में बॉलीवुड के कलाकार अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर नजर आयेंगे। इस नये कैंपेन में कैच की नयी पोजिशनिंग 'क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता' पर जोर दिया गया है। इस कैंपेन की परिकल्पना डेंट्सू क्रिएटिव ने की है और इसमें दिखाया गया है कि खाना कई सारी चीजों से मिल कर बनता है- उनमें यादें होती हैं, रिश्ते होते हैं, परंपराएं और मूल्य होते हैं। इस तरह यह कैंपेन ब्रांड को उपभोक्ता की रोज की जिंदगी के और भी करीब लाने की कोशिश कर रहा है।

इस नये कैंपेन में अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर इसी अवधारणा को खूबसूरती से पेश करते हुए नजर आयेंगे। यह कैंपेन आगे इस बात पर भी जोर देता है कि खाना यानी भोजन एक भाषा है, जिसका इस्तेमाल अलग-अलग भावनाओं का इजहार करने के लिए किया जाता है।

अक्षय कुमार कहते हैं कि हम भारतीय सिर्फ खाने का मजा नहीं



लेते, बल्कि उसे जीते हैं। मैं कैच सॉल्ट्स एंड स्पाइसेस और इसके नये कैंपेन का हिस्सा बन कर बहुत खुश हूं। मेरे लिए खाने की भूमिका मेरे जीवन में प्रधान रही है। इस भावना को परदे पर निभाना मेरे लिए खुशी की बात है।

इस मौके पर भूमि पेडनेकर ने कहा कि कैच सॉल्ट्स एंड स्पाइसेस अपने उत्पादों की बड़ी श्रृंखला के साथ एक घरेलू नाम बन चुका है। किसी के दिल तक पहुंचने का रास्ता, खाने से होकर जाता है और इसलिए यह बात क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता की सोच को और भी मजबूत करती है।

इस कैंपेन के बारे में संदीप घोष, बिजनेस हेड डीएस स्पाइसको प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि मसाले भारतीय भोजन की जान हैं। एक ब्रांड के तौर पर हम मसालों की अपनी रेंज के साथ ग्राहकों के किचन पर राज करना चाहते हैं। यह नया कैंपेन खाने के साथ होने वाली ग्राहकों की बातचीत की अलग-अलग बारीकियों को सामने लेकर आयेगा।

इस कैंपेन के पीछे की सोच के बारे में अजय गहलोत, ग्रुप चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, डेंट्सू क्रिएटिव ने कहा कि हमारे लिये खाना शरीर को ताकत देने से कहीं बढ़ कर होता है। खाने की मदद से हमें खुद को अभिव्यक्त करने और यह दिखाने में मदद मिलती है कि हम एक-दूसरे की कितनी परवाह करते हैं। खाने के दौरान रिश्ते कैसे बनते हैं और बात कैसे आगे बढ़ती है, यह उस बारे में है और यही इस कैंपेन के पीछे की सोच है। मैं इसे परदे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

अजीत देवराज, प्रेसिडेंट, डेंट्सू क्रिएटिव नॉर्थ का कहना है कि कैच सॉल्ट्स एंड स्पाइसेस एक प्रगतिशील ब्रांड है, जोकि अपनी प्रीमियम क्वालिटी और अपने उत्पादों की व्यापक श्रृंखला के लिए जाना जाता है। अब यह ब्रांड अपनी नयी पोजिशनिंग को अपनाने की कोशिश कर रहा है, जो खाने के साथ ग्राहकों के गहरे रिश्ते को दर्शाता है।

# 48वें कोल इंडिया स्थापना दिवस पर एमसीएल पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को सुरक्षा, सीएसआर, कल्याण और स्वच्छता में उत्कृष्ट योगदान के लिए 48वें कोल इंडिया स्थापना दिवस के अवसर पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोलकाता में आयोजित एक भव्य समारोह में माननीय केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के कर कमलों से एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक




(सीएमडी) ओपी सिंह ने उक्त पुरस्कार ग्रहण किया। कोयला उत्पादन में अहम योगदान के लिए जगन्नाथ क्षेत्र के महाप्रबंधक अशोक कुमार धल को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र महाप्रबंधक का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि मिहिर चंद्रा, महाप्रबंधक, एमसीएल मुख्यालय को सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष का पुरस्कार मिला।

## मोरबी हादसे में नगर पालिका अफसर सस्पेंड

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी शहर में में हुए पुल हादसे में चीफ फायर ऑफिसर संदीप सिंह झाला को लापरवाही के आरोप में शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। किसी सरकारी अधिकार के खिलाफ प्रशासन की यह पहला बड़ा एक्शन है। गुजरात पुलिस ने गुरुवार को मोरबी नगरपालिका के चीफ ऑफिसर झाला से 4 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। गुजरात पुलिस ने मोरबी पुल के रेनोवेशन की जिम्मेदारी दिए गए एग्रीमेंट को लेकर घड़ी निमार्ता कंपनी ओरेवा ग्रुप से स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले को लेकर मंगलवार को हुई सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि ब्रिज के रेनोवेशन की जिम्मेदारी जिस कांट्रैक्टर को दी गयी थी, वह इस तरह के काम कराने के योग्य नहीं हैं।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**